नई दिल्ली
सोमवार 12 जनवरी 2026
माघ मास कृष्ण पक्ष,
नवमी वर्ष : 29, अंक : 270
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 21.0
न्यून. 9.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राष्ट्रीय युवा दिवस आज




## वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने की पूजा- अर्चना और बोले

# भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा सोमनाथ को तोड़ने वाले इतिहास में रह गए


सोमनाथ मंदिर में उदबोधन के दौरान पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ राजकोट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गिर सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के हिस्से के तौर पर आयोजित एक प्रतीकात्मक यात्रा 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। शौर्य यात्रा साहस, बलिदान और उस अदम्य भावना का प्रतीक है, जिसने सदियों की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सोमनाथ की आस्था और गौरव को संरक्षित रखा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर रोड शो के दौरान जगह-जगह शिवभक्तों का जोश और उल्लास आनंद से भर देने वाला था। इसमें नारीशक्ति ▶▶ शेष पेज 5 पर

**भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रहीं**

- राजकोट में हो रहा वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन
- सोमनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना
- श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

*पीएम मोदी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत 'शौर्य यात्रा' में हिस्सा लिया*


कार्यक्रम के दौरान डमरू बजाते पीएम मोदी

**भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ईकोसिस्टम:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। एविएशन सेक्टर में भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है। मेट्रो विस्तार कमें भी भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है।

### कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है, वहीं जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन निर्माण में भी भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बन गया है। यूपीआई आज दुनिया का नंबर-1 रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन चुका है।

### भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था

पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। अब राजकोट में 'विकास भी विरासत भी', ये मंत्र हर तरफ गूंज रहा है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है। और भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

*दिग्गज बोले- 'प्रत्याघात' पढ़कर लगा कि लेखक मुक्तिबोध की धरती से आया है...*

## विश्व पुस्तक मेले में हुआ प्रसिद्ध लेखक ब्रह्मवीर सिंह के उपन्यास 'प्रत्याघात' का विमोचन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


'प्रत्याघात'...यह महज शब्द नहीं बल्कि उस बेहतरीन उपन्यास का वो शीर्षक शब्द है, जिसका रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडमप में विश्व पुस्तक मेले-2026 में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल द्वारा विमोचन किया गया है। उपन्यास हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक ब्रह्मवीर सिंह द्वारा रचित है। जो मूल रूप से इससे जुड़ी हुई उनकी पहली कृति 'बुत मरते नहीं' के दूसरे भाग के रूप में उसके आगे की कहानी बयां करता है। लोकार्पण समारोह में प्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ.सुनील जोगी, लेखक-कवि एवं दैनिक हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी और हरिभूमि ▶▶ शेष पेज 5 पर

***कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध लेखिका श्रीमती चित्रा मुद्गल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की रही मौजूदगी***




### प्रयास निरर्थक नहीं जाएगा: डॉ. द्विवेदी

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए हरिभूमि समाचारपत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ.हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि आज का यह आयोजन मेरे लिए निजी तौर पर प्रसन्नता का अवसर है। क्योंकि जैसाकि पहले ब्रह्मवीर जी कह रहे थे कि हमने कई अन्य पुस्तकें भी प्रकाशित की हैं, लेकिन यह उपन्यास उन सभी से कुछ अलग है। बतौर साहित्यकार के रूप में ब्रह्मवीर इस पुस्तक को लाने में सफल रहे हैं। हमने पूर्व में दो किताबों का लोकार्पण रायपुर में किया है। जिनकी वजह ये रही कि एक पत्रकार के तौर पर रायपुर में पिछले 15, 20 या 25 वर्षों में जो प्रतिष्ठा ब्रह्मवीर जी ने अर्जित की थी। उसे देखकर लगा कि संबंधित आयोजन रायपुर में ही होना चाहिए। पर इनकी निरंतरता, पत्रकारिता ▶▶ शेष पेज 5 पर



# शादी के बहाने महिलाओं से ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने एक ऐसे जालसाज व ठग को गिरफ्तार किया है जो मेट्रीमोनियल साइटों पर शादी की इच्छुक महिलाओं को अपने जाल में फंसाता था। बाद में विभिन्न बहानों से उनसे रकम हड़प फरार हो जाता था। इसकी पहचान दशमीत सिंह के रूप में हुई है। गत दिनों इसने एक महिला से 86,500 रुपये की धोखाधड़ी की थी।

एडिशनल सीपी भीष्म सिंह के अनुसार आरोपी दशमीत सिंह भोली-भाली महिलाओं को फंसाने के लिए शादी डॉट कॉम, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करता था। इसके पास से वह मोबाइल भी बरामद किया गया है जिसका इस्तेमाल इसने अपराध को अंजाम देने में किया था। 31 वर्षीय दशमीत सिंह पंजाब के राजपुरा का रहने वाला है। गत दिनों इसके खिलाफ शालीमार बाग की रहने वाली एक महिला ने ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर रकम हड़प ली थी। साइबर थाने में इसे लेकर 14 अक्टूबर 2025 को केस दर्ज हुआ था। इंस्पेक्टर दिनेश दहिया के नेतृत्व में एक टीम ने आरोपी का विवरण शादी डॉट कॉम और इंस्टाग्राम से प्राप्त किया। पैसे के लेन-देन की जांच और उससे जुड़े मोबाइल नंबर के जरिये पुलिस उसकी लोकेशन का पता लगाने में सफल रही और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे पैसों की जरूरत थी, क्योंकि उसके माता-पिता की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। इसने ठगी की रकम महंगी शराब खरीदने और पार्टियों पर खर्च की थी। आरोपी शुरू में दिल्ली के जनकपुरी में रहता था लेकिन बाद में राजपुरा, पंजाब चला गया था। पुलिस अब अन्य इसी तरह के मामलों और शिकायतों में इसकी संभावित संलिप्तता का पता लगाने के लिए आगे की जांच कर रही है।

## संगठित वाहन लोन धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़, तीन लोग अरेस्ट

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने संगठित वाहन लोन धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। वाहन लोन लेने के लिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके बड़े पैमाने पर बैंक लोन धोखाधड़ी करने वाले मुख्य सदस्य गिरफ्तार किये गये हैं। जांच में पता चला कि आरोपियों ने धोखाधड़ी से लोन लेकर वाहन खरीदे और बेईमानी की नीयत से उन्हें बेच दिया था। इन वाहनों में मर्सिडीज, ब्रेजा, अल्ट्रोज, स्कॉर्पियो-एन और टोयोटा हिलक्स शामिल है। पुलिस ने वाहनों को बरामद कर लिया है। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार गत माह इस रैकेट की जानकारी मिलने पर जांच शुरू की गई थी। जांच में पता चला कि लोन मिलने के बाद आरोपियों ने जानबूझकर भुगतान में डिफॉल्ट किया। वाहनों की ट्रैकिंग से बचने के लिए अलग-अलग राज्यों में उन्हें फिर से पंजीकृत करवाया गया। आगे की जांच में पता चला कि आरोपी अमन कुमार ने राहुल कपूर, श्याम सुंदर, राय कपूर आदि के नाम से जाली पहचान बनाकर कई व्यक्तियों का रूप धारण किया और उनके नाम पर बैंक खाते खोले व वाहन लोन लिए। आधार और पैन कार्ड के विश्लेषण से प्रतिरूपण की पुष्टि हुई, क्योंकि कई पहचानों में तस्वीरें आरोपी से मेल खाती थी। अमन के आवास पर छापा मारा गया। वहां से जाली दस्तावेज और वाहन से संबंधित रिकॉर्ड बरामद हुए। पकड़े गये आरोपियों में अमन कुमार, धीरज उर्फ आलोक उर्फ सिद्धार्थ और नरेश कुमार बताये गये हैं। एक तिलक नगर और अन्य दो नजफगढ़ के रहने वाले हैं। आरोपी अमन से तीन वाहन टाटा अल्ट्रोज, मारुति ब्रेजा, मर्सिडीज-बेंज बरामद हुये। धीरज से स्कॉर्पियो-एन और टोयोटा हिलक्स कार बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपियों की संख्या हुई18

# तुर्कमान गेट हिंसा मामले में दो और लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



तुर्कमान गेट इलाके में हुई पत्थरबाजी के मामले में रविवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके बाद गिरफ्तारी का आंकड़ा 18 हो गया है। कई लोगों को न्यायिक हिरासत में पहले ही भेजा जा चुका है। पुलिस हिंसा से संबंधित वीडियो की लगातार जांच कर रही है। आने वाले दिनों में कुछ और लोगों के गिरफ्तार होने का अंदेशा है।

दिल्ली पुलिस के अनुसार अभी तक गिरफ्तार किये गये लोगों में मोहम्मद नावेद (44), मोहम्मद फैज (20), मोहम्मद उबैदुल्लाह (23), मोहम्मद आरिब (25), मोहम्मद काशिफ (25), मोहम्मद कैफ (23), मोहम्मद अदनान (37), समीर हुसैन (40), मोहम्मद अतहर (20), शहनवाज आलम (55), मोहम्मद इमरान (28), मोहम्मद इमरान उर्फ राजू (36), मोहम्मद अफ्फान (20), मोहम्मद आदिल (20), मोहम्मद आमिर हमजा (22), मोहम्मद उबैदुल्लाह (26), फहीम (30) और मोहम्मद शहजाद (29) शामिल हैं। तुर्कमान गेट के संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को भी सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह सुरक्षा व्यवस्था कुछ और दिनों तक रह सकती है। इलाके पर कड़ी नजर रखने के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से व्यापक निगरानी की जा रही है। हालांकि हिंसा के बाद से ही स्थिति शांतिपूर्ण है। लेकिन पुलिस किसी भी प्रकार का कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। सोशल मीडिया मंचों की भी लगातार निगरानी की जा रही है। संदिग्धों की धरपकड़ के लिये हिंसा वाले दिन के जितने भी वीडियो सामने आये थे उनकी जांच की जा रही है ताकि आरोपियों को पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकें। गौरतलब है कि रामलीला मैदान क्षेत्र में स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास छह और सात जनवरी की दरम्यानी रात को अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा हो गई थी। इस दौरान कई लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर और कांच की बोतलें फेंकी थीं, जिसमें क्षेत्र के थाना प्रभारी समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया और आंसू गैस के गोले तक छोड़ने पड़े थे। बाद में पता चला कि तनाव फैलने की वजह सोशल मीडिया की एक पोस्ट थी जिसमें दावा किया गया था कि तुर्कमान गेट के सामने स्थित मस्जिद को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तोड़ा जा रहा है। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग वहां इकट्ठा हो गये थे।

# पुस्तक मेले और जू की भीड़ से भैरो मार्ग पर लगा भीषण जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रगति मैदान में चल रहे विश्व पुस्तक मेले और चिड़ियाघर में उमड़ी भीड़ के कारण भैरो मार्ग व मथुरा रोड पर रविवार को भीषण जाम लगा। इसकी वजह से इंडिया गेट सर्किल समेत नई दिल्ली के कई इलाके प्रभावित हुये। जाम के हालात सुबह से दोपहर करीब पांच घंटे तक बने रहे, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मिली सूचना के अनुसार भैरो मार्ग से लेकर इंडिया गेट सर्कल में वाहन रेंगते हुए नजर आए। ट्रैफिक पुलिस कंट्रोल रूम को 40 से अधिक जाम से संबंधित कॉल्स मिली। मथुरा रोड से जाम की शुरुआत हुई और देखते ही देखते आसपास के इंडिया गेट सर्कल तक जाम का झाम फैल गया। हालांकि ट्रैफिक पुलिस ने बुक फेयर को ध्यान में रखते हुए पहले से ही ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की गई थी। लेकिन इसके बावजूद हालात बिगड़ गये। इसका एक कारण बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अपनी गाड़ियां सड़क किनारे खड़ी करना भी बना, जिससे लेन संकरी हो गई और ट्रैफिक का दबाव बढ़ता चला गया। आइटीओ, दिल्ली गेट, मंडी हाउस, लक्ष्मी नगर, मूलचंद और हजरत निजामुद्दीन इलाकों में भी ट्रैफिक जाम से लोग हलकान रहे।

# एमसीडी ने कई जोनों में चलाया विशेष स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ नरेला, करोल बाग और सेंट्रल ज़ोन में विभिन्न विभागों का रहा सहयोग

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कचरा हटाने और धूल प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से विभिन्न ज़ोन में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किए। नरेला जोन के उपायुक्त राजीव सिंह के नेतृत्व में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलाया गया। अभियान के दौरान बवाना स्थित सुभाष कॉलोनी में कई किलोमीटर क्षेत्र में व्यापक सफाई कार्य किया गया। अभियान के दौरान नरेला जोन के सभी एमसीडी विभागों ने सहभागिता निभाई। वहीं, करोल बाग ज़ोन में बुध मंदिर रोड नंबर-3, हरिदयन सिंह रोड, वार्ड नंबर-84 में एक गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान लगभग 2 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ था तथा इसे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के समन्वय से संपन्न किया गया। इसके अलावा सेंट्रल ज़ोन में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

# यौन उत्पीड़न मामले में पांच साल से फरार आरोपी दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की एंटी-रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (एआरएससी) टीम ने यौन उत्पीड़न के केस में पांच साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। रणहौला थाने में 2021 में केस दर्ज होने के बाद से आरोपी सुमित मिश्रा (34) फरार चल रहा था। बाद में कोर्ट ने इसे भगौड़ा अपराधी भी घोषित कर दिया था। फरारी के दौरान आरोपी हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग पहचान के जरिये रहा।

पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी इंस्पेक्टर मंगेश त्यागी और रॉबिन त्यागी के नेतृत्व वाली टीम द्वारा की गई। 7 मार्च 2021 को दिल्ली सरकार द्वारा संचालित एक मोहल्ला क्लिनिक में काम करने वाली ग्रेजुएट महिला ने रणहौला थाने में एक शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप लगाया गया कि वह सिविल डिफेंस की नौकरी के लिए एक फॉर्म भरने के लिए आरोपी सुमित मिश्रा की दुकान पर गई थी। उक्त मुलाकात के दौरान आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर नोट कर लिया और बाद में दस्तावेज देने के बहाने उससे संपर्क किया। स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया और उसे गर्भवती भी कर दिया। आगे आरोप लगाया गया कि आरोपी ने पीड़िता के न्यूड वीडियो बनाए और उन वीडियो को उसके पिता, भाई और परिवार के अन्य सदस्यों को भेजा। उसे धमकी दी गई और मानसिक रूप से परेशान किया गया। जांच के दौरान नोटिस जारी करने और बार-बार कोशिशों के बावजूद आरोपी को स्थानीय पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई थी। 9 जनवरी को इसे हरिद्वार, उत्तराखंड के बाहरी इलाके में ट्रेस किया गया था। लेकिन आरोपी स्थानीय लोगों की मदद से फरार होने में सफल रहा। 10 जनवरी को इसे आउटर दिल्ली इलाके में दोबारा ट्रेस किया और सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार 2022 में हरियाणा के सोनीपत जिले के बरोदा में इसके छिपे होने की सूचना पर स्पेशल स्टाफ, आउटर डिस्ट्रिक्ट की एक टीम द्वारा रेड की गई थी। ऑपरेशन के दौरान आरोपी भाग गया था और इसके साथियों ने पुलिस टीम पर हमला किया था।

## विश्व पुस्तक मेले में पूनिया की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में रविवार को भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया की पुस्तक 'अग्निपथ नहीं जनपथ' के पांचवें संस्करण का विमोचन किया गया। जयपुर के वेरा प्रकाशन से प्रकाशित यह पुस्तक वर्ष 2018 से 2023 तक सतीश पूनियां के विधायक कार्यकाल के अनुभवों पर आधारित है, जिसमें विधानसभा की कार्यप्रणाली, जनहित के मुद्दे, धर्मांतरण को लेकर प्राइवेट मेंबर बिल, युवाओं एवं किसानों के मुद्दे, केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कोरोनाकाल में किये गये शानदार कार्य एवं तत्कालीन कांग्रेस सरकार के अंतर्द्वंद्व एवँ जनविरोधी नीतियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है।

कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभा संवाद का केंद्र होती है, यह पुस्तक युवा पीढ़ी और राजनीति में आने वाले युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

नेशनल बुक ट्रस्ट (एनबीटी) के चेयरमैन प्रो. मिलिंद सुधाकर मराठे ने कहा कि पहली पुस्तक का कुछ ही महीनों में पांचवें संस्करण तक पहुंचना उनके लिखे शब्दों की स्वीकृति है। डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि यह पुस्तक के माध्यम से आम नागरिक और जनप्रतिनिधि यह समझ सकते हैं कि विधानसभा में जनहित के मुद्दों को किस प्रकार उठाया जाता है और जनता की बात को प्रभावी ढंग से कैसे रखा जाता है।

कार्यक्रम में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनव प्रकाश, भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल, वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज के निदेशक डॉ. नरेंद्र चौधरी, दिल्ली यूनिवर्सिटी पूर्व अध्यक्ष अक्षत दहिया, भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय पदाधिकारी लतिका शर्मा, नीतू डबास, प्रो. भरत सिंह, प्रो. राजेंद्र बेनीवाल, प्रो. बीएल चौधरी, हरियाणा भाजपा मीडिया संयोजक अरविंद सैनी सहित लेखकों और शिक्षाविदों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

# चोरों ने काटी मेट्रो की केबल, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर घंटो बाधित रही सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अति सुरक्षित कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर रविवार को चोरों ने बिजली की तारों को काट दिया, जिससे कई घंटे सेवाएं बाधित रही। इस बारे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन अनुज दयाल ने बताया कि यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25 से नई दिल्ली तक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ट्रेन सेवाएं सुबह से रेगुलेट की जा रही हैं। क्योंकि धौला कुआं मेट्रो स्टेशन और शिवाजी स्टेडियम स्टेशन के बीच के हिस्से में बदमाशों ने लगभग 800 मीटर सिग्नलिंग केबल चुरा लिए और उन्हें नुकसान पहुंचाया। दयाल ने बताया कि हालांकि चोरी की कोशिश के दौरान केबल काट दिए गए थे, लेकिन चोर कटे हुए केबल के टुकड़े साथ नहीं ले जा पाए, जो जांच के दौरान मेट्रो पिलर नंबर-09 के पास पड़े मिले हैं। उन्होंने बताया कि केबल चोरी से सिग्नलिंग सिस्टम खराब हो गया, और नई दिल्ली की तरफ अप लाइन पर धौला कुआं और शिवाजी स्टेडियम स्टेशनों के बीच प्रभावित खंड में ट्रेनें 25 किमी प्रति घंटे की सीमित गति से चलाई। इस दौरान एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के बाकी हिस्सों पर मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से चलती रही। दयाल ने कहा कि एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर हर 10 मिनट में ट्रेनें चलती रही। काटी गई इन सिग्नलिंग केबलों को बदलना रेवेन्यू घंटों के दौरान यात्री सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालती इसलिए इन्हें रात के समय ठीक किया जाएगा। रात में किए जाने वाले कार्य के लिए ज़रूरी प्लानिंग और तैयारी का काम दिन के समय किया गया, जिससे की रात को मरम्मत सही और समय पर पूरी हो जाए। उन्होंने कहा कि खराबी की जानकारी मिलने के बाद मेट्रो में यात्रियों को सूचित करने के लिए एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर नियमित घोषणाएं की गई। वहीं यात्रियों को सलाह दी गई कि वे अपनी यात्रा की योजना खराबी के चलते बाधित सेवाओं के अनुसार बनाएं। उन्होंने बताया कि डीएमआरसी केबल चोरी की ऐसी घटनाओं के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए गहरा खेद व्यक्त करता है। ऐसी बार-बार होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए डीएमआरसी कानून और व्यवस्था मशीनरी के संपर्क में भी है, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सका। बता दें कि मेट्रो की केबल काटने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार चोरों ने मेट्रो की सुरक्षा व्यवस्था का धत्ता बताकर केबल पर हाथ साफ किया है। बावजूद इसके डीएमआरसी अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कामयाबी प्राप्त करती नजर नहीं आ रही है।

## डिजिटल अरेस्ट कर एनआरआई दंपति से करीब 15 करोड़ की ठगी

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के सीआर पार्क थाना इलाके में रहने वाले एनआरआई डॉक्टर दंपति से साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट कर 14.80 करोड़ की ठगी को अंजाम दिया। ठगों ने फर्जी ट्राई और आईपीएस अधिकारी बनकर महिला को 18 दिन डिजिटल अरेस्ट रखा। 24 दिसंबर से 10 जनवरी के बीच आठ किश्तों में रकम ट्रांसफर करवाई गई। स्पेशल सेल की आईएफएसओ यूनिट आगे केस की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 में रहती है। 77 वर्षीय एनआरआइ महिला व उनके पति को 10 जनवरी की सुबह ठगी का एहसास हुआ, तब उन्होंने इसकी सूचना 1930 पर दी। इसके बाद सीआर पार्क थाना पुलिस ने इस मामले में एफआइआर दर्ज की है। शिकायतकर्ता महिला इंद्रा तनेजा और उनके पति ओम तनेजा दोनों अमेरिकी सरकार में कार्यरत थे। ये दोनों वर्ष 2015-2016 के दौरान सेवानिवृत्त होकर भारत आ गए थे। इंद्रा तनेजा ने दी शिकायत में बताया कि उनके पास 24 दिसंबर 2025 को एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) का अधिकारी बताया। उसने महिला को डराते हुए कहा कि उनका मोबाइल नंबर आपत्तिजनक और अभद्र कॉल में इस्तेमाल किया गया है। फोन करने वाले ने कहा कि उनके बैंक खातों में जो पैसा पड़ा है, वह काला धन है। उनके खातों की निगरानी से पता चला है कि उनकी गतिविधियां मनी लानड्रिंग जैसी गतिविधियों में भी संलिप्त हैं। फोन करने वाले व्यक्ति ने उनके फोन को कथित तौर पर मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन से जोड़ा गया, जहां एक अधिकारी ने खुद को आइपीएस बताया और उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाकर अलग-अलग बैंक खातों में आरटीजीएस के जरिए आठ बार में करीब 14.85 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए।

भारी वाहनों की आवाजाही से बढ़ रही दुर्घटना की आशंका

# पंजाबी बाग गोल चक्कर के पास ट्रांसपोर्ट सेंटर गेट पर गड्ढा बन रहा खतरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के पंजाबी बाग गोल चक्कर के समीप ट्रांसपोर्ट सेंटर के प्रवेश द्वार के सामने कुछ माह पहले दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा नई सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क का निर्माण बेहद गुणवत्तापूर्ण था, लेकिन विभागीय तालमेल की कमी के चलते सड़क पर दिल्ली जल बोर्ड की लाइन लीकेज हो गई और धीरे धीरे गहरा गड्ढा बन रहा है। लोगों का कहना है कि दिल्ली सरकार विभागीय तालमेल मामले में दावा जरूरी करती है लेकिन जमीनी हालात देखते हुए यह दावा अब खुद सवालों के घेरे में आ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क निर्माण के कुछ समय बाद ही इसी स्थान पर दिल्ली जल बोर्ड की पानी की लाइन में लीकेज हो गया। लगातार रिसाव के कारण नई बनी सड़क धीरे-धीरे धंसने लगी और अब वहां गहरा गड्ढा बनता जा रहा है।

### पुल से उतरते ही साफ नजर आता है गड्ढा

बता दें कि यह स्थान ब्रिटानिया चौक से पंजाबी बाग की ओर आने वाले प्रमुख मार्ग के पुल से उतरते ही ठीक नीचे है, जहां उतरते ही यह गड्ढा साफ नजर आता है। यह इलाका इसलिए भी संवेदनशील है क्योंकि ट्रांसपोर्ट सेंटर से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी वाहनों का आवागमन होता है। ऐसे में सड़क धंसने की स्थिति किसी भी समय बड़े हादसे को दावत दे सकती है।

### जुगाड़ से बनी छोटी नाली स्थायी समाधान नहीं

हालांकि यहां की दयनीय हो रही स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए अस्थायी तौर पर लीकेज वाली लाइन से पानी की निकासी के लिए किसी ने जुगाड़ से एक छोटी नाली बना दी है, ताकि सड़क पर पानी जमा न हो। लेकिन लोगों का कहना है कि यह स्थायी समाधान नहीं है। स्थानीय निवासियों ने सवाल उठाया है कि अगर लोक निर्माण विभाग और जल बोर्ड के बीच बेहतर तालमेल होता, तो नई सड़क इतनी जल्दी खराब होने से बच सकती थी। लोगों ने संबंधित विभागों से जल्द से जल्द लीकेज ठीक कर सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले समस्या का समाधान हो सके।

## केजरीवाल सरकार में प्रदूषण पर करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट ना चढ़ते तो हालात ऐसे न होते: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी पर जिम्मेदारी का ठीकरा फोड़ते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में प्रदूषण पर खर्च करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार की भेंट ना चढते तो हालात ऐसे नहीं होते। यादव ने आरोप लगाया कि आप पार्टी की तरह ही सत्ता में आई भाजपा भी कुछ नहीं कर रही, इसलिए दिल्ली वालों को दमघोटू प्रदूषण झेलना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल व भाजपा सरकार के दौरान प्रदूषण पर खर्च हुए करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार की जांच होनी चाहिए। करोंड़ों की राशि का गबन करने वाले दोषियों को सजा भी मिलनी चाहिए। यादव ने कहा कि क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) को लेकर दिल्ली कांग्रेस द्वारा पर्यावरण विभाग और आईआईटी कानपुर में हुए अनुबंध में कितनी राशि किस मद में खर्च हुई के बारे में आरटीआई में जवाब देने से साफ इंकार कर दिया है। आरटीआई का जवाब नहीं देना दर्शाता है कि कहीं न कहीं क्लाउड सीडिंग में भ्रष्टाचार भी छिपा है, जिसकी जांच होनी चाहिए। यादव ने कहा कि आप और बीजेपी दोनो पार्टियों की सरकारों के राजनीतिक स्वार्थ का ही परिणाम है कि 2017 से अब तक लगातार विश्व में दिल्ली सबसे अधिक जहरीली हवा वाली राजधानी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पॉलूशन कंट्रोल कमेटी की जानकारी के अनुसार 2017 से अक्टूबर 2025 तक दिल्ली में प्रदूषण पर 53 हजार 52 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके है। ऐसे में अहम सवाल है कि इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बाद भी दिल्ली के प्रदूषण में सुधार की दिशा में 1 प्रतिशत भी सुधार दिखाई नही देता क्यों। क्या लाखों करोड़ की राशि भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई, इसकी जांच होनी चाहिए। वर्ष 2024-25 में 858 करोड़ रुपये के बजट का 1 प्रतिशत से कम इस्तेमाल हुआ। यही हाल दिल्ली का है यहां योजनाओं को समय पर लागू न करके आवंटित बजट के मुकाबले खर्च बहुत कम हुआ। दिल्ली सरकार के 2025-26 के बजट में प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण पर पर 1885 करोड़ आवंटित किए गए लेकिन प्रदूषण नियंत्रण उपायों के लिए मात्र 300 करोड़ रुपये खर्च किए और 506 करोड़ रुपये वृक्षारोपण के लिए खर्च हुए। जबकि यमुना सफाई के लिए 750 करोड़ रूपए ही खर्च हुए। यादव ने कहा कि 1885 करोड़ का बजट आवंटित होने के बावजूद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कोई ठोस कार्य योजना बनाकर दिल्ली का प्रदूषण कम करने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर दिल्ली के युवाओं से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात

# संवाद, सहयोग और संकल्प से ही पूरा होगा विकसित दिल्ली का सपना: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



विकसित दिल्ली की रीढ़ युवा है, संवाद, सहयोग और संकल्प से ही विकसित दिल्ली का सपना पूरा होगा। यह बात दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित दिल्ली के युवाओं के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम 'लंच विद रेखा गुप्ता' में कही। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने युवाओं के विचार, सुझाव और आकांक्षाओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा विकसित दिल्ली के निर्माण में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने पिछले 11 महीनों के अपने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए 'विकसित दिल्ली' का खाका भी उनके सामने रखा। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 12 जनवरी, स्वामी विवेकानंद की जयंती, युवाओं की ऊर्जा और विचारों का प्रतीक है। इसी भावना के अनुरूप उन्होंने युवाओं से लगातार संवाद, दिल्ली और देश को बेहतर बनाने की दिशा में शिकायत, सुझाव और समाधान देते रहने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से युवाओं के साथ बीते 11 वर्षों की नीतियों, वर्तमान सरकार के 11 माह के कार्यों और आगामी 11 वर्षों के विकास दृष्टिकोण पर खुला संवाद किया गया। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे बीते 11 माह में दिल्ली सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर अपने विचार रखें, प्रश्न पूछें तथा उन क्षेत्रों की ओर भी ध्यान आकर्षित करें जहां पूर्व वर्षों में अपेक्षित कार्य नहीं हुए। साथ ही, युवाओं से यह साझा करने का आह्वान किया गया कि वे अगले 11 वर्षों में दिल्ली को किस रूप में विकसित देखना चाहते हैं। चर्चा के दौरान दिल्ली के युवा प्रफुल्ल गर्ग ने मुख्यमंत्री से दिल्ली की सबसे बड़ी समस्या- गाजीपुर, भलस्वा और ओखला के कूड़े के पहाड़ों पर सवाल किए। मुख्यमंत्री ने उनके बारे में विस्तार से बताया और कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन 10-11 हजार मीट्रिक टन कूड़ा निकलता है। पहले बायो-माइनिंग की क्षमता सीमित थी। दिल्ली में उनकी सरकार बनने के बाद ड्रोन सर्वे, टाइम-बाउंड डेडलाइंस और मशीनरी विस्तार के जरिए बायो-माइनिंग क्षमता को तीन गुना बढ़ाकर 30-35 हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन कर दिया है। कूड़े के पहाड़ों से मुक्त हुई लगभग 45 एकड़ भूमि पर बांस के पौधे लगाए गए हैं, जो न केवल ऑक्सीजन के बड़े स्रोत हैं बल्कि मिट्टी की पकड़ भी मजबूत करते हैं।

#### चर्चा के दौरान युवाओं ने सीएम से सवाल भी पूछे

चर्चा के दौरान हरतीरथ सिंह अहलूवालिया ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से स्ट्रीट डॉग्स और पशु कल्याण से जुड़े सवाल भी पूछे। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ईश्वर के हर जीव को इस धरती पर रहने का अधिकार है। दिल्ली सरकार पशुओं के प्रति किसी भी तरह की क्रूर नीति में विश्वास नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के तहत ही कार्य हो रहा है। सरकार ने 17 पशु चिकित्सालयों को पुनर्जीवित करने, स्टाफ और सुविधाएं बढ़ाने तथा स्टेरलाइजेशन व वैक्सीनेशन के लिए एनजीओ के साथ साझेदारी की है ताकि पशुओं और समाज के बीच सामंजस्य बना रहे। युवाओं द्वारा सिविक सेंस पर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवहार और जिम्मेदारी का भाव बचपन से विकसित होता है। इसी सोच के तहत दिल्ली सरकार ने पाठ्यक्रम में 'साइंस ऑफ लिविंग' और 'राष्ट्रनीति' जैसे नए मॉड्यूल शामिल किए हैं, ताकि बच्चों में देश, समाज और सार्वजनिक संपत्ति के प्रति जिम्मेदारी विकसित हो।

## जलभराव से दिल्ली को मिलेगी स्थायी मुक्ति : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली को जलभराव से स्थायी मुक्ति देने के लिए दिल्ली सरकार 4 बड़े ट्रंक ड्रेनों का निर्माण कर रही है जिनका काम तेजी से चल रहा है। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि इस योजना के तहत दिल्ली के चार बड़े नालों- मुंडका हॉल्ट-सप्लीमेंट्री ड्रेन, एमबी रोड स्टॉर्म वॉटर ड्रेन, किराड़ी-रिठाला ट्रंक ड्रेन और रोहतक रोड (एनएच-10) स्थित स्टॉर्म वॉटर ड्रेन को 'ड्रेनेज मास्टर प्लान' के तहत अहम घटक के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बताया कि 1970 के दशक में दिल्ली के सीवर सिस्टम व जल निकासी को लेकर 'ड्रेनेज मास्टर प्लान' बनाया गया था। बढ़ती आबादी और तेज निर्माण गतिविधियों के बावजूद इस मास्टर प्लान में अपेक्षित बदलाव नहीं हो पाए, जिससे जल निकासी की स्थिति लगातार गंभीर होती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दिल्ली की भौगोलिक स्थिति, जलभराव व आबादी के दबाव को ध्यान में रखते हुए प्रभावी परिवर्तन किए हैं और उसी हिसाब से नालों आदि का निर्माण किया जा रहा है, ताकि भविष्य में देश की राजधानी को जलभराव व उससे जुड़ी समस्याओं का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री का मानना है कि किसी भी महानगर की वास्तविक पहचान उसकी मजबूत, वैज्ञानिक और दूरगामी जल-निकासी व्यवस्था से होती है। इसी सोच के तहत दिल्ली सरकार ने राजधानी के उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी है, जहां वर्षों से जलभराव, ओवरलोडेड सीवर लाइनों व अन्य समस्याओं के कारण आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ती रही है। अब दिल्लीवासियों को इससे निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री कहना है कि दिल्ली का 'ड्रेनेज मास्टर प्लान' राजधानी के बढ़ते शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और जनसंख्या दबाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### सरकार बेहतर कनेक्टिविटी, आधुनिक सुविधाओं और खेलों के जरिये दिल्ली देहात की बदलेगी सूरत : इंद्राज

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात पूर्ववर्ती सरकार के 11 वर्षों में विकास की दौड़ में पीछे रह गया है, लेकिन अब सरकार ठोस नीति, बेहतर कनेक्टिविटी और खेलों के माध्यम से दिल्ली देहात की सूरत बदलने की योजनाओं पर काम कर रही है। यह बात समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मीडिया से संवाद के दौरान कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात का विकसित दिल्ली लक्ष्य में अहम योगदान होगा। मंत्री इंद्राज ने बताया कि बवाना के पूंठ कलां में 7 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से नया सामुदायिक केंद्र भवन बनेगा एवं अन्य विकास कार्य होंगे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के उलट पिछले 11 माह में दिल्ली की कार्य संस्कृति में ऐतिहासिक बदलाव आया है। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तक आम दिल्लीवासी और जनप्रतिनिधियों की सीधी पहुंच है, जो सुशासन का प्रमाण है। इंद्राज ने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड के बाद बसों और मेट्रो के विस्तार का लाभ भी दिल्ली देहात क्षेत्र को मिलेगा, जिससे आवागमन सुगम होगा और नए अवसर सृजित होंगे। सरकार का उद्देश्य है कि दिल्ली देहात के हर कोने में लास्ट माइल कनेक्टिविटी हो। उन्होंने कहा कि पोषण के लिए अटल कैंटीन, इलाज के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लाभ देहात क्षेत्र एवं जेजे कॉलोनी को भी मिल रहा है। इन क्षेत्रों में बुनियादी विकास के लिए 700 करोड़ रुपये की योजनाओं के अलावा एससी बस्ती सुधार योजना का लाभ भी मिल रहा है। मंत्री इंद्राज ने कहा कि दिल्ली ग्रामीण विकास बोर्ड को पुनर्जीवित कर 1715 करोड़ रुपये की 776 विकास परियोजनाओं पर कार्य होंगे। मंत्री इंद्राज ने बवाना स्टेडियम में आयोजित दिल्ली मास्टर्स एथलेटिक्स मीट के अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह भी बढ़ाया।

### प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 67वीं पुण्यतिथि सेवा केंद्रों ने किया शांति दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर के ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्रों द्वारा रविवार को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में विश्व शांति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साकार संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की 67वीं पुण्यतिथि पर किया गया। इस अवसर पर नौसेना के पूर्व उप प्रमुख रियर एडमिरल सतीश घोरमडे ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा नारी सशक्तिकरण की मशाल लेकर चले थे। यह नारी सशक्तिकरण की अद्वितीय मिशाल है, ऐसे सर्व गुणों के दिव्य मूर्ति, त्याग मूर्त ब्रह्मा बाबा थे। गहन योग अनुभूति कराने के साथ-साथ उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। एक परमात्मा के साथ सर्व संबंध जोड़ एक की ही श्रीमत पर चलकर ब्रह्मा बाबा ने 18 जनवरी 1969 को संपूर्ण फरिश्ता पद प्राप्त किया और अनेकों ब्रह्मावत्सों के प्रेरणा स्रोत बन गए। घोरमडे ने कहा कि उनका जीवन सभी मनुष्य आत्माओं को विश्व बंधुत्व का संदेश देता है तथा आध्यात्मिकता के पद को अंगीकार करने की प्रेरणा देता है। घोरमडे के अलावा इस अवसर पर वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी बीके आशा, महामंडलेश्वर स्वामी श्री श्री 108 हेमंतानंद पशुपति जी महाराज, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शुक्ला दीदी, अतिरिक्त सचिव यूपीएससी राजीव कुमार, जीएसटी कमिश्नर दिनेश कुमार, पूर्व विंग कमांडर बी के मेहता, पूर्व सेना अधिकारी बी के जगरूप सहित अन्य मौजूद थे। बी के आशा ने कहा कि एक साधारण मनुष्य भी फरिश्ता और देवता बन सकता है आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा।

### दिल्ली में और गिरा पारा, आया नगर में न्यूनतम पारा 2.9 डिग्री सेल्सियस, आज भी राहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार चौथे दिन पारे में गिरावट दर्ज हुई है। सबसे कम न्यूनतम तापमान दिल्ली के आया नगर में 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि पालम में न्यूनतम पारा 3 डिग्री सेल्सियस, रिज क्षेत्र में 3.7 डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लेकिन दिल्ली का औसत न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.6 डिग्री सेल्सियस नीचे है। यानी दिल्ली वाले इन दिनों कड़ाके की ठंड की मार झेल रहे है। जबकि दिन के समय अधिकतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के औसत तापमान से 1.1 डिग्री सेल्सियस नीचे है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने पहले ही कड़ाके की ठंड को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के अनुसार रविवार की सुबह इस सीजन की सबसे ज्यादा सर्द रही। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले दो दिनों में मौसम की स्थिति और खराब हो सकती है, क्योंकि तापमान में तेज गिरावट जारी है। ताजा अनुमान में आईएमडी ने कहा है कि सोमवार व मंगलवार को सर्दी ऐसे ही पड़ेगी जबकि कई क्षेत्रों में घना कोहरा लोगों की मुसीबत और बढ़ा सकता है। आईएमडी का कहना है कि शीतलहर बढ़ने के साथ हवा की गुणवत्ता भी और खराब हो गई है, क्योंकि प्रतिकूल मौसमी स्थिति प्रदूषण को बढ़ावा दे रही हैं। लोगों को गर्म कपड़े पहनने, घर के अंदर रहने और विशेषकर बुजुर्गों तथा बच्चों का ध्यान रखने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 12 जनवरी से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी की संभावना है, लेकिन फिलहाल दिल्लीवासी इस प्रचंड शीतलहर से जूझ रहे हैं।

### 'आप' ने गुरुओं के अपमान के खिलाफ भाजपा मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने भाजपा के मंत्रियों और नेताओं द्वारा सिख गुरुओं की बेअदबी करने के खिलाफ रविवार को भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में विधायक, पार्षद, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर भाजपा मुख्यालय के पास प्रदर्शन किया। इस दौरान 'आप' ने सिख गुरुओं का अपमान करने वाले भाजपा के मंत्रियों और नेताओं से सार्वजनिक माफी मांगने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की। 'आप' कार्यकर्ता भाजपा मुख्यालय पर पहुंचते, उससे पहले दिल्ली पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें आगे बढ़ने से रोक लिया और एक-एक कर सबको हिरासत में ले लिया। सौरभ भारद्वाज समेत कई नेताओं को पुलिस आईपी स्टेट थाने ले आई, जहां वे धरने पर बैठ गए और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हालांकि बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।



## खबर संक्षेप

### टास्क के नाम पर की ठगी, खाताधारक धराया



**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर 412000 रुपये की ठगी करने के मामले में एक खाताधारक को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि एसजीएम नगर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 12 मार्च 2025 को उसके पास व्हाट्सएप के माध्यम से एक संदेश आया, जिसमें होटल को ऑनलाइन रेटिंग देकर पैसे कमाने का लालच दिया गया था।

### जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किए



**फरीदाबाद।** श्री संकट मोचन हनुमान मंडल, कैली धाम के तत्वावधान में जरूरतमंदों के लिए कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मंडल ने सामाजिक सरोकारों की अपनी परंपरा को निभाते हुए ठंड से प्रभावित जरूरतमंद लोगों को कंबल एवं आवश्यक सामग्री वितरित की। कड़ाके की ठंड को देखते हुए लगभग 1000 कंबलों का वितरण किया गया।

### अलग-अलग मामलों में 3 आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच की विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग मामलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 देसी कट्टे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने युसुफ निवासी धौज, निवासी राहुल कॉलोनी फरीदाबाद को देशी कट्टा सहित टीम ने साबीर फरीदाबाद को देसी कट्टा सहित दशहरा ग्राउंड, एनआईटी से गिरफ्तार किया है। विरुद्ध संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धारा के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेशकर जेल भेजा।

# परमात्मा सर्वव्यापी, इसका बोध हासिल कर भ्रमों से मुक्ति पाएं: ज्योति प्रकाश

## जम्मू- कश्मीर से आए महात्मा ने दिया सतगुरु का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

परमात्मा सर्वव्यापी है, इसका बोध हासिल करके ही इंसान भ्रमों से मुक्ति पा सकता है। इसका बोध पूर्ण गुरु की किरपा से होता है। संसार में हम जितनी भी चीजें देखते अथवा अनुभव करते हैं वह सारी परिवर्तनशील हैं। इनमें से किसी भी पदार्थ को शाश्वत सच्चाई नहीं कहा जा सकता। केवल परमात्मा, ईश्वर, निरंकार, चाहे किसी भी नाम से पुकारे, यही सच्चाई है और इस सच्चाई से जुड़ कर ही लोक सुखी और परलोक सुहेला होगा।

आज निरंकारी मिशन के सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज इस परमात्मा का बोध करा कर इस सच्चाई से जोड़ रहे हैं। उक्त उद्गार जम्मू कश्मीर से प्रचार यात्रा पर आए निरंकारी मिशन के ज्ञान पर प्रचारक महात्मा ज्योति प्रकाश ने रेवाड़ी शहर के निरंकारी सत्संग भवन में प्रवचन के दौरान व्यक्त किए। निरंकारी भवन में भक्ति पर्व आयोजित किया गया जिसमें जिले भर की संगतों ने शामिल होकर परमात्मा और सतगुरु के प्रति शुक्राने का भाव प्रकट किया।

ज्योति प्रकाश ने स्कंद पुराण का वृतांत सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने जब भगवान शिव से पूछा कि दुनिया में तरह तरह के गुरु हैं, पूर्ण गुरु की पहचान कैसे हो तो भगवान शिव ने सात प्रकार के गुरुओं के बारे में माता पार्वती को बताया। भगवान शिव ने उन्हें बताया कि संसार में सात



प्रकार के गुरु हैं, इनमें सूचक, वाचक, बोधक, निषिद्ध, विहित, कारणाख्य और परम गुरु हैं। जो परम गुरु है वह सब गुरुओं का गुरु है और वहीं तत्ववेता होता है। परम गुरु ही पूर्ण गुरु है। वास्तविक सत्यता तो केवल इस निराकार परमात्मा में है जिसे विभिन्न नामों से पुकारा जाता है। इस निरंतर एकरस रहने वाली सच्चाई को अपनाने से निसंदेह हम सभी प्रकार के भ्रमों से मुक्ति पा सकते हैं। सतगुरु सिखाते हैं कि जीवन का अर्थ समझने के लिए हमें अपने स्वार्थ से परे जाकर मानवता की सेवा करनी है। सतगुरु समझाते हैं कि भक्ति केवल साधन नहीं, बल्कि साध्य है। जब भक्ति जीवन का केंद्र बन जाती है, तो सांसारिक सुख गौण हो जाते हैं। सतगुरु द्वारा प्रदत्त आध्यात्मिकता हमारी सोच, हमारी दृष्टि, हमारे प्रेम, सेवा, समर्पण, करूणा व अन्य दिव्य गुणों का विस्तार करती है। संगत में आकर ब्रह्मज्ञान प्राप्त करना और संतों के वचनों को सुनना, हमारी सोच को व्यापक बनाता है। जब हम इस निराकार से जुड़ते हैं, तो जीवन के हर रंग को अपनाते हुए उससे पृथक भी रहना सीखते हैं। यह निराकार हर समय, हर स्थिति में मौजूद है। इसे पहचानकर, हर व्यक्ति अपने जीवन को सही दिशा में विस्तार कर सकता है। योति प्रकाश जी ने अपनी प्रचार यात्रा के दौरान हजारीवास, बावल में भी सतगुरु का सत्य का संदेश दिया। रेवाड़ी की यात्रा से पहले उन्होंने नारनौल और महेंद्रगढ़ जिले में भी विभिन्न स्थानों पर सत्संग कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

इससे पूर्व रेवाड़ी सत्संग भवन पर बच्चों की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी यात्रा के दौरान पलवल जोन के प्रभारी जगदीश चंद्र, संचालक राकेश, रेवाड़ी ब्रांच के संयोजक हरीश कुमार जम्मू से आई बहन रेणुका उनके साथ शामिल रहीं।

## खुले दरबार में मंत्री राजेश नागर ने बिजली अधिकारियों को लिया आड़े हाथ

# जनता की समस्याओं को दूर न करने और फोन न सुनने की शिकायत पर गुस्साए मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मंत्री राजेश नागर ने रविवार को अपने अशोका एन्क्लेव स्थित कार्यालय पर खुला दरबार आयोजित किया जिसमें स्थानीय लोगों ने बिजली निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की खुलकर शिकायत रखीं। लोगों ने मंत्री राजेश नागर को बताया कि उनके यहां बिजली के फॉल्ट होने पर उन्हें कई-कई दिन ठीक नहीं करते हैं, ओवरलोडेड ट्रांसफार्मर को बाइफरकेट नहीं करते हैं और उनके फोन भी नहीं उठाते हैं। जिससे उन्हें अपने काम धंधे से छुट्टियां लेकर इनके चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिसपर मंत्री राजेश नागर ने मौजूद बिजली अधिकारियों को आड़े हाथ ले लिया। उन्होंने कहा कि आपको जिस सेवा का अवसर मिला है।

उसी से आपकी रोजी चलती है और आप वही काम नहीं करोगे तो सरकार एक्शन लेगी। जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दीजिए और उनके फोन सुनिए। नहीं तो आपके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। खुले दरबार में पहुंचे पल्ला गांव की हरिजन बस्ती के निवासियों ने जल भराव की समस्या का निराकरण करने की



मांग की। लोगों ने बताया कि समय के साथ उनकी बस्ती नीचे पड़ गई है जहां सीवर ओवरफ्लो होकर उनके घरों में घुसता है। इसका समाधान दिया जाए। नागर ने तुरंत प्रभाव से मौके का मुआयना कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।

वहीं पल्ला थाने के सामने पानी और सीवर की लाइन डाले जाने, मस्जिद पुल खराब होने, संतोष नगर, अजय कॉलोनी, सूर्य विहार पार्ट 2 में नालियों की मरम्मत कराने, बाबा सूरदास कॉलोनी तिलपत, हरकेश नगर, न्यू तिलपत कॉलोनी, बांके बिहारी कॉलोनी, पोप कॉलोनी, राम सिंह नेताजी कॉलोनी, होराम कॉलोनी, हनुमत कॉलोनी आदि के लोगों ने भी खुले दरबार में अपनी बात रखीं। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि दरबार में आए हुए सभी मेरे स्वजन हैं। सुख-दुख में मैं हमेशा शामिल रहता हूं। अगर इनको कोई परेशानी होती है तब भी मेरे पास आते हैं और इनको खुशी होती है तब भी यह मेरे साथ साझा करते हैं। मैंने आज यहां भी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रोजमर्रा के कार्यों को करने के लिए बिल्कुल भी देरी न करें।

## यात्रियों के लिए तेज़, आसान एक गेम-चेंजर पहल

# न्यू अशोक नगर में नमो भारत और दिल्ली मेट्रो के बीच सिंगल- पॉइंट सिक्योरिटी चेक की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

यात्रियों की सुविधा को केंद्र में रखते हुए अशोक नगर में नमो भारत और दिल्ली मेट्रो के बीच इंटरचेंज करने वाले यात्रियों के लिए सिंगल- पॉइंट सिक्योरिटी चेकिंग की शुरुआत की गई है।

यह पहल दोनों नेटवर्क के बीच यात्रा को अधिक सुगम, समय बचाने वाली और निर्बाध बनाएगी। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि सिंगल- पॉइंट सिक्योरिटी चेकिंग सुविधा की शुरुआत के बाद अब न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन और दिल्ली मेट्रो के ब्लू लाइन के न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के बीच इंटरचेंज करने वाले यात्रियों को केवल एक बार ही सिक्योरिटी स्क्रीनिंग से गुजरना होगा।

दिल्ली मेट्रो के यात्री जो नमो भारत के माध्यम से मेरठ की ओर यात्रा करना चाहते हैं, उन्हें इंटरचेंज के दौरान दोबारा सुरक्षा जांच से नहीं गुजरना पड़ेगा। इसी प्रकार, नमो भारत के यात्रियों को नोएडा की ओर मेट्रो में यात्रा करने के लिए मेट्रो स्टेशन पर पुनः सिक्योरिटी चेक की आवश्यकता नहीं होगी।

इस सुविधा को दोनों स्टेशनों को जोड़ने वाले इंटरचेंज फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) और मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर- 2 पर एक नए सिक्योरिटी चेकपॉइंट की स्थापना द्वारा संभव बनाया गया है। यह व्यवस्था दैनिक यात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी,



क्योंकि इससे पीक आवर्स में लगने वाली लंबी कतारों और अनावश्यक देरी से राहत मिलेगी। कई बार होने वाली सिक्योरिटी जांच के कारण यात्रा में अतिरिक्त समय लगता है और यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है,जिससे कई लोग पब्लिक ट्रांसपोर्ट का विकल्प चुनने से कतराते हैं। सिंगल- पॉइंट सिक्योरिटी चेकिंग इस समस्या का समाधान करते हुए यात्रा के समय को कम करेगी और इंटरचेंज को निर्बाध बनाएगी। गति और समयबद्धता नमो भारत की प्रमुख विशेषताओं में से एक है, जो दिल्ली– मेरठ की यात्रा को एक घंटे से भी कम समय में संभव बनाता है। यह पहल इस अनुभव को और बेहतर बनाएगी।

ये सभी प्रयास नमो भारत परियोजना के मल्टी-मॉडल इंटीग्रेशन विशेषता को मजबूती प्रदान करते हैं। ऐसी पहलें न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाती हैं, बल्कि लोगों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित करने और निजी वाहनों पर निर्भरता कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# राजस्थान समाज परिश्रम, स्वाभिमान और संस्कृति का जीवंत प्रतीक विपुल गोयल

## कैबिनेट मंत्री ने फरीदाबाद के शपथ ग्रहण एवं आशीर्वाद समारोह में की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने राजस्थान एसोसिएशन फरीदाबाद के नव नियुक्त शासी मंडल एवं कार्यकारिणी 2026-2027 के शपथ ग्रहण एवं आशीर्वाद समारोह में सहभागिता कर सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह समारोह राजस्थान भवन सेक्टर-10 फरीदाबाद में समाज के गणमान्य अतिथियों, पदाधिकारियों, मातृशक्ति एवं युवा साथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। उपस्थित राजस्थान एसोसिएशन फरीदाबाद के पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि संस्कार, परंपरा और




सामाजिक उत्तरदायित्व का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि राजस्थान समाज एक जीवन-दृष्टि है जिसकी पहचान परिश्रम, स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता से होती है। देश के जिस भी क्षेत्र में राजस्थान समाज ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, वहां विकास, समृद्धि और सांस्कृतिक संतुलन का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया है। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि राजस्थान की लोक संस्कृति, खान पान, वेशभूषा, भाषा और जीवनशैली भारतीय सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं। देश की अनेक लोक परंपराओं पर राजस्थान की सांस्कृतिक छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जो हमारी सांझा विरासत को समृद्ध बनाती है। मंत्री श्री गोयल ने राजस्थान को वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भूमि बताते हुए कहा कि यहां के वीरों ने सदैव देश की आन-बान-शान की रक्षा की है। यह भूमि समर्पण, संस्कृति और विरासत का प्रतीक है, जिसने भारत की पहचान को सुदृढ़ किया है। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि शपथ ग्रहण केवल पदभार ग्रहण नहीं बल्कि समाज सेवा, निष्ठा और नेतृत्व का संकल्प है।

57 पानी की टंकियां तथा 27 सी डब्ल्यू आर की सफाई अभियान के रूप में करा रहा है ननि

# शहर को स्वच्छ जल आपूर्ति के क्रम में घर-घर जाकर पेयजल की जांच करा रहे हैं निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग के साथ जल निगम तथा वी ए टैक वाबैग की टीम घर-घर जाकर पेयजल गुणवत्ता की जांच कर रही हैं। साथ ही पानी की आपूर्ति के लिए लगे हुए उपकरणों को भी जांचा जा रहा है। पांचों जोन अंतर्गत पेयजल में क्लोरीन की मात्रा को चेक किया जा रहा है। जिसके क्रम में ऑर्थो टोलीडाइन (ओ टी) टेस्ट किया जा रहा है।

क्लोरीन की मात्रा 2 से 2 तक होनी चाहिए जांच की जा रही है, विशेष रूप से मलिन बस्तियों में जाकर पेयजल की गुणवत्ता की जांच चल रही है, समस्त वार्डों में भी पानी की आपूर्ति के लिए लगे हुए उपकरणों नलकूपों की भी जांच की



जा रही है, गाजियाबाद में 57 टंकियां तथा 27 सी डब्ल्यू आर की सफाई का कार्य भी अभियान के रूप में कराया जा रहा है, सूर्य नगर, चंद्र नगर, कौशांबी, वैशाली, प्रहलाद गाड़ी, वसुंधरा, साहिबाबाद गांव, अर्थला, करेड़ा, नंदग्राम, सिहानी, घुकना, मोरटा, सेक्टर 23 संजय नगर, गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, विवेकानंद नगर, बजरिया, घंटाघर, , सिद्धार्थ विहार, राहुल विहार, राजापुर, राजनगर सहित एक सप्ताह में 520 से अधिक स्थानो पर पेयजल गुणवत्ता की जांच की जा चुकी है। गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले वार्ड तथा क्षेत्र में हो रही पेयजल आपूर्ति में गुणवत्ता जांच की कार्यवाही को रफ्तार दी जाए, क्लोरीन की मात्रा को जांचा जाए, पानी की लीकेज की शिकायतें प्राप्त होते ही तत्काल ठीक की जाए तथा सीवर सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए तत्काल कार्यवाही की जाए, पेयजल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही ना हो अभियान को रफ्तार देते हुए संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा अधिकारियों को दिए गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग की अवर अभियंता तथा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा घर-घर जाकर भी पेयजल आपूर्ति के बारे में शहर वासियों से चर्चा की जा रही है।

## बल्लभगढ़ विधानसभा में सद्भाव यात्रा को ऐतिहासिक जनसमर्थन

# 99वें दिन भी उमड़ा जनसैलाब, सामाजिक सौहार्द का सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही सद्भाव यात्रा ने अपने 99वें दिन बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश किया। यात्रा के दौरान क्षेत्रवासियों ने उत्साह, अपनत्व और अभूतपूर्व जनभागीदारी के साथ इसका भव्य स्वागत किया। युवाओं, महिलाओं, किसानों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीण समुदाय की बड़ी भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि सद्भाव यात्रा अब हरियाणा में सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने वाला एक प्रभावी जनआंदोलन बन चुकी है।

रविवार को यात्रा शुरू करने से पहले बृजेंद्र सिंह ने जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित मनरेगा के स्वरूप में बदलाव के विरोध में उपवास पर बैठे जिला कांग्रेस अध्यक्ष को अपना समर्थन दिया। आज की यात्रा की शुरुआत अनाज मंडी बल्लभगढ़ से हुई। इसके पश्चात यात्रा किसान भवन, विष्णु कालोनी, सुभाष कॉलोनी, लाल कोठी, बालाजी स्कूल रोड, मधु वाटिका, गुप्ता



होटल, महाराज अग्रसेन चौक, डा. बी आर अंबेडकर चौक, बस अड्डा मार्केट, अग्रवाल धर्मशाला, 100 फुटा रोड चावला कॉलोनी, बोहरा पब्लिक स्कूल होते हुए जाट धर्मशाला, सेक्टर-3 बल्लभगढ़ पहुंची। बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में यात्रा के समापन के उरांत यात्रा आगामी चार दिन के लिए विश्राम दिया गया है। सद्भाव यात्रा 16 जनवरी से पृथला विधानसभा क्षेत्र से शुरू होगी। जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भाव यात्रा को हर विधानसभा क्षेत्र में जनता का अपार स्नेह और समर्थन मिल रहा है।

बल्लभगढ़ इस यात्रा का 38वां विधानसभा क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं की वजह से ही फरीदाबाद में मेट्रो और सड़कों की कनेक्टिविटी जैसे बड़े विकास कार्य संभव हो पाए। बीजेपी सरकार कांग्रेस के कार्यकाल में शुरू हुए कार्यों का केवल उद्घाटन करने का काम कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि फरीदाबाद मेट्रो परियोजना कांग्रेस सरकार की देन है, जबकि बीजेपी के कार्यकाल में यह परियोजना आगे नहीं बढ़ी।

## मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि देश के अनगिनत लोगों की है उम्मीद

बदलाव के विरोध में कांग्रेस द्वारा पूरे देश में सत्याग्रह शुरू

# मनरेगा का नाम परिवर्तन करने के विरोध में कांग्रेस ने किया एक दिन का प्रतीकात्मक सत्याग्रह आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

यूपीए सरकार द्वारा रोजगार गारंटी योजना के तहत शुरु की गई मनरेगा योजना के नाम में भाजपा द्वारा किए गए बदलाव के विरोध में कांग्रेस द्वारा पूरे देश में सत्याग्रह आंदोलन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोहना के फव्वारा चौक पर जिला कांग्रेस कमेटी गुरुग्राम ने एक दिन का प्रतीकात्मक उपवास रखकर मनरेगा बचाओ संग्राम सत्याग्रह आंदोलन किया। जिसमें कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव, शहरी




जिलाध्यक्ष पंकज डावर, प्पीसीसी सदस्य पंकज कुमार भारद्वाज, मोहन लाल सैनी, युवा नेता कुलदीप गुर्जर, शैलेश खटाना, रज्जू चेयरमैन, सत्ते पहलवान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता व गणमान्य लोग शामिल हुए। ग्रामीण जिला अध्यक्ष वर्धन यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनरेगा योजना की शुरुआत कांग्रेस ने आमजन के जीवन स्तर सुधारने एवं ऊंचा उठाने के लिए की।

मनरेगा केवल एक योजना न रहकर आम लोगों के लिए वरदान साबित हुई। जब मनरेगा योजना की शुरुआत को गई तो यह तय किया गया कि इस योजन का जो भी खर्च होगा उसका 10 प्रतिशत राज्य सरकार एवं बाकी का खर्च केंद्र की सरकार वहन करेगी लेकिन अब इस बीजेपी सरकार ने नए कानून के तहत जो बदलाव किए है उस बदलाव से मनरेगा की योजना बिल्कुल फ्लॉप हो जाएगी। लेकिन कांग्रेस मनरेगा को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी जिससे आमजन के हितों की रक्षा की जा सके। शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इस देश की आत्मा है। उन्होंने देश के नागरिकों के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। आज भी देश ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में उनकी विचारधारा को पूजा जाता है।

### थाईलैंड ओपन मास्टर गेम्स 2026, बैंकॉक में सुधीर ने जीता गोल्ड मैडल

**गाजियाबाद।** थाईलैंड ओपन मास्टर गेम्स 2026, बैंकॉक में सुधीर कुमार ने गोल्ड मैडल जीतकर गाजियाबाद के नाम रोशन किया। डिस्ट्रिक्ट मास्टर एथलीट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख ने बताया की 6 वी थाईलैंड ओपन मास्टर गेम्स 2026, बैंकॉक में होने वाली इंटरनेशनल चैंपियनशिप मैं गाजियाबाद जिले के फफराना गांव के निवासी सुधीर कुमार ने जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किया दूसरे स्थान पर ईरान और तृतीय स्थान पर मलेशिया के खिलाड़ी रहे। सुधीर कुमार ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर इंटरनेशनल चैंपियनशिप में अपने देश का नाम रोशन किया।

## आंदोलन लगातार 100 दिनों तक चलेगा

# मनरेगा बचाने के लिए कांग्रेसियों ने प्रतिमा के सामने बैठकर दिया उपवास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

काम के अधिकार की रक्षा के लिए मनरेगा बचाव संग्राम के पूर्व घोषित एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश शर्मा एवं महानगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वीर सिंह जाटव जी के नेतृत्व में नवयुग मार्केट स्थित अंबेडकर पार्क में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के सामने बैठकर प्रतीकात्मक उपवास किया। जिसमें सभी ने मांग की कि मनरेगा का कानून कांग्रेस कभी भी नहीं बदलने देगी यह आंदोलन आगे लगातार 100 दिनों तक चलता रहेगा जब तक इसकी मांग पूरी नहीं की जाएगी महात्मा गांधी का नाम मिटाना चाह रहे हैं। कांग्रेस उन्हें को मिटा देगी महात्मा गांधी अमर रहे। डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे जब तक सूरज चांद रहेगा बापू तेरा नाम रहेगा। जब तक सूरज चांद रहेगा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संविधान रहेगा।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर में 19 को होगी पहली सुनवाई



**लखनऊ।** राज्य निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर ड्राफ्ट लिस्ट जारी करने के बाद अब सुनवाई की तैयारी कर ली है। सुनवाई के लिए सभी 403 विधान सभा क्षेत्रों में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोग ने रविवार से उन मतदाताओं को नोटिस देना प्रारंभ कर दिया है, रिकार्ड 2003 की मतदाता सूची में नहीं हैं। सुनवाई 19 को होने की संभावना है।

### प्रेमी संग भागी प्रेमिका हत्याकर शव जलाया



**लखनऊ।** यूपी के कासगंज स्थित ढोलना थाना क्षेत्र के एक गांव से दो दिन पहले किशोरी घर के पास रहने वाले प्रेमी के साथ चली गई थी। शनिवार की शाम किशोरी के परिजन दोनों को आगरा से ढूंढ कर वापस ले आए। इसके बाद दोनों को गांव में 100 मीटर के फासले पर बने अलग-अलग घरों में बंद करके उनकी पिटाई की। आरोप है कि किशोरी के परिजन ने रात में किशोरी की हत्या करके उसके शव को जला दिया।

### वृद्ध किसान को बंधक बनाकर 4 भैंसें लूटीं



**कानपुर।** कानपुर में महाराजपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में बीती रात चार से पांच अज्ञात बदमाशों ने खेतों में रह रहे वृद्ध किसान शिवनारायण उर्फ बाबा को बंधक बना लिया। उनकी चार भैंस खोल ले गए। बदमाशों ने किसान को उसके ही मफलर से बांधकर तमंचा दिखाया और मारपीट करते हुए चारपाई पर जकड़ दिया। पशुओं को करीब दो सौ मीटर दूर वन विभाग के जंगल की ओर ले जाने लगे तभी किसान ने शोर मचाया।

**आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हुई बैठक**

# वाराणसी में छात्रों को मिलेगा तमिल सीखने का मौका, लगेगी नियमित कक्षाएं

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

सांस्कृतिक और भाषाई आदान-प्रदान को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित स्कूलों और कॉलेजों में नियमित रूप से तमिल भाषा की कक्षाएं शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। इससे छात्रों को दक्षिण भारतीय संस्कृति और तमिल भाषा को समझने का अवसर मिलेगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी तमिल संगमम के विजन के अनुरूप है। प्रधानमंत्री ने 28 दिसंबर को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में गवर्नमेंट क्वींस कॉलेज की छात्रा पायल पटेल का जिक्र किया, जिन्होंने कम समय में तमिल भाषा सीख ली।

प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, गवर्नमेंट क्वींस कॉलेज प्रतिदिन शाम को तमिल कक्षाएं शुरू करने की योजना बना रहा है। कॉलेज के प्रधानाध्यापक सुमित कुमार ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने संस्थान को कक्षाएं चलाने का निर्देश दिया है।

### *50 शिक्षकों को भेजा जा सकता है तमिलनाडु*



अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के तहत वाराणसी से लगभग 50 शिक्षकों को तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने के लिए भेजा जा सकता है। प्रधानाचार्य कुमार ने कहा, प्रधानमंत्री के सांस्कृतिक एकीकरण के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, महाविद्यालय में तमिल कक्षाएं शुरू की जाएंगी। उन्होंने बताया कि तमिलनाडु की संध्या कुमार साईं से बातचीत हुई है, जिन्होंने पहले इस छात्रा को तमिल पढ़ाया था, और उन्होंने ऑनलाइन कक्षाएं लेने पर सहमति जताई है। कुमार ने आगे बताया कि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के तमिल विभाग के प्रमुख ने भी सहयोग का आश्वासन दिया है। अधिकारियों के अनुसार, वाराणसी से 50 शिक्षकों को तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने के लिए भेजने की भी तैयारी चल रही है। इस प्रस्ताव पर वाराणसी आयुक्त और जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में हुई बैठकों में चर्चा की गई है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मजबूत हो रहा काशी-तमिल संबंध

कुमार ने आगे बताया कि कॉलेज के छात्रों ने हाल ही में काशी-तमिल सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करने वाले एक कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तमिल में नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का नेतृत्व पायल पटेल ने किया और इसमें तमिल संगीत पर रंगोली और नृत्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। कार्यक्रम का नेतृत्व पायल पटेल ने किया और इसमें तमिल संगीत पर रंगोली और नृत्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। हरीश चंद्र गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल प्रियंका तिवारी ने बताया कि काशी तमिल संगम के दौरान उनके संस्थान में 15 दिवसीय तमिल भाषा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### भाषा सीखने के प्रति छात्रों में उत्साह

उन्होंने आगे कहा कि भाषा सीखने के प्रति छात्राओं के उत्साह को देखते हुए, कॉलेज अगले शैक्षणिक सत्र से एक औपचारिक तमिल पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रहा है। काशी तमिल संगम एक सांस्कृतिक आदान-प्रदान पहल है।

## राजधानी को मिली एक ओर सौगात, लखनऊ में 28 नए बिजलीघर बनेंगे

# 250 करोड़ में शहर से गांव तक सुधरेगी 10 लाख आबादी की बिजली व्यवस्था

*250 करोड़ रुपए की लागत से लखनऊ में 28 नए बिजली घरों का निर्माण किया जाएगा। इससे 10 लाख से अधिक लोग लाभांवित होंगे।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ


केंद्र सरकार की आर्थिक मदद से राजधानी में 28 नए 33/11 केवी बिजलीघर बनेंगे। इनके निर्माण पर अनुमानित 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम खर्च होगी। इसका प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जा रहा है। अमौसी, लखनऊ मध्य, जानकीपुरम व गोमती नगर जोन ने बिजलीघरों के अलग-अलग ब्लू प्रिंट तैयार किया है। इससे 10 लाख आबादी की बिजली व्यवस्था सुधरेगी।

जानकीपुरम जोन के मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि छह बिजलीघरों को दो साल के भीतर नहीं बनाया गया तो उपभोक्ताओं को बिजली संकट से रूबरू होना पड़ेगा। इसीलिए अपने जोन में न्यू कैम्पस, दाउदनगर, अहिबरनपुर, सुभाष पार्क, फैजुल्लागंज, मानपुर बाना बीकेटी उपकेंद्रों के आसपास ही नए बिजलीघरों को बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। लखनऊ मध्य जोन के अधीक्षण अभियंता टेक्किनल कमलेश कुमार चौधरी ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए न्यू ऐशबाग, न्यू तालकटोरा, मल्लपुर, न्यू आरडीएसओ व न्यू ठाकुरगंज बिजलीघरों को बनाने का प्रस्ताव बन गया है।

**10 से 12 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा**

**शहर से गांव तक उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा**

### अमौसी जोन में सबसे ज्यादा बनेंगे बिजलीघर



*मुख्य अभियंता महफूज आलम के मुताबिक बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण योजना में सबसे ज्यादा बिजली घर 13 अमौसी जोन में बनाने का प्रावधान किया गया है। अधिकतर नए बिजलीघर नव विकसित क्षेत्रों में बनाने का प्रस्ताव बनाया है। दरअसल मोहनलालगंज, नादरगंज, दुबग्गा, काकोरी क्षेत्रों में तेजी से हाउसिंग सोसाइटी एवं व्यावसायिक क्षेत्र विकसित हो रहे हैं। इससे बिजली की मांग बढ़ेगी जिसको पूरा करने के लिए नए बिजलीघरों को बनाना आवश्यक हो गया है। अफसरों ने बताया कि एक बिजली घर 10 से 12 हजार उपभोक्ताओं (40 से 60 हजार की आबादी) के परिसरों को रोशन करेगा।*

### 32 करोड़ से बनेंगे तीन बिजलीघर

*गोमतीनगर जोन के मुख्य अभियंता सुशील गर्ग के मुताबिक उनके क्षेत्र में 32 करोड़ रुपये की लागत से 3 बिजली घरों को बनाया जाएगा। आठ करोड़ रुपए से मुर्दहिया इंदिरा नगर और 12-12 करोड़ से पपनामऊ व भैसोरा में नए बिजलीघर बनेंगे। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक (तकनीकी) हरीश बंसल का कहना है कि बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण के तहत राजधानी लखनऊ की बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नए बिजलीघरों को बनाने का प्रस्ताव तैयार हुआ है। इन बिजलीघरों के बनने से शहर से गांव तक उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था सुधरेगी।*

**बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने की**

# बिहार के वित्तमंत्री यादव ने विकास की जरूरतों पर विस्तार से बात रखी




एजेंसी ▶▶ पटना

केंद्रीय बजट 2026-27 से पहले नई दिल्ली में आयोजित बजट-पूर्व परामर्श बैठक में बिहार ने अपने हितों से जुड़े कई अहम मुद्दे केंद्र सरकार के सामने उठाए। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने की। बैठक में बिहार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने राज्य की आर्थिक चुनौतियों और विकास की जरूरतों पर विस्तार से बात रखी।

बैठक में बिहार के वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर सहित देश के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री मौजूद थे। बिहार ने खास तौर पर कर राजस्व में राज्यों की हिस्सेदारी, कर्ज सीमा और बाढ़ जैसी पुरानी समस्याओं पर केंद्र का ध्यान खींचने की कोशिश की। अतिरिक्त उधार सीमा की मांग

राज्य की प्रति व्यक्ति आय को राष्ट्रीय औसत के स्तर तक पहुंचाने के लिए बिहार ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 2 प्रतिशत अतिरिक्त ऋण लेने की अनुमति मांगी है। यह मांग मौजूदा 3 प्रतिशत की उधार सीमा के अतिरिक्त रखी गई है। बिहार का कहना है कि अतिरिक्त उधारी से बुनियादी ढांचे, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं में निवेश को गति मिल सकेगी।

उत्तरी बिहार में हर साल आने वाली भीषण बाढ़ को राज्य की सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए बिहार ने केंद्र से विशेष 'रिलीफ एंड डिजास्टर रेजिलिएंट पैकेज' की मांग की। इस पैकेज के तहत सैटेलाइट आधारित पूर्वानुमान, जीआईएस मैपिंग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के इस्तेमाल पर जोर दिया गया। साथ ही बाढ़ और सूखे के स्थाई समाधान के लिए नदी जोड़ो परियोजना को प्राथमिकता देने की अपील भी की गई। रोजगार सृजन को तेज करने के लिए बिहार ने कृषि क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और ब्लॉकचेन जैसी आधुनिक तकनीकों पर आधारित केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जरूरत बताई।

## पेज एक का शेष

### भारत तीसरी सबसे ...

ने जिस तरह से बढ़-चढ़कर भागादारी की, उसने पूरे वातावरण को और अधिक गरिमामयी बना दिया। भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के लिए उनका समर्पण भाव देखकर अभिभूत हूं। इस मौक़े पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल समेत कई मौजूद थे।

**आज भी विरोधी ताकतें सक्रिय** : प्रधानमंत्री एक सशक्त संदेश भी दिया। सोमनाथ को तोड़ने वाले आक्रांता आज इतिहास के पन्नों में सिमट गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य से देश में आज भी ऐसी ताकतें मौजूद हैं। जो मंदिरों के पुनर्निर्माण का विरोध करती रही हैं।पीएम मोदी ने देशभर से जुड़े श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा आज देश के कोने-कोने से लाखों लोग हमारे साथ जुड़े हैं। ये समय अद्भुत है, ये वातावरण अद्भुत है। एक ओर महादेव, दूसरी ओर समुद्र की लहरें, मंत्रों की गूंज और भक्तों की उपस्थिति यह सब इस अवसर को दिव्य बना रहा है।

**1000 साल पहले का संघर्ष, आज का गौरव** : पीएम मोदी ने कहा कि जब वे आज यहां खड़े होकर बोल रहे हैं, तो उनके मन में यह सवाल बार-बार आता है कि 1000 साल पहले इसी स्थान पर कैसा माहौल रहा होगा। उन्होंने कहा हमारे पुरखों ने अपनी आस्था और महादेव के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया। आक्रांताओं को लगा कि वे जीत गए, लेकिन 1000 साल बाद भी सोमनाथ की ध्वजा पूरी दुनिया को भारत की शक्ति का संदेश दे रही है।प्रधानमंत्री ने साफ कहा कि सोमनाथ का इतिहास विनाश का नहीं, बल्कि विजय और पुनर्निर्माण का इतिहास है।

**कट्टर सोच और तुष्टीकरण पर निशाना** : पीएम मोदी ने कहा कि जो धर्म के प्रति सच्चे होते हैं, वे कभी कट्टरपंथी सोच का समर्थन नहीं करते। उन्होंने आरोप लगाया कि तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों ने हमेशा ऐसी सोच के आगे घुटने टेके। उन्होंने कहा कि जब आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया, तब भी उन्हें रोकने की कोशिश की गई।

**तलवारों की जगह दूसरे तरीकों से भारत के खिलाफ हो रहे षड्यंत्र** : पीएम मोदी ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में वह ताकतें मौजूद और पूरी तरह सक्रिय हैं, जिन्होंने सोमनाथ पुनर्निर्माण का विरोध किया। आज तलवारों की जगह दूसरे तरीके से भारत के खिलाफ षड्यंत्र हो रहे हैं। भारत के पास सोमनाथ जैसे हजारों साल पुराने पुण्य स्थल हैं। ये स्थल हमारे सामर्थ्य, प्रतिरोध और परंपरा के पर्याय रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से आजादी के बाद गुलामी की मानसिकता वाले लोगों ने इनसे पल्ला झाड़ने की कोशिश की। उस इतिहास को भुलाने के कुत्सित प्रयास किए गए।

**जो सभ्यताएं दूसरों को मिटाकर बढ़ना चाहती हैं, वो खुद मिट जाती हैं** : इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, हमारे पुरखों ने अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया था। म जो सभ्यताएं दूसरों को मिटाकर बढ़ना चाहती हैं, वो खुद मिट जाती हैं।

**समिट में मुकेश की 5 ख़ास बातें : जय सोमनाथ, भारत माता की सेवा ही हमारा धर्म** : वाइब्रेंट गुजरात रीजनल समिट में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी का संबोधन विकास, तकनीक और राष्ट्रीय संकल्प का संदेश लेकर आया। ऐतिहासिक शहर राजकोट में पहली बार आयोजित इस समिट में अंबानी ने गुजरात को अपनी आत्मा बताते हुए बड़े निवेश, रोजगार और जामनगर में देश के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डेटा सेंटर के निर्माण का ऐलान किया। उनका यह भाषण गुजरात ही नहीं, पूरे भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। मुकेश ने संबोधन की शुरुआत 'जय सोमनाथ' के उद्घोष के साथ की। उन्होंने कहा कि गुजरात का विकास रिलायंस का संकल्प है और यह संकल्प आने वाले वर्षों में और मजबूत होगा।

**हम अगले 5 सालों में 7 लाख करोड़ रुपए इन्वेस्ट करेंगे** : मुकेश ने मंच से बड़ा निवेश ऐलान करते हुए कहा कि रिलायंस अगले पांच वर्षों में करीब 7 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा।

**भारत माता की सेवा करना हमारा धर्म** : मुकेश ने कहा कि भारत माता की सेवा करना रिलायंस का धर्म है। उन्होंने बताया कि रिलायंस फाउंडेशन 2036 में भारत में होने वाले वर्ल्ड ओलंपिक्स के विजन का पूरा समर्थन करेगा।

**देश की सुरक्षा दीवार का नाम नरेंद्र मोदी है** : अंबानी ने प्रधानमंत्री की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में हालात तेजी से बदल रहे हैं, लेकिन भारत सुरक्षित है क्योंकि भारत की सुरक्षा दीवार का नाम नरेंद्र मोदी है। अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यह भारत का निर्णायक दशक है। यह विकास यात्रा पूरे भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

**10,000 महिलाओं ने किया पारंपरिक नृत्य** : प्रधानमंत्री के द्वार पर पहुंचते ही 10,000 महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य से उनका स्वागत किया। पीएम मोदी ने मंदिर में पूजा की और उसके बाद वहां मौजूद कलाकारों से बातचीत की। सोमनाथ धाम में दर्शन-पूजन का सौभाग्य मिला। यह अनुभव मन को शांति और सकारात्मक ऊर्जा से भर देने वाला रहा।

### विश्व पुस्तक मेले...

समाचारपत्र समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी भी उपस्थित रहे। उपन्यास को प्रभात प्रकाशन ने प्रकाशित किया है। इस अवसर पर हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी ने कहा कि उपन्यास की पंक्तियों को पढ़कर लगा कि लेखक मुक्तिबोध की धरती से आया है।

**न्याय की प्रति है प्रत्याघात- सिंह**: उपन्यास के लेखक ब्रह्मवीर सिंह ने कार्यक्रम में बताया कि 'प्रत्याघात' का पहला भाग 'बुत मरते नहीं' एक प्रकार से पाठकों के मन में असत्य यानी बुराई की जीत के रूप पहुंचा था। उनका कहना था कि आपने नैतिकता, परंपराओं और सनातन प्रवृत्ति के विरूद्ध लिख दिया है। इसके नायक की ही जान चली गई और उसका पिता, जो आदर्शवादी जीवन जीता था। वो अवसाद से ग्रसित हो जाता है। कुछ ऐसा ही उसके अन्य संबंधों के साथ भी हुआ। आमतौर पर लोगों के मन में सत्य को जीतता हुआ देखने की प्रबल धारणा होती है। इसलिए लगा कि असत्य की जीत के साथ जो अन्याय हुआ था। उसे न्याय की प्रति के साथ प्रत्याघात के रूप में पाठकों के साथ साझा करूं। यह उन सभी सवालों के जवाब देता है, जो बुत मरते नहीं में अधूरे रह गए थे। मेरा उपन्यास हर उसकी व्यक्ति की कहानी है, जो हताशा, अवसाद में हैं, जो हार गए हैं और जिन्होंने ये मान लिया था कि सत्य के साथ चलना बेहद कठिन है और जो टूट गए थे। साथ ही यह उन सभी की कहानी है जो टूटे थे, मिटे नहीं। मेरा प्रयास सफल रहा और प्रभात प्रकाशन का जो सहयोग मिला। वह सराहनीय है।

**लेखक ने की पुस्तकें पढ़ने की अपील** : ब्रह्मवीर कहते हैं कि नए उपन्यास को लेकर उन्हें प्रशंसा और आलोचना दोनों मिली हैं। पत्रकारिता में कुल ढाई दशक हो गए हैं और यह मेरी चौथी पुस्तक और तीसरा उपन्यास है। लेकिन आज विश्व पुस्तक मेले में आदरणीय चित्रा मुद्गल जी के हाथों से मेरे उपन्यास का लाकार्पण होना, मेरे अब तक के साहित्यिक सफर का सबसे सुखद अहसास कराता है। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी लोगों से मोबाइल की स्क्रीन से ध्यान हटाकर पुस्तकें पढ़ने का अनुरोध किया है। पूर्व में ब्रह्मवीर सिंह नक्सलवाद पर केंद्रित उपन्यास दंड का अरण्य पर साहित्यिक जगत में काफी चर्चा हुई। वहीं, इस पर अनेकों शोधकार्य हुए हैं। इसके अलावा बुत मरते नहीं का पहला भाग जातिवाद के भेदभाव से इतर मित्रता के चरम की कहानी है।

**सोमनाथ बोले-ऐसे लगा लेखक जैसे मुक्तिबोध की धरती से आया**: हिंदुस्तान के प्रबंध संपादक प्रताप सोमवंशी ने ब्रह्मवीर को बधाई देते हुए उपन्यास का अगला भाग लिखने की अपील की और कहा कि पत्रकारों को समय निकालकर लेखन जरूर करना चाहिए। क्योंकि वो अपने जीवन के अनुभव में जितने पात्रों से मिलते हैं और उनसे जुड़े हुए जिन अनुभवों को संजोते हैं। उनकी मदद से हमारे पास अनुभवों का जो वृहद संसार होता है, अन्य के पास वैसा संभव नहीं है। पत्रकार के अनुभव से साहित्य बेहद समृद्ध बन सकता है। लेकिन ये हमारा दुर्भाग्य रहा है कि पत्रकारों के लिखे हुए साहित्य को बहुत अधिक गंभीरता से नहीं लिया गया है। कुछ गिने चुने आइकॉन बना दिए गए हैं। सब कुछ उन्ही के ईर्दगिर्द घूमता है। सोमवंशी ने कहा, मैंने पूरा उपन्यास पढ़ा है। इसमें सबसे बड़ी चीज ये है कि किसी घटना से प्रेरित होकर कोई पात्र इनके जीवन में रहा होगा या इनके विचार से उपजा होगा। लेकिन उपन्यास की पंक्तियों को पढ़कर लगा कि लेखक 25 साल से रायपुर में नहीं रह रहा है। बल्कि यह मुक्तिबोध की धरती से आया है। उसकी चेतना से इनका गहरा नाता है। सार रूप में यह उपन्यास जीवन को जीने की यात्रा को दर्शाता है।

**हमें जीवन और उसके रस को ढूंढना चाहिए**: प्रसिद्ध कवि सुनील जोगी ने कहा कि उपन्यास के पहले वाक्य ने मुझे बहुत अधिक छुआ है। जिसमें लेखक ने कहा है कि प्रत्याघात मनुष्यों के भस्म हो चुके संबंधों की राख से संबंध खोजने निकला है। निश्चित रूप से आज ये बड़ी आवश्यकता है कि हम जीवन को खोजें। वर्तमान में जिस तरह का समाज हो गया है, उसमें जीवन और उसका रस खत्म होता चला जा रहा है। हम अनायस एक नीरसता की तरफ बढ़ते जा रहे हैं। इसलिए समरसता और जीवंतता को बचाने का काम यह उपन्यास करेगा। ऐसी मेरी अपेक्षा है। अपनी बात को सुनील जोगी ने कुछ विशेष पंक्तियों के साथ समाप्त किया, जिसमें उन्होंने कहा, 'मिटाने वाले कहां तक हमें मिटाएंगे, हम तो शायर हैं किताबों में बिखर जाते हैं'। सार यह है कि जो कुछ भी किताबों में आ गया है। वो मिट नहीं सकता। इसलिए लिखते रहना चाहिए।

**सफलता की कहानी दोहराएगा**: प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार ने मंच सम्भाला और कहा कि लेखक का निरंतर साहित्य सृजन सराहनीय है। 'बुत मरते नहीं' की तरह नया उपन्यास भी सफलता की कहानी दोहराएगा, ऐसी मेरी कामना है।

### प्रयास निरर्थक नहीं ...

में भी पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने की वजह से जरूरी था कि इन्हें साहित्यिक क्षेत्र में भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसलिए यह इच्छा जगी कि आज का यह आयोजन नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेले में होना चाहिए। प्रयास प्रभात प्रकाशन द्वारा किया गया। यहां सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आदरणीय चित्रा जी का जो आशीर्वाद ब्रह्मवीर को मिला है, वो निरर्थक नहीं जाएगा। उन्होंने डॉ.सुनीश जोगी, प्रताप सोमवंशी जी के प्रति भी अपनी ओर से आभार जताया। साथ ही कहा कि मेरा मानना है कि ब्रह्मवीर का यह प्रयास लगातार चलता रहेगा और वे यूं ही लिखते रहेंगे और हम इन्हें पढ़ते रहेंगे।

# झारखंड में हेमंत सरकार देगी 15 लाख का एजुकेशन लोन

एजेंसी ▶▶ रांची




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विद्यार्थियों से कहा है कि वे सारी चिंता छोड़कर सिर्फ पढ़ने पर दें। उनकी चिंता सरकार कर रही है। उन्होंने रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में उपस्थित 10वीं एवं 12वीं के हजारों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा आप सिर्फ हाथ दीजिए, हाथ पकड़कर आपको मंजिल तक पहुंचाना हमारा काम है।

हेमंत ने कहा, विद्यार्थी एक कदम आगे बढ़ाएं, सरकार उनके लिए 10 कदम आगे बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन की 82वीं जयंती के अवसर पर गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के सक्रिय कार्यान्वयन को लेकर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह आयोजन इसलिए किया गया है, क्योंकि मुख्यमंत्री ने कहा कि कई राज्य उच्च शिक्षा के लिए लोन दे रहे हैं। लेकिन कोई तीन लाख दे रहा है तो कोई चार लाख। ब्याज दर भी 11-12 प्रतिशत। पूरे देश में झारखंड एकमात्र राज्य है जो सबसे अधिक 15 लाख शिक्षा लोन दे रहा है, वह भी सबसे कम महज चार प्रतिशत दर पर।यह भी कहा कि झारखंड की देखा-देखी ही भारत सरकार ने शिक्षा लोन को पांच लाख से बढ़ाकर सात लाख करने काम किया। गुरुजी स्टूडेंट कार्ड योजना के तहत 25 लाख तक लोन मिल सकता है, लेकिन उसके लिए अधिक ब्याज देना होगा। झारखंड को अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए चाहिए युवाओं का सहयोग मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को अग्रणी राज्यों की पंक्ति में लाने के लिए युवाओं का सहयोग चाहिए। दिशोम गुरु एवं अन्य आंदोलकारियों की मेहनत से झारखंड राज्य तो बना, लेकिन इसे सजाने-संवारने में सभी का सहयोग जरूरी है।

### जनतंत्र को इन लोगों ने मशीन तंत्र बना दिया है

**पटना।** हम लोग नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। आप सबको मालूम है। पिछले साल चुनाव हुआ था। इस लोकतंत्र में लोक हारा है। तंत्र जीत गया। आप कह सकते हैं। लोक की हार हुई है। तंत्र की जीत हुई है। जनतंत्र को इन लोगों ने मशीन तंत्र बना दिया है। हम लोग सब लोग जानते हैं कि क्या साजिश रची गई। छल कपट से ये लोग चुनाव जीते हैं। ये सरकार कैसे बनी है। पूरा देश इस बात को जानता है। लेकिन हम लोग मौजूदा जो सरकार है। क्योंकि हम लोग सकारात्मक राजनीति करते हैं। उपरोक्त बयान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मीडिया को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बिहार चुनाव में जीत कैसे मिली है, इसे पूरा देश समझ रहा है। वो अभी नहीं बोलेंगे। तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि हम तो सौ दिन तक अभी हम कुछ नहीं बोलेंगे। और देखते हैं कि सौ दिन बाद। कब हमारे माताओं- बहनों को दो दो लाख रुपया मिलता है।

(एजेंसी)





# 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी मर्दानी 3

**मुंबई।** मर्दानी 3 ' में रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं। यश राज फिल्म्स ने 'मर्दानी 3' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। मेकर्स इस फिल्म को शिवानी की अच्छाई और खौफनाक बुराई के बीच एक खूनी और हिंसक टकराव के रूप में पेश कर रहे हैं, जहां वह देश की कई लापता लड़कियों को बचाने के लिए समय के खिलाफ एक असाधारण रेस शुरू करती हैं। रानी मुखर्जी पहले ही खुलासा कर चुकी हैं कि यह एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर डार्क, डेडली और ब्रूटल होगी।

## लाइफ Style

# सदफ

## भोले बाबा की भक्तिन, रखती हैं व्रत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

स्प्लिट्सविला 16' में ' सदाफ़ शंकर कौन हैं? मिलिए अफगानिस्तान में जन्मी मॉडल और भगवान शिव की भक्त से, जो इस सीजन की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट बनती जा रही हैं। उनकी बेबाक कॉन्फिडेंस, दमदार मौजूदगी और अनोखी कहानी ने दर्शकों के बीच जिज्ञासा और चर्चा को जन्म दिया है।

9 जनवरी 2026 को स्प्लिट्सविला 16' के शुरू होने के बाद से एक कंटेस्टेंट लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। वो न तो गुल्लू हैं, न योगेश। इस कंटेस्टेंट का नाम सदफ शंकर है, जिनका जन्म अफगानस्तान में हुआ है। पिछले दस सालों से भारत में रह रही हैं और इस सीजन की सबसे चर्चित चेहरों में से एक बन गई हैं। सदफ शंकर फारसी मूल की मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ और अब मुंबई में रहती हैं। पिछले 10 सालों से भारत में रहकर उन्होंने यहां की संस्कृति को पूरी तरह अपनाया है। वह खुद को "देसी दिल से, फिल्मी अंदाज में और थोड़ी सी ड्रामा क्वीन जन्म से" बताती हैं। सदफ शंकर के इंस्टा पर 1.6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनकी बायो में लिखा है, 'मैं फेमस हूं, दुनिया को बस अभी पता नहीं चला,' जो उनके आत्मविश्वास को बखूबी दर्शाता है। सोशल मीडिया के मुताबिक, सदफ़ ने हाल ही में प्रोफेशनल मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। 'स्प्लिट्सविला 16' में सदफ का इंट्रोडक्शन उन्हें बेबाक, बोल्ड और नजरअंदाज करना नामुमकिन बताता है, जो अपने लुक्स से सबको इम्प्रेस करती हैं और एक नजर से ही सामने वाले को डराने का दम रखती हैं।



## हॉलीवुड मसाला




# बाफ्टा की दौड़ में वन बैटल ऑफ्टर

**लॉस एंजिल्स।** इन दिनों बाफ्टा अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं।




# कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड के जरिए हुए थे काफी मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड विनर डायरेक्टर टॉम चेरोन्स का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे से एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। यह डायरेक्टर कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड' के जरिए काफी मशहूर हुए थे। टॉम चेरोन्स ने डायरेक्टर के तौर टीवी से शुरुआत की थी। उन्होंने पहला टीवी सीरियल 'बेब्स इन द वुड्स' किया था। फिर 1990 में उन्होंने 'सीनफेल्ड' नाम का सीरियल डायरेक्ट किया। इस सीरियल ने उन्हें डायरेक्टर के तौर पर अलग पहचान दिलाई। इसी सीरियल के लिए उन्हें एमी अवॉर्ड मिला, जिसे उन्होंने क्रिएटर्स जेरी सीनफेल्ड और लैरी डेविड के साथ शेयर किया था। टॉम चेरोन्स ने न्यू मैक्सिको यूनिवर्सिटी से जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री हासिल की थी। बाद में अलबामा यूनिवर्सिटी से टेलीकम्युनिकेशंस में मास्टर डिग्री हासिल की।



# ओ रोमियो के टीजर में फरीदा ने दी गाली

**मुंबई।** हाल ही शाहिद कपूर की नई फिल्म 'ओ रोमियो' का टीजर रिलीज हुआ, जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। जहां इसमें शाहिद चर्चा बटोर रहे हैं, तो वहीं फरीदा जलाल भी छा गईं। हालांकि, उनका अवतार देख फैंस को झटका लगा है। दरअसल, 'ओ रोमियो' के टीजर में फरीदा जलाल गाली देती नजर आ रही हैं। दशकों लंबे करियर में यह पहली बार है, जब फरीदा जलाल गाली देती दिखीं और ऐसा अवतार नजर आया। यही बात फैंस को हजम नहीं हुई और वो हैरान हैं। फरीदा जलाल को यूं गाली देते देख फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। 'ओ रोमियो' का टीजर 10 जनवरी को रिलीज हुआ। विशाल भारद्वाज की इस फिल्म में पूरी कास्ट की झलक दिखाई गई, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया। पर सबसे ज्यादा ध्यान दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल ने खींचा।



# नीले ड्रम और हनीमून हत्या की वो सच्चाई

**नई दिल्ली।** जिन घटनाओं ने पूरे देश के रोंगटे खड़े कर दिए थे, अब उसकी कहानी ओटीटी पर देखने को मिल रही है। यह सीरीज आपका दिल दहला देने के लिए काफी है। अगर आप इस हफ्ते कोई सीरीज देखने की सोच रहे हैं तो आप इसे अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। इस डॉक्यु सीरीज का नाम है हनीमून से हत्या, जो महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या पर आधारित सच्ची घटना पर आधारित है। सीरीज में उन हत्याओं को दिखाया गया जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं और इसने लोगों के दिल दहला दिए। हनीमून से हत्या डॉक्यु सीरीज में जिन घटनाओं को दिखाया गया है, वो मेघालय सोनम रघुवंशी केस, भिवानी इन्फ्लुएंसर केस, मेरठ ब्लू ड्रम केस, मुंबई (नालासोपारा) टाइल केस और दिल्ली इलेक्ट्रिक शॉक केस शामिल हैं।

## टीवी मसाला


# इंडियन आइडल 3 के रह चुके हैं विजेता

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध सिंगर और एक्टर प्रशांत तमांग का 11 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में अपने आवास पर निधन हो गया। प्रशात साल 2007 में 'इंडियन आइडल सीजन 3' के विनर थे जिसके बाद उन्हें काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके अलावा वो वेब सीरीज पाताललोक 2 में भी नजर आए थे। वह 43 साल के थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिससे उनका निधन हो गया। हालांकि अभी इसकी मेडिकल पुष्टि नहीं हुई है। दार्जिलिंग के रहने वाले तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। बाद में कांस्टेबल के रूप में कोलकाता पुलिस में भर्ती हो गए। अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पुलिस ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत के प्रति अपने जुनून को हमेशा अपने अंदर पोषित किया। खबरों के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में एक लाइव परफॉर्मेंस के बाद राजधानी लौटे थे। इसके अलावा उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य बीमारी भी नहीं थी। कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के रूप में सेवा देने से लेकर दक्षिण एशिया में घर-घर में पहचाने जाने वाले नाम बनने तक, तमांग की यात्रा ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने हाल ही में 'पाताल लोक' के सीजन 2 में डैनियल लेचो के रूप में अपने दमदार अभिनय के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। उनके गीत 'बीर गोरखाली' और 'असारे महिमा' आज भी शक्तिशाली सांस्कृतिक गीतों के रूप में गूंजते हैं। तमांग को 2007 में इंडियन आइडल सीजन 3 जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली। इस जीत के बाद उनका एल्बम 'धन्यवाद' रिलीज हुआ। उन्होंने विदेशों में भी कई जगह परफॉर्म किया।



## टीवी के इन सितारों का फिल्मों में भी बजा डंका

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया को भले ही कुछ लोग कम आंकते हैं। छोटा प्लेटफॉर्म मानते हैं। लेकिन इसी जगह से कई सितारे ऐसे चमके, जिनका न सिर्फ इस छोटे पर्दे पर, बल्कि फिल्मों में भी डंका बजा है। मोना सिंह ने 'जस्सी जैसी कोई नहीं' से पॉप्युलैरिटी हासिल की। और टीवी की दुनिया में काफी नाम कमाया। लेकिन फिल्मों में भी इन्होंने झंडे गाड़े। '3 इडियट्स', 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी सुपरहिट मूवीज का हिस्सा रहीं। करण टैकर और क्रिस्टल डिसूजा को 'एक हजारों में मेरी बहना है' में साथ देखा गया था। और अब दोनों ही टीवी की दुनिया से निकलकर बड़े पर्दे पर अपनी धाक जमा रहे हैं। वेब सीरीज से लेकर बॉलीवुड मूवीज में ये नजर आ रहे हैं। इरफान खान हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने दूरदर्शन पर 'चाणक्य', 'भारत एक खोज', 'सारा जहां हमारा', 'बनेगी अपनी बात', 'चंद्रकांता' और 'श्रीकांत' जैसे शोज से नाम कमाया और फिर फिल्मों में भी सुपरहिट एक्टर रहे। 'पवित्र रिश्ता' और 'किस देश में है मेरा दिल' जैसे सुपरहिट शोज में अपने किरदार से घर-घर फेमस होने वाले सुशांत संह राजपूत हमारे बीच नहीं लेकिन उन्होंने टीवी के साथ-साथ फिल्मों में भी हाथ आजमाया था और शानदार काम के लिए कई खिताब भी जीते थे।



# FA9LA गाने के सिंगर फ्लिपराची करेंगे इंडिया का टूर

*मुंबई। धुरंधर अपनी कहानी के अलावा दर्शकों के बीच गाने '**FA9LA**' के कारण भी खूब चर्चा में रही। यह गाना बहरीन के रैपर फ्लिपराची ने तैयार किया है। जल्द ही वह भारत का टूर कर रहे हैं। धुरंधर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से अधिक का समय हो चुका है। फिल्म 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म का गाना **FA9LA** अब भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इस गाने पर देश ही नहीं, दुनिया भर में रील्स बन चुकी हैं। **FA9LA** के सिंगर रैपर फ्लिपराची हैं। उनकी भारत में भी अब अच्छी खास फैन फॉलोइंग हो चुकी है। अपने इंडियन फैंस का मनोरंजन अब फ्लिपराची लाइव करेंगे। जल्द ही भारत में उनका म्यूजिक टूर शुरू होगा।*

## भारत के किस शहर में होगा पहला शो



सिंगर, रैपर फ्लिपराची के इंडिया टूर की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वह अपना पहला लाइव शो बेंगलुरु में करेंगे। इस बात की जानकारी रैपर ने खुद इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए साझा की है। म्यूजिक टूर की बाकी तारीखों की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी। लेकिन, इसके लिए रैपर फ्लिपराची ने अपने इंडियन फैंस सजेशन मांगे हैं। उन्होंने कहा है कि फैंस अपने शहरों के नाम बताएं, जिसके बाद तय होगा कि वह अगला शो कहां करेंगे।

## अक्षय को फ्लिपराची के गाने से मिली लाइमलाइट

फिल्म धुरंधर के गाने **FA9LA** में अक्षय खन्ना ने भी कुछ वायरल डांस स्टेप्स किए। इस वजह से वह भी खूब चर्चा में रहे। फिल्म में लीड रोल रणवीर सिंह का था लेकिन अक्षय खन्ना को इस गाने के कारण ज्यादा सराहा गया। ऑडियंस को **FA9LA** गाने की जोरदार बीट्स और एनर्जी काफी पसंद आई। इस गाने के लिए फ्लिपराची को इंडिया में काफी फेम मिला।

# दो आंखें बारह हाथ से लेकर एआर रहमान तक गोल्डन ग्लोब में अब तक ऐसा रहा भारत का सफर

**नई दिल्ली।** गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स फिल्म और टेलीविजन जगत के सबसे चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल हैं। हर साल की तरह इस साल भी जनवरी में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड आयोजित होने जा रहे हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का आयोजन 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में किया जाएगा। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। हालांकि, भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह का प्रसारण सोमवार यानी 12 जनवरी को सुबह छह बजे होगा। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में कैसा रहा भारत का सफर? किस भारतीय फिल्म या कलाकार को मिला गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और कौनसी फिल्में व कलाकार हुए नामित।

***दो आखें बारह हाथ को मिला था गोल्डन ग्लोब*** : साल 1944 में शुरु हुए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारत को पहली उपलब्धि साल 1957 में मिली। जब दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम की फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ'को गोल्डन ग्लोब में नॉमिनेशन मिला। साथ ही इस फिल्म ने एक स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड भी अपने नाम किया। 'दो आंखें बारह हाथ'को सैमुअल गोल्डविन अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड मिला था।



***गांधी फिल्म ने लहराया था परचम*** : दो आंखें बारह हाथ के लगभग 26 साल बाद साल 1983 में रिचर्ड एटनबर्ग की फिल्म गांधी ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में परचम लहराया था। इस फिल्म ने कई कैटेगरी में अवॉर्ड जीता था। गांधी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, निर्देशक, स्क्रीनप्ले, नया कलाकार और सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था।

***मीरा नायर की सलाम बॉम्बे और मानसून वेडिंग को मिला नॉमिनेशन*** : गांधी के बाद साल 1989 में मीरा नायर की फिल्म सलाम बॉम्बे को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। हालांकि, फिल्म यह पुरस्कार अपने नाम नहीं कर सकी थी। तब यह अवॉर्ड 'पेल द कॉन्करर' को मिला था। इसके बाद साल 2002 में एक बार फिर मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की कैटेगरी में नामित हुई। लेकिन, यहां भी मीरा नायर को निराशा मिली और अवॉर्ड क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन को मिला।

***2009 में एआर रहमान बने गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय*** : 1983 में गांधी के अवॉर्ड जीतने के बाद भारत के लिए गोल्डन ग्लोब से अच्छी खबर सीधे 2009 में आई, जब दिग्गज संगीतकार एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल म्यूजिक स्कोर की कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला था। रहमान ने फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के लिए इस अवॉर्ड को अपने नाम किया था। इसके साथ ही एआर रहमान व्यक्तिगत रूप से गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय भी बने।

## दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा, नाम था मनोरमा

# घरों में झाड़ू-पोछा करने वाली, फिल्मों में बनाए रिकॉर्ड, गिनीज बुक में नाम

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में ऐसे कई नगीने उभरे हैं, जिन्होंने मुफलिसी में जिंदगी गुजारी, पेट पालने के लिए फाके करने पडे, पर कड़ी मेहनत से न सिर्फ अपनी किस्मत की लकीरें सुधारीं, बल्कि दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया। ऐसी ही एक कलाकार रहीं, जिनके बारे में बता रहे हैं। फिल्मों में आने से पहले यह एक नौकरानी थी। लोगों के घरों में जाकर जूठे बर्तन मांजती और साफ-सफाई करती थी, पर जब फिल्मों में आई तो हर कोई इसका हुनर देख दंग रह गया। दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा। नाम था मनोरमा, जिन्हें प्यार से 'आची मनोरमा' भी कहा जाता था। इन्होंने अपने कॅरियर में पांच-पांच मुख्यमंत्रियों संग काम किया था। हालांकि, उनका असली नाम गोपीशांता था।



### गरीबी में जन्मा एक सितारा जो दुनिया भर में चमका

आची मनोरमा तमिलनाडु के मन्नारगुड़ी में एक गरीब परिवार में पैदा हुई थीं। परिवार की स्थिति ऐसी नहीं थी कि भरपेट खा सकें। इसलिए मां नौकरानी का काम किया करती थीं। मनोरमा ने अपने करियर में 1500 से अधिक फिल्में कीं और 5 हजार से ज्यादा स्टेज शोज किए थे। उन्होंने कई टीवी सीरियलों में भी काम किया और नेशनल अवॉर्ड भी जीता। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तक में दर्ज किया गया। हालांकि, यहां तक का सफर बहुत टेढ़ा-मेढ़ा और कठिनाइयों भरा था, जिसकी शुरुआत मां की जानलेवा बीमारी के साथ हो चुकी थी।

### घरों में नौकरानी बन गई

मनोरमा की मां को कैंसर था। वह लोगों के घरों में नौकरानी का काम करती थीं, पर बीमारी की वजह से वह काम भी छूट गया और भूखे मरने की नौबत आ गई। मनोरमा ने जब देखा की मां को खून की उल्टियां हो रही हैं, तो वह टूट गई थीं। उस वक्त वह सिर्फ 11 साल की थीं, पर उन्होंने नन्ही सी उम्र में ही घर का भार संभाल लिया। मनोरमा ने स्कूल जाना छोड़ दिया और घर-घर जाकर बर्तन साफ करने और चूल्हे-चौके का काम शुरू कर दिया। उससे जो पैसे मिलते, उनसे घर का गुजारा चलता। लेकिन मां का इलाज तब भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि आमद इतनी नहीं थी।

### मुख्यमंत्रियों संग कीं फिल्में, कभी वो थे एक्टर

मनोरमा एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में पांच मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया था। ये थे- एनटी रामाराव, एन अन्नादुरई, जयललिता, एम.जी. रामाचन्द्रन और एम करुनानिधि। दरअसल, ये सभी मुख्यमंत्री बनने और राजनीति में आने से पहले फिल्मों में एक्टिव थे। उसी दौरान मनोरमा ने इन सभी के साथ फिल्में की थीं। मनोरमा ने 1960 तक तो फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाए और एक्टिंग की, लेकिन फिर वह कॉमेडी रोल करने लगीं। इसके बाद तो उनके करियर को और नई जिंदगी मिली। कॉमेडी में मनोरमा को खूब पसंद किया गया।

### इस शख्स का एहसान मानती थीं

मनोरमा ने एक बार हमारे सहयोगी 'ईटाइम्स' को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर एक्टर कनादासन नहीं होते, तो वह भी जिंदा नहीं होतीं। उन्होंने ही एक्ट्रेस से कहा था कि अगर सिर्फ एक्टिंग की करती रहोगी तो इंडस्ट्री वाले कुछ साल में ही बाहर उठाकर फेंक देंगे, और कॉमेडी करोगी तो बहुत आगे तक जाओगी। मनोरमा ने करीब 57 साल तक फिल्मों में काम किया, एक्टिंग की और ढेरों गाने गाए। उन्होंने लगभग सभी पॉपुलर म्यूजिक डायरेक्टर्स के लिए गाने गाए।

### ऐसे मिला था एक्टिंग का मौका, सिंगर भी कमाल की

ऐसे में तब मनोरमा ने कुछ और काम करने की भी सोची। उसी दौरान एक नाटक मंडली उनके गांव में आई। बताया जाता है कि उस मंडली की हीरोइन गाना नहीं गा पा रही थी। मनोरमा ने गाने की पेशकश की। उन्होंने गाना गाया और इस तरह 11 साल की उम्र में ही एक्टिंग के साथ-साथ सिंगर के तौर पर भी शुरुआत हो गई। मनोरमा एक अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमाल की सिंगर भी थीं, और इसी से उनके लिए फिल्मी दुनिया के रास्ते खुले।

### 1500 से ज्यादा फिल्में गिनीज बुक में दर्ज नाम

मनोरमा को नाटक मंडली में काम करते हुए पहली फिल्म 'इनबावाज्वु' मिली और वह छा गईं। इसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। मनोरमा ने एक के बाद एक 1500 से अधिक फिल्मों में काम किया। इसी के कारण उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया।

केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड में खुलेंगे समृद्धि के द्वार

# 500 करोड़ की लगात से बनाया जाएगा राहतगढ़, खुरई रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश दुग्ध उत्पादन को 20 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है। भावांतर योजना से किसानों को उनकी फसल का वाजिब दाम मिल रहा है और विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं से किसानों को आने वाले भविष्य में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 गायों के साथ डेयरी खोलने पर 40 लाख की योजना पर 10 लाख रुपए का अनुदान सरकार देगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को सागर जिले के खुरई में विभिन्न विकास कार्यों के भूमि-पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा, महिला, गरीब, किसान के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। देश और प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को किसान सम्मान निधि के जरिए प्रत्येक किसान को 10 हजार रुपए प्रदान किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बगिया मां के नाम योजना के माध्यम से एक एकड़ में बगिया लगाने पर सरकार के माध्यम से 2 लाख रुपए प्रदान किए जा रहे हैं।

## किसान कल्याण वर्ष-2026 में कृषि को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार कर रही कार्य

मुख्यमंत्री ने खुरई विधानसभा क्षेत्र को दीं एक हजार करोड़ की सौगातें



लोकार्पण समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### पुनरुद्धार के क्षेत्र में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है

खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि कृषि, नवाचार और सांस्कृतिक पुनरुद्धार के क्षेत्र में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विकास की मशाल जलाकर मप्र में सुशासन स्थापित कर रहे हैं। औद्योगिक क्रांति की शुरुआत करते हुए उन्होंने राज्य को एक प्रमुख लॉजिस्टिक हब बनाने का जो मार्ग प्रशस्त किया।

### सरकार ने 9 से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक का लक्ष्य रखा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा है कि मप्र में खेती के साथ साथ पशुपालन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मप्र में पशुपालन के माध्यम से दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए गौशाला खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। खुरई में कृषि यंत्रों के निर्माण उद्योग को और आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। वर्तमान में मप्र में 9 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन हो रहा है। सरकार ने इसे 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पाद को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। जिनसे से प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो रही है।

### जोरदार उत्साह के लिए सीएम ने माना जनता का आभार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमुदाय पर पुष्पवर्षा की एवं दोनों हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि पहली बार खुरई आकर प्रसन्नता हुई। जोरदार उत्साह के लिए मुख्यमंत्री ने खुरई की जनता का आभार माना। मुख्यमंत्री ने मंच से ही रिमोट से 312 करोड़ रुपए के 86 विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि बुंदेलखंड अब शिक्षा के क्षेत्र में भी लगातार प्रगति कर रहा है। रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव और औद्योगिक क्रांति से यह क्षेत्र समृद्ध हो रहा है।

### मुख्यमंत्री ने की कई प्रमुख घोषणाएं

*500 करोड़ की लगात से राहतगढ़, खुरई रोड बनाया जाएगा। 429 करोड़ की बीना नदी परियोजना के माध्यम से 90 हजार हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा। इसे शीघ्र पूरा किया जाएगा। खुरई कृषि महाविद्यालय के भवन निर्माण एवं सुविधाओं के विकास के लिए 25 करोड़ दिए जाएंगे। खुरई में युवाओं को नवीन आईटीआई शुरू कर प्रशिक्षण दिया जाएगा। खुरई में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एथलेटिक ट्रैक लगाया जाएगा। मालथौन में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा। दो सांदीपनि विद्यालय खुलेंगे। रजवास में 133 केवी का विद्युत सब स्टेशन स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के खुरई आगमन पर उनका बुन्देली परंपरा के अनुसार भव्य एवं आत्मीय स्वागत हुआ। मुख्यमंत्री के 6 किमी लंबे रोड शो में नगर सहित आसपास उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। नागरिकों ने अनोखे और आकर्षक तरीकों से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।*


लोकार्पण करते सीएम।

## तय करिए किस अफसर पर चले केसः प्रियंक

**भोपाल।** शहर के स्लाटर हाउस में गो हत्या के मामले को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा है कि भोपाल में सरकारी पैसे से बने नगर निगम के स्लॉटर हाउस में गो-हत्या कर गोमांस को पैक कर के बेचने के मामले में पकड़ाए असलम चमड़ा के विरुद्ध शिकायत थी कि वो अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को भोपाल लाकर गौ कशी करवाता है। हमने पुलिस को जाँच के निर्देश दिए थे तत्पश्चात पुलिस ने असलम के बयान को सत्य मान कर हमको जो रिपोर्ट प्रेषित की थी उसके अनुसार तो नगर निगम ही इस कत्लखाने का संचालक है। तो अब तय करिए कि निगम के किस अफसर पर मुक़दमा बनना चाहिए? इसकी जड़ें गहरी हैं भोपाल के आदमपुर छावनी में मृत पशुओं के शव के निष्पादन के लिए 5 करोड़ की सरकारी लागत से बना रेंडरिंग प्लांट भी इसी असलम चमड़े के पास है। ये दोनों संयंत्र इस से वापस लेने होंगे और अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों की जाँच कर उन्हें भोपाल की पूज्य मातृ भूमि से बाहर खदेड़ना होगा।

मुख्यमंत्री ने लुधियाना के समराला में जनसभा को संबोधित कर भगवंत सरकार पर निशाना साधा

# नायब बोले- पंजाब में चुटकुलों की सरकार चार साल बिना काम किए ही निकाल दिए

*मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर वे स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश और प्रदेश को अनुभवी, जिम्मेदार और जनहित के प्रति समर्पित शासन की आवश्यकता है। राजनीति सत्ता सुख का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम होनी चाहिए, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे सत्ता सुख का साधन बना लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने चार साल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ चुटकुले सुनाकर जनता का पेट भरते आ रहे है। मुख्यमंत्री ने पंजाब की गुरु परंपरा का उल्लेख करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे अन्याय और झूठ की राजनीति को नकारते हुए विकास, ईमानदारी और राष्ट्रहित आधारित सुशासन को मजबूत करने में अपना योगदान दें। मुख्यमंत्री रविवार को पंजाब के लुधियाना जिले के समराला में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- आम आदमी पार्टी सरकार ने महिलाओं को 1100 रुपए महीना देने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ। जबकि हम हरियाणा में हर महिला को 2100 रुपए महीना दे रहे हैं। हमने जो वादे किए थे, हम उन्हें पूरा कर रहे हैं।



### हरियाणा का विकास मॉडल देश में सुशासन का आधार बनेगा : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोक निर्माण विभाग की ओर से अभियंताओं के प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और आधुनिक परियोजना प्रबंधन में मार्गदर्शन के लिए विकसित कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क 2026 का विमोचन, लोकपथ मोबाइल ऐप के उन्नत संस्करण - लोकपथ 2.0 का लोकार्पण किया। यह एप सड़क रखरखाव की निगरानी, नागरिक शिकायतों के त्वरित निवारण, रूट प्लानिंग, ब्लैक स्पॉट अलर्ट, आपातकालीन एसओएस सुविधा तथा सड़क किनारे उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी जैसी सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को एक समग्र, उपयोगकर्ता-अनुकूल और आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा।

चरण कंवल साहिब के किए दर्शन

### गुरुओं ने समाज और देश की भलाई के लिए बलिदान दिया



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को अपने पंजाब दौरे के दौरान ऐतिहासिक गुरुद्वारा चरण कंवल साहिब, माछीवाड़ा, लुधियाना पहुंचकर माथा टेका और गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि इस पवित्र स्थल पर आकर वे स्वयं को अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक स्थान है जहां दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह ने आकर कठोर तपस्या की थी और देश व समाज को धर्म, साहस और मानवता की शिक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने सदैव समाज और देश की भलाई के लिए संघर्ष किया और महान बलिदान दिए।

## बाणगंगा क्षेत्र में गुमराह कर हो रहा सर्वेः शर्मा

**भोपाल।** बाणगंगा क्षेत्र में पांच से छह हजार मकान धारक करीब 50 से 60 सालों से अपने पक्के मकानों में रह रहे है। नगर निगम द्वारा गुमराह करके सर्वे कर हटाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार ने जिन बस्तियों को हटाया उन्हें आवास आवंटित नही किए। अगर लोगों को जबरदस्ती हटाया गया तो कोर्ट जाएंगे।

यह बात पूर्व विधायक पीसी शर्मा ने शनिवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि रहवासियों के पास 1984 के 30-30 वर्ष के पट्टे हैं। मकान मालिकों के पास वर्ष 1974 का अलाटमेंट है और कुछ मकान धारकों के पास, लेंड लीज एवं रजिस्ट्री उपलब्ध है। भदभदा बस्ती के 400 परिवार 12 नं. बस्ती सहित अन्य कई ऐसी बस्तियां हैं जिन्हें आज तक एचएफए के तहत मकान आवंटित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि भीमनगर, वल्लभ नगर, ओम नगर बस्ती, अरेरा अरेरा हिल्स के झुग्गीयों के सर्वे हुए थे। एक साल पूर्व उनको पहले कहा गया कि वहीं अरेरा हिल्स पर मकान बनाकर देंगे, फिर कहा बाणगंगा में मकान बनाकर देगें, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते अनियंत्रित होकर पलटी कार, जांच जारी

# भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, दो युवतियां गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिले के अंबिकापुर में मणिपुर थाना क्षेत्र के हर्राटिकरा इलाके में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाई जा रही कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसके परिणामस्वरूप कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि कार में सवार अन्य दो युवक भी चोटिल हुए हैं। दुर्घटनाग्रस्त कार में कुल छह लोग सवार थे। मृतकों की पहचान कार चालक विशाल तिर्की और उसके दोस्त अंजित कुजूर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विशाल तिर्की एक शिक्षिका का बेटा था और वह अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान यह दुखद घटना घटी। हादसे में घायल हुई युवतियों की पहचान निकिता कुजूर और तारा कुजूर के रूप में हुई है, जो कॉलेज की छात्राएं हैं। दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए अंबिकापुर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में सवार वाहन मालिक आर्यन कुजूर और अनिमेष तिर्की भी इस दुर्घटना में घायल हुए हैं।

**मध्यप्रदेश के दो युवक शामिल**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार दोनों युवतियां अंबिकापुर के एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थीं और वे सीतापुर व बगीचा क्षेत्र की रहने वाली हैं। वहीं, कार में सवार दो युवक मध्य प्रदेश के भोपाल और जबलपुर के निवासी बताए जा रहे हैं, जबकि दो अन्य युवक अंबिकापुर के ही रहने वाले थे। पुलिस का कहना है कि सभी युवक-युवतियां सेमरडांड की ओर से लौट रहे थे। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि सभी शराब के नशे में थे।

### तेज रफ्तार हाइवा ने ली शिक्षिका की जान

दुर्ग सड़क सुरक्षा सप्ताह के बावजूद सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में रानीतराई थाना क्षेत्र के ग्राम कौही के समीप एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब शिक्षिका अपने एक्टिवा से मायके जा रही थीं। तेज रफ्तार हाईवा ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी जान चली गई। यह दुखद घटना कौही गांव के मोड़ के पास हुई। 48 वर्षीय मधुबाला चंद्राकर, जो कुरूद की रहने वाली थीं, ग्राम बगौद स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थीं। वह अपने एक्टिवा वाहन से अपने मायके ग्राम आमालोरी जा रही थीं। इसी दौरान, तेज गति से आ रहे एक हाईवा ट्रक ने उन्हें अनियंत्रित होकर अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि शिक्षिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के संबंध में, पुलिस ने हाईवा वाहन को जब्त कर लिया है और चालक को हिरासत में ले लिया है।

## पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा पकड़ा



**कबीरधाम।** पुलिस ने गांजा सप्लाई को लेकर बड़ी कार्रवाई किया है। जिले के बोड़ला थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बोड़ला एसडीओपी अखिलेश कौशिक ने बताया कि गांजा की कुल मात्रा 26.860 किलो है, जिसकी कीमत 13 लाख 34 हजार रुपए, जिस वाहन में गांजा को एमपी ले जाया जा रहा था, उस बोलेरो की कीमत 12 लाख रुपए है। दोनों तस्कर बोलेरो वाहन में विशेष रूप से बनाए गए सीक्रेट चैंबर में गांजा के 25 पैकेट छिपाकर तस्करी कर रहे थे।

पकड़े गए आरोपी का नाम लाला चर्मकार पिता कामता प्रसाद व राधिका मल्ला पिता रामचंद्र मल्ला दोनों निवासी ग्राम जवा थाना जवा जिला रीवा मध्य प्रदेश है। बताया जा रहा है कि ये आरोपी गांजा को ओड़िसा से लेकर एमपी जा रहे थे। इस बीच बोड़ला पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। आरोपियों से पूछताछ व आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 समारोह में बोले सीएम

# सुशासन का मतलब केवल औपचारिकता नहीं, कामकाज में असर दिखना चाहिए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि सुशासन का मतलब केवल कागजी औपचारिकता नहीं, बल्कि उसका असर आम लोगों के जीवन में और अधिकारियों के कामकाज में साफ नजर आना चाहिए। वे नवा रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार 2025-26 समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ई-प्रगति पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए राज्य के सभी विभागों के 25 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। निर्माण की मंजूरी से लेकर बजट, भुगतान, मजदूरी और प्रगति की जानकारी अब सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचेगी, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में सुशासन और नवाचार के लिए 5 विभागों और 5 जिलों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे पुरस्कारों से अच्छा काम करने वाले अधिकारी और जिले प्रोत्साहित होते हैं। आने वाले समय में यह पुरस्कार 8 अलग-अलग श्रेणियों में दिए जाएंगे।

### अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य यह है कि अंतिम व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं बिना भटके पहुंचें। अटल डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधार, पेंशन, बैंकिंग और बिल भुगतान जैसी सेवाएं एक ही जगह मिल रही हैं। ई-प्रगति पोर्टल से योजनाओं की निगरानी और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि राज्य में सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन कर योजनाओं के बेहतर समन्वय पर काम किया जा रहा है। पिछले दो वर्षों में 400 से अधिक नीतिगत सुधार किए गए हैं, जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया सरल और प्रभावी हुई है। मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री विभाग में किए गए सुधारों और सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की भी जानकारी दी। साथ ही शिक्षा विभाग के विद्या समीक्षा केंद्र और पंचायत विभाग की क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था को सुशासन के सफल उदाहरण बताया।

## खंडेलवाल ने वीबी-जी रामजी योजना को लेकर की प्रेसवार्ता, आजीविका के स्थाई स्त्रोत किए जाएंगे विकसित

रतलाम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की प्रेस कांफ्रेंस

# वीबी-जी रामजी योजना गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम करेगी : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को रतलाम के अतिथि गार्डन में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन-ग्रामीण (वीबी-जी रामजी) को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि यह योजना गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलने का कार्य करेगी। इस योजना के जरिए राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और गांवों में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों की आजीविका के स्थायी स्त्रोत विकसित किए जाएंगे। इस योजना में ऐसा प्रावधान भी किया गया है कि फसलों की बुवाई-कटाई के समय खेती के लिए मजदूर मिल सकें। इसका फायदा मजदूरों को होगा। उन्हें 125 दिन रोजगार की गारंटी तो वीबी-जी रामजी योजना के तहत है ही, 60 दिन खेतों में मजदूरी के लिए भी मिल जाएंगे। ऐसे में देखा जाए तो मजदूरों को 185 दिन का रोजगार गांवों में ही मिल सकेगा। नई योजना में गांवों के विकास के हिसाब से योजना बनाकर भी कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस पर कार्य हो रहा है। इस योजना में तनिक भी भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महात्मा गांधी के विचारों को साकार करने का कार्य कर रहे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों को मिलेगा सीधा फायदा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि वीबी-जी रामजी योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में क्रांति लाएगी। योजना में रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में मजदूरी भत्ते का भी प्रावधान किया गया है। नई योजना में ग्राम पंचायतों को परिवार का पंजीयन और रोजगार गारंटी का अधिकार दिया गया है। नई योजना में राज्यों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीण क्षेत्रों को होगा। ग्राम पंचायतों, गांवों में विकास के साथ निर्माण कार्य भी कराए जा सकेंगे। कई ऐसे कार्यों को नई योजना में शामिल किया गया है, जो पहले की योजना में नहीं थे।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने रतलाम में की बैठकें**

### *बूथ स्तर तक योजना बनाकर संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाना हैः खंडेलवाल*



पीसी करते खंडेलवाल।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को रतलाम के अतिथि गार्डन में पार्टी की जिला बैठक, वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान, छोटी टोली के साथ सोशल मीडिया, आईटी टोली और मन की बात टोली की बैठकों को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी मजबूती संगठन शक्ति है। हमें अपने संगठन को और मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक योजना बनाकर संगठनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाना है। मजबूत संगठन से ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण होता है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की अटूट निष्ठा, अथक परिश्रम और वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ संघर्ष, त्याग और विचारधारा के कारण आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बनकर देश और समाज का मार्गदर्शन कर रही है। भाजपा कार्यकर्ताओं को खोज-खोजकर दायित्व देती है। पार्टी में किसी भी दायित्व के लिए किसी कार्यकर्ता को कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं होती। कार्यकर्ता की सक्रियता ही अवसर बनकर सामने आती है। भाजपा में कोई भी कितना भी बड़े दायित्व पर क्यों न हो, उसके मन में सदैव कार्यकर्ता भाव बना रहना चाहिए। जनसंघ से लेकर आज भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा अत्यंत संघर्षपूर्ण, त्याग और समर्पण से भरी रही है।

**भाजपा किसान मोर्चा की बैठक**

### *वीबी-जी रामजी योजना ग्रामीण भारत के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक पहलः यति*

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विकसित भारत, गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन-ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन, संगठनात्मक मजबूती तथा किसानों और ग्रामीण मजदूरों तक योजना की जानकारी पहुंचाने की रणनीति पर विचार-विमर्श करना रहा। बैठक को भोपाल अध्यक्ष रविंद्र यति, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपाल सिंह एवं किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह ने संबोधित किया।


रवींद्र यति (फाइल)

## चिंतन

# अमेरिका का दूसरों के मामलों में दखल क्यों

जब आकांक्षाएं बदलती हैं तो इसका असर कहीं न कहीं दिखाई देता ही है। ऐसा ही काम अब दुनिया का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हर देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते नजर आते हैं। हाल ही में टैरिफ से दुनिया में हलचल मचाने वाले ट्रंप युक्रेन, वेनेजुएला के बाद अब ईरान में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। हालांकि अमेरिका की शुरू से ही दूसरों के मामलों में टांग अड़ाने की आदत रही है। आखिर अमेरिका जैसे देश का दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप कहां तक उचित है। वह भी तब, जब दुनिया में बदलाव की बयार चल रही हो। अब मामला ईरान का है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान का कहना है कि अमेरिका और इज़राइल ईरान में दंगे भड़काकर अराजकता और अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानियों से दंगाइयों और आतंकवादियों से दूरी बनाए रखने का आह्वान किया। बता दें कि ईरान में धार्मिक सत्ता को चुनौती देने वाले राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों को दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है। हिंसक प्रदर्शनों में अब तक 190 लोगों की जान जा चुकी है। ईरान के संसद अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के अनुसार इस्लामी गणराज्य पर हमला करता है, तो अमेरिकी सेना और इज़राइल उसके वैध लक्ष्य होंगे। ईरान का कहना है कि अमेरिका न सिर्फ अशांति एवं असुरक्षा का वातावरण बना रहा है, अपितु आतंकवाद और हिंसा भी भड़का रहा है। साथ ही, उसने यह भी आरोप लगाया कि ईरान में आर्थिक समस्याओं की बड़ी वजह अमेरिका द्वारा लगाए गए अवैध एवं अन्यायपूर्ण प्रतिबंध हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि वह ईरान में मानवाधिकारों की रक्षा और परमाणु समझौते के पालन को सुनिश्चित करना चाहता है। ईरान का मानना है कि वह उसके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है और अशांति फैला रहा है। अमेरिका एक वैश्विक शक्ति है और वह अपने हितों को बचाने के लिए दूसरों के मामलों में दखल देता है। बता दें कि ईरान में अमेरिका के दखल का इतिहास 1953 से शुरू होता है, जब अमेरिका ने ईरान के प्रधानमंत्री मोहम्मद मोसादेघ की सरकार का तख्तापलट करवा दिया था। इसके बाद ईरान में शाह वंश का शासन स्थापित हुआ, जो अमेरिका के इशारों पर काम करता था। 1978 के बाद से अमेरिका की दुश्मनी ईरान के साथ ज्यादा बढ़ गई। ईरान को कंट्रोल करने के लिए 1979 के बाद से अमेरिका ने कई कवायद की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिल पाई। आखिरी बार जून 2025 में जब अमेरिका ने ईरान पर हमला किया था, तो उस वक्त ईरान ने होर्मुज के नीचे बारूद बिछवा दिया। इसकी वजह से आनन-फानन में अमेरिका को सीजफायर करना पड़ा। अब ट्रंप नए सिरे से ईरान पर कंट्रोल हासिल करने की प्लानिंग में हैं। कहा यह भी जा रहा है कि ईरान की इकोनॉमी मुख्य रूप से ऑयल और नैचुरल गैस पर निर्भर है। ईरान के पास 208209 अरब बैरल तेल अभी भी है। ये दुनिया के कुल प्रमाणित तेल भंडार का 12% हिस्सा है। ईरान को सऊदी अरब और इजराइल का विरोधी माना जाता है। ये दोनों ही देश अमेरिका के करीबी हैं। अमेरिका की नजर ईरान के ऑयल और गैस रिजर्व पर है। अगर अमेरिका, ईरान पर कंट्रोल कर लेता है, तो दुनिया के व्यापार का 20% उसके कब्जे में आ जाएगा। अमेरिका की खास दिलचस्पी होर्मुज स्ट्रेट और फारस की खाड़ी को लेकर भी बताई जा रही है।

## संकल्प

डॉ. पवन कुमार शर्मा



# राष्ट्र चेतना व आस्था का उत्सव है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में गुजरात के सोमनाथ को बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में प्रथम स्थान पर रखा गया है, जिससे भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में उसके महत्व का पता चलता है। यह उस सभ्यतागत विश्वास को प्रतिबिंबित करता है कि सोमनाथ भारत के आध्यात्मिक भूगोल का आधार है। गुजरात में वेरावल के निकट प्रभास पाटन में अरब सागर के किनारे स्थित, सोमनाथ केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि भारत की सभ्यतागत निरंतरता का एक जीवंत प्रतीक है। 1000 वर्ष पूर्व, 1026 ईस्वी में महमूद गज़नवी ने पहली बार हिंदू आस्था के इसी केंद्र बिंदु सोमनाथ पर आक्रमण किया था, लेकिन आक्रमणों, विध्वंस और अपमान के बावजूद सोमनाथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया। आस्था के इस केंद्र की गौरवशाली विरासत को याद करने के लिए 8 से 11 जनवरी 2026 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। यह भव्य आयोजन भारत की सांस्कृतिक अस्मिता, ऐतिहासिक स्मृति, राष्ट्रीय स्वाभिमान और राष्ट्र चेतना का प्रतीक बन गया है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का उद्देश्य भारत की उस आत्मा को स्मरण करना है, जिसने हर दौर में पुनर्निर्माण का साहस दिखाया।

सोमनाथ मंदिर का इतिहास बताता है कि कैसे यह स्थल बार-बार नष्ट किया गया, लेकिन हर बार और अधिक भव्यता के साथ खड़ा हुआ। यह पर्व नई पीढ़ी को अपने अतीत से जोड़ने और आत्मगौरव की भावना जागृत करने का माध्यम है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में देश-विदेश से श्रद्धालु, संत, इतिहासकार और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए। सहस्त्र वर्षों के लंबे संघर्षकाल के बाद आया यह मौका केवल उत्सव का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का भी अवसर बना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सोमनाथ को भारत की आत्मा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत की अटूट चेतना और स्वाभिमान का साक्षात स्वरूप है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि इतिहास को केवल पीड़ा के रूप में नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्त्रोत के रूप में देखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने सोमनाथ को तोड़ने का प्रयास किया, वे इतिहास में खो गए, लेकिन सोमनाथ आज भी अडिग खड़ा है। राष्ट्र निर्माण में आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना का होना आवश्यक है। उन्होंने विकास और विरासत के संतुलन की बात करते हुए कहा कि आधुनिक भारत अपनी प्राचीन जड़ों पर गर्व करता है। प्रधानमंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत में सोमनाथ का पुनर्निर्माण केवल धार्मिक कार्य नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना थी। आज का भारत आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और सांस्कृतिक रूप से जागरूक भारत है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व इसी चेतना का प्रतीक है। जब राष्ट्र अपनी जड़ों से जुड़ा होता है, तभी वह वैश्विक मंच पर मजबूती से खड़ा हो सकता है। स्वाभिमान पर्व के दौरान 72 घंटे का अखंड ओंकार जाप, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रकाश-ध्वनि कार्यक्रम और ऐतिहासिक प्रदर्शनी आयोजित की गईं।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से सोमनाथ के इतिहास और संघर्ष को जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुंचाया गया। सदियों तक सोमनाथ करोड़ों लोगों की श्रद्धा और उपासना का केंद्र रहा है। इसे बार-बार उन आक्रमणकारियों द्वारा निशाना बनाया गया, जिनका उद्देश्य भक्ति नहीं, बल्कि विनाश था। इसके बावजूद सोमनाथ की कथा सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों के अटूट साहस, विश्वास और संकल्प से जानी जाती है। पुराणों के अनुसार, सोमनाथ मंदिर की स्थापना स्वयं चंद्रदेव ने की थी। कहा जाता है कि चंद्रमा ने भगवान शिव की आराधना कर अपने क्षय रोग से मुक्ति पाई और कृतज्ञता स्वरूप इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना की। ऋग्वेद, स्कंद पुराण, शिव पुराण और भागवत पुराण में सोमनाथ की महिमा का वर्णन मिलता है। प्राचीन काल में सोमनाथ मंदिर अपार संपन्नता और वैभव का केंद्र था। विदेशी यात्रियों के वर्णनों के अनुसार, मंदिर में सोने-चांदी के कलश, रत्नजड़ित द्वार और हजारों दीपक सदैव प्रज्ज्वलित रहते थे। समुद्री व्यापार के कारण यह क्षेत्र अत्यंत समृद्ध था और सोमनाथ उस समृद्धि का प्रतीक था। यह मंदिर आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देता रहेगा कि आस्था और आत्मबल के सामने कोई भी आक्रमण टिक नहीं सकता। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल अतीत की स्मृति नहीं बल्कि भविष्य का संकल्प है। यह दिव्य भव्य आयोजन संदेश देता है कि भारत अपनी आस्था, इतिहास और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें



जयंती विशेष

शिवप्रकाश

> स्वामी विवेकानंद कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया। वे स्वतंत्र आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य उनके द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हुआ था। भगवान शिव की कृपा स्वरूप वह प्रसिद्ध अधिवक्ता पिता विश्वास नाथ दत्त एवं माता भुवनेश्वरी देवी के परिवार में जन्मे थे। बचपन में उनको नरेन्द्रनाथ दत्त नाम मिला था। बाल्यकाल में उनको विले एवं नरेन के नाम से भी पुकारा जाता था। स्वामी रामकृष्ण परमहंस से दीक्षा लेने की बाद प्रारंभ में वह विविदिषानन्द तत्पश्चात वह विश्व भर में स्वामी विवेकानंद के नाम से प्रसिद्ध हुए। वह कुशाग्र बुद्धि, युवा प्रणेता, शिक्षा उन्नायक, समाज सुधारक, धर्म प्रचारक एवं समरसता के प्रेरक जैसे गुणों से युक्त थे। युवा पीढ़ी में भारतीय स्वाभिमान को बढ़ाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उनके आह्वान के कारण अंग्रेजी दासता से मुक्ति के लिए अनेक युवकों ने अपना संपूर्ण जीवन स्वतंत्रता के लिए दांव पर लगाया। स्वामी विवेकानंद 11 सितंबर 1893 के विश्व धर्म सभा के अपने भाषण के कारण विश्व प्रसिद्ध हो गए। भारत सरकार ने 1984 से स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को "युवा दिवस" के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

क्रिस्टोफर कोलंबस के अमेरिका पहुंचने के 400 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिकागो (अमेरिका) में विश्व धर्म सभा का आयोजन किया गया था। इसका उद्देश्य विगत 400 वर्षों में हुई भौतिक प्रगति को दिखाना एवं ईसाई धर्म का वैश्विक विस्तार एवं उसकी श्रेष्ठता को सिद्ध करना था। मिशिगन झील के चारों तरफ़ एक भव्य एवं विशाल प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था। 494 किलोमीटर लम्बी झील पर लगी इस प्रदर्शनी को लाखों लोगों द्वारा देखा गया। इस आयोजन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम धर्मसभा के अंतर्गत हुए स्वामी विवेकानंद के संक्षिप्त भाषण से भारत के धर्म, विचार एवं दर्शन के साथ-साथ भारतवासियों द्वारा संपूर्ण विश्व के प्रति किए गए व्यवहार का दर्शन संपूर्ण विश्व को हुआ। उनके सारगर्भित भाषण से हिंदू धर्म संपूर्ण विश्व में पुनः स्थापित हुआ। साथ ही स्वामी विवेकानंद भी संपूर्ण विश्व में प्रसिद्ध हो गए। अपने भाषण में उन्होंने हिंदू धर्म में वर्णित संपूर्ण विश्व को परिवार मानने की हमारी दृष्टि, सहिष्णुता ही नहीं सभी सत्य है एवं इस सत्य की यात्रा अपने-अपने मार्ग से करते हुए एक ही स्थान पर पहुंचते हैं तथा हिन्दू धर्म को सभी को स्वीकार कर शरण देने वाला हमारा व्यवहार यह उनके भाषण का सार था। इसको शिव महिमा स्तोत्र एवं गीता के मंत्र को गायन कर उन्होंने प्रतिस्थापित किया, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। संपूर्ण पृथ्वी के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए व्यवस्थाओं का अतिक्रमण, अनेक देशों में परस्पर चलने वाले युद्धों से कराहती मानवता, अपने धर्म के विस्तार के लिए दूसरे धर्म अनुयायियों की समाप्ति के प्रयास, आज भी संपूर्ण मानवता के सम्मुख चुनौती हैं। इसी की चेतावनी जिसको स्वामी जी ने अपने भाषण में वर्णित किया था कि सांप्रदायिकता, हठधर्मिता, धर्मांधता पृथ्वी को हिंसा से भरती रही है। उन्होंने आह्वान किया था कि सभा के सम्मान में हुआ उत्पीड़न एवं पारस्परिक कटुता का मृत्यु निनाद सिद्ध होगा। यह लक्ष्य प्राप्ति अभी भी कोसों दूर है। हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के लिए उन्होंने समाज का आह्वान किया था।

अस्पृश्यता पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा था कि "हिंदू धर्म का एक ही सिद्धांत रह गया है, मुझे मत छुओ-



मुझे मत छुओ। इस मत छुओवाद के कारण समाज की बहुत बड़ी क्षति हुई है। यह ईश्वर की व्यवस्था एवं मानवता के प्रति घोर अन्याय है।" अनेक महापुरुषों एवं संस्थाओं के प्रयासों के बाद भी यह कार्य अभी अपूर्ण है। समरस समाज निर्माण के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हमें अभी भी सतत प्रयत्न करने हैं। आज जब संपूर्ण देश में मतांतरण, लवजेहाद, लैंड जेहाद, घुसपैठ जैसे माध्यमों से देश की जनसांख्यिकी परिवर्तन का प्रयास हो रहा है। ऐसे समय स्वामी विवेकानंद का यह विचार कि "जब एक हिंदू अपना धर्म छोड़ता है, तब केवल एक हिंदू कम नहीं होता, बल्कि देश का एक शत्रु बढ़ जाता है।" अमेरिका में ईसाई मिशनरियों को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा था कि"समाज की गरीबी एवं लाचारी का लाभ उठाकर प्रलोभन अथवा सेवा का माध्यम बनाकर धर्मांतरण करना यह सेवा नहीं व्यापार है।"

लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति को उन्होंने नकारात्मक शिक्षा पद्धति कहा, जो आने वाली पीढ़ी के मन में अपनी परंपरा, संस्कृति, इतिहास, भाषा एवं महापुरुषों के प्रति ग्लानि का निर्माण करती है। उनका कहना था कि "वह शिक्षा जो तुम्हें आत्मनिर्भर न बनाये, वह शिक्षा नहीं है।" स्वामी विवेकानंद केवल धर्म प्रचारक ही नहीं, वह भारत के आर्थिक विकास के प्रति भी सजग थे। हमारे युवा आर्थिक विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीकी का उपयोग करने वाले बनें, यह आह्वान भी उन्होंने किया था। प्रसिद्ध उद्योगपति जमशेद जी टाटा से यात्रा के समय हुए संवाद में भारत की आर्थिक प्रगति में उनके योगदान के संबंध में चर्चा की थी। जमशेद जी टाटा द्वारा भारतीय विज्ञान संस्थान एवं टाटा स्टील जैसे उद्योगों की स्थापना के पीछे स्वामी जी की ही प्रेरणा थी। इस भेंट में स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि "केवल विदेश से तकनीकी आयात करना भारत की गरीबी नहीं मिटाएगा, हमें अपनी तकनीकी स्वयं विकसित करनी होगी।" भारत विश्व की सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा था कि "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति से पहले मत रुको"(उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत)। उनका कहना था कि "मेरा विश्वास युवा पीढ़ी में है। इन्हीं में से राष्ट्र निर्माण के कार्यकर्ता निकलेंगे।" उन्होंने स्वस्थ एवं फौलादी शरीर वाले, संवेदनशील ह्रदय वाले, सेवाभावी युवाओं की कल्पना की थी। मानसिक गुलामी से मुक्ति का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा था कि "भारत की कमजोरी आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि मानसिक गुलामी है।" उनका प्रसिद्ध वाक्य "हम पाप के कारण से नहीं जन्मे, हम अमरत्व की संतान हैं (वयम्‌ अमृतस्य पुत्राः)"। स्वदेशी एवं स्वाभिमान के भाव को प्रकट करते हुए उन्होंने मंत्र दिया था कि "गर्व से कहो, मैं भारतीय हूँ, प्रत्येक भारतीय मेरा भाई है, कहो भारत की मिट्टी मेरा सर्वोच्च स्वर्ग है।" पश्चिम प्रवास के समय भारत में स्त्री-पुरुष समानता पर प्रश्न पूछने पर उन्होंने कहा था कि भारत में स्त्री सदैव श्रेष्ठ है क्योंकि वह माँ है।

उन्होंने कहा कि भारत की स्त्रियों को पश्चिमी फैशन की नहीं, बल्कि सीता एवं सावित्री के चारित्रिक बल की आवश्यकता है। उनका यह संदेश कि "किसी के पीछे मत चलो, स्वयं का मार्ग बनाओ। पाश्चात्य देशों की नकल करना सभ्यता नहीं, बल्कि अपनी बौद्धिक मृत्यु को निमंत्रण देना है।" स्वतंत्रता आंदोलन के महान क्रांतिकारियों की प्रेरणा स्वामी विवेकानंद थे। घोर गुलामी के कालखंड में भी भारत के दायित्व के प्रति उन्होंने जो विश्वास प्रकट किया, उसको पूर्ण करने का कार्य वर्तमान एवं भावी पीढ़ी को करना है। अपने जीवन की अल्पावधि में जो महान कार्य स्वामी विवेकानंद के द्वारा हुए, उनको पूर्णता प्रदान करने का संकल्प लेना उनके जन्मदिवस पर उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं , ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## राम सब घट मेरा साइयां




संकलित

दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

प्रेरणा

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रही है हिंदी

हिंदी केवल भारत में बोली जाने वाली एक भाषा नहीं है, बल्कि यह विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना चुकी है। हिंदी भारत की संस्कृति है, संस्कार है, यह स्वतंत्रता संग्राम की भाषा है। हिंदी की अंतरराष्ट्रीय पहचान को सुदृढ़ करने, उसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने और वैश्विक मंच पर उसकी भूमिका को रेखांकित करने के लिए प्रति वर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हिंदी भाषा के सम्मान, इसके विस्तार और इसके भविष्य की संभावनाओं का प्रतीक है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, दक्षिण अफ्रीका और नेपाल जैसे देशों में हिंदी न केवल बोली जाती है, बल्कि शिक्षा, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी माध्यम बनी हुई है।

*- साकेत अग्रवाल, भाटापारा*

## ट्रेंड

### वेगडाजी भील का पराक्रम



वेगडाजी भील का पराक्रम सोमनाथ के इतिहास का एक अभिन्न हिस्सा है। हिंसा की धमकियों से विचलित हुए बिना वे इस पवित्र मंदिर की रक्षा में दृढ़ता से डटे रहे। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि सोमनाथ की रक्षा के लिए मां भारती की संतानों का संकल्प कितना सशक्त रहा है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गिनीज विश्व रिकॉर्ड



राजमार्ग अभियांत्रिकी में नए वैश्विक मानदंड स्थापित करते हुए, एनएचएआई ने निरंतर बिटुमिनस कंक्रीट फर्श में दो और गिनीज विश्व रिकॉर्ड हासिल करके इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि कड़े गुणवत्ता नियंत्रण के साथ-साथ आईआईटी बॉम्बे जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से संभव हुई।
**-नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### उत्साह का संचार



जिंदगी में आनंद और उत्साह का संचार अगर कोई करते हैं, तो खेल करते हैं। खेल शरीर को स्वस्थ बनाते हैं, मन को और मजबूत बनाते हैं तथा आत्मा को आनंद और प्रसन्नता से भर देते हैं।
**- शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### जनविरोधी फैसला



काम का अधिकार' कोई भीख नहीं, बल्कि देश के गरीब का कानूनी हक है। भाजपा सरकार 'वी.बी.जी. राम जी योजना' लाकर मनरेगा को व्यवस्थित रूप से खत्म करना चाहती है। इस जनविरोधी फैसले के खिलाफ कांग्रेसी आवाज बुलंद करेंगे।
**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

## करंट अफेयर

### मचाडो शांति पुरस्कार ट्रंप को नहीं दे सकती



नोबेल इंस्टिट्यूट ने स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो हाल ही में मिला नोबेल शांति पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नहीं दे सकतीं। नॉर्वियन नोबेल इंस्टिट्यूट ने यह बयान मचाडो के यह कहने के बाद जारी किया है कि वह अपना पुरस्कार ट्रंप को देना या उनके साथ साझा करना चाहेंगी, जिन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के अमेरिकी अभियान की निगरानी की है। मादुरो न्यूयॉर्क में मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इंस्टिट्यूट ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा हो जाने के बाद इसपर न तो रोक लगाई जा सकती है, न ही यह किसी दूसरे को सौंपा या उसके साथ साझा किया जा सकता। बयान में कहा गया है, 'फैसला अंतिम होता है और हमेशा बरकरार रहता है।' मचाडो ने 'फॉक्स न्यूज' के प्रस्तोता सीन हैनिटी से सोमवार को कहा था, 'मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे यह कहना जरूर चाहूंगी कि हम (वेनेजुएला की जनता) यह मानते हैं कि यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों का है और वे निश्चित रूप से इसे उन्हें देना या उनके साथ साझा करना चाहते हैं।'

## ऑफ बीट

### झपकी से याददाश्त में हो सकता है सुधार

कुछ लोग इसे विलासिता भोग के रूप में देखते हैं जबकि अन्य इसे मुस्तैद तथा तंदरुस्त बने रहने के तरीके के रूप में देखते हैं। लेकिन झपकी के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हो सकते हैं। वैसे मैं झपकी लेने की जटिल प्रवृत्ति के साथ साथ इस बात से अवगत हूं कि क्यों दोपहर के वक्त 20 से 30 मिनट की झपकी असंख्य तरीकों से फायदेमंद हो सकती है। अनुसंधान से पता चलता है कि झपकी के कई फायदे हैं। छोटी-सी झपकी से मानसिक स्वास्थ्य और याददाश्त के साथ ही मुस्तैदी, ध्यान और प्रतिक्रिया देने के समय में भी सुधार आता है। इसका संबंध उत्पादकता और रचनात्मकता से भी है। चूंकि झपकी से रचनात्मक सोच में सुधार आता दिखायी देता है इसलिए कुछ कंपनियों ने अपने कार्य स्थल पर झपकी लेने के लिए कमरे बनाकर इसका फायदा उठाने का प्रयास किया है। ऐसा कहा जाता है कि मस्तिष्क झपकी के वक्त का इस्तेमाल दिनभर में एकत्रित सूचना को संसाधित करने के लिए करता है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि समस्याओं को हल करने की क्षमता बढ़ती है। एक छोटे-से अध्ययन से यह पता चलता है कि जो लोग झपकी लेते हैं वे कम चिड़चिड़े होते हैं तथा उन्हें कम गुस्सा आता है जिससे काम करते वक्त बेहतर फोकस बनता है और दक्षता बढ़ती है।



## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# टीएमसी कार्यकर्ता पेट्रोल से चाहते थे जलाना, गृह मंत्रालय ने मांगी वीडियो फुटेज और रिपोर्ट

## बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता के काफिले पर मेदिनीपुर में हमला

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर मेदिनीपुर में हमला हुआ। इसके बाद भाजपा नेता हरेक जिले में प्रदर्शन करने लगे। अब सुवेंदु के काफिले पर हुए हमले को लेकर गृह मंत्रालय सख्त हो गया है। इस कथित हमले के संबंध में मंत्रालय ने उनके कार्यालय से रिपोर्ट मांगी है। आरोप है कि शनिवार देर शाम पुरुलिया के पास टीएमसी समर्थकों द्वारा सुवेंदु अधिकारी के काफिले पर हमला किया गया।

**सुवेंदु के आरोपों के बाद गृह मंत्रालय सख्त**

समर्थकों ने कथित तौर पर सड़क जाम की बांस की लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया


थाने में बैठे सुवेंदु अधिकारी

### दोषियों को गिरफ्तार करें

सुवेंदु कहा कि हम यहां न्याय मांगने आए हैं। मैंने इसमें शामिल लोगों के नाम बताए हैं। एफआईआर दर्ज होनी चाहिए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। वे बांस की लाठियां लेकर आए थे और दो कारों पर हमला किया, उन्हें नहीं पता था कि मैं किस कार में था। उनके पास पेट्रोल का एक केन भी था। चुनाव आ रहे हैं, और वे जानते हैं कि वे हार रहे हैं। वे बंगाल से भाजपा को खत्म करना चाहते हैं।

### पुलिस के सामने किया गया हमला कोर्ट भी जाएंगे

सुवेंदु ने दावा किया कि यह हमला पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ, जिन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया। सुवेंदु ने पुलिस स्टेशन में अपना लगभग छह घंटे का धरना खत्म किया और घोषणा की कि वह इस मुद्दे पर कलकत्ता हाई कोर्ट जाएंगे। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि मंगलवार को चंद्रकोना में एक विरोध रैली की योजना है।

### सुवेंदु का कार्यालय भेजगा रिपोर्ट

सुवेंदु का कार्यालय घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग गृह मंत्रालय को भेजेगा। सुवेंदु ने आरोप लगाया कि यह घटना रात करीब 8.20 बजे हुई जब वह पुरुलिया से लौट रहे थे। जब उनका काफिला पश्चिम मेदिनीपुर जिले के चंद्रकोना रोड मार्केट इलाके में चार-पॉइंट क्रॉसिंग से गुजर रहा था, तो पार्टी का झंडा लिए कुछ टीएमसी समर्थकों ने कथित तौर पर सड़क जाम कर दी और बांस की लाठियों से उनके काफिले पर हमला किया। घटना के समय स्थानीय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। उन्होंने कहा कि जिस गाड़ी में वह यात्रा कर रहे थे, उसके बुलेटप्रूफ शीशे के कारण उन्हें कोई चोट नहीं आई।

## सुकांत ने भी ममता को घेरा- बर्दाश्त नहीं करेंगे



पूर्व भाजपा अध्यक्ष और सांसद सुकांत मजूमदार ने कहा कि सुवेंदु पर हमला पुलिस की मौजूदगी में हुआ। ऐसी घटनाएं बार-बार हो रही हैं, और यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री चाहती हैं कि ये हमले हों ताकि, अगर केंद्र सरकार सख्त कार्रवाई करे, तो वह लोगों की सहानुभूति हासिल करके सत्ता में वापस आ सकें। अभी केंद्रीय बलों को तैनात किया जाना चाहिए।

## वे राज्य की ज़िम्मेदारी कैसे लेंगे: टीएमसी



टीएमसी प्रवक्ता अरूप चक्रवर्ती ने कहा कि सुवेंदु एक लाठी भी नहीं संभाल सकते, क्या वह एक राज्य की ज़िम्मेदारी लेंगे? सुवेंदु ही थे जिन्होंने अपनी सेंट्रल रिज़र्व पुलिस फोर्स सुरक्षा को लाठीचार्ज करने का निर्देश दिया था। उनकी सुरक्षा ने बीजेपी के लोगों को पहचाना नहीं और अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ही हमला कर दिया।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के पूर्व विधायक पर रेप का तीसरा केस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के निलंबित विधायक राहुल मामकूटाथिल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न का तीसरा मामला सामने आया है। राहुल को जल्द ही मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। राहुल पर पहले से यौन उत्पीड़न के दो मामले चल रहे हैं। केरल हाईकोर्ट ने पिछले महीने राहुल को जमानत दी थी। उन पर कई मामले चल रहे हैं।

### पूजा ने नौकर पर लगाया चोरी का आरोप

**नई दिल्ली।** पुणे पुलिस ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर पूजा खेडकर के एक गंभीर आरोप के बाद जांच



शुरू की है। पूजा ने दावा किया उनके घर में काम करने वाली घरेलू सहायिका ने उन्हें और उनके माता-पिता को बेहोश कर घर से कीमती सामान चुरा लिया। यह घटना पुणे के बनर रोड स्थित उनके बंगले में होने का आरोप है। पूजा ने शनिवार देर रात पुलिस से संपर्क किया।

### स्वामी सुंदर सूरीश्वरजी को पीएम ने श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीमद विजय रत्न सुंदर सूरीश्वरजी महाराज की 500वीं किताब के



विमोचन के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। रविवार को एक वीडियो संदेश में पीएम ने उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उन्हें शांत, सरल और स्पष्ट स्वभाव का संगम बताया। महाराज ने ज्ञान को केवल किताबों तक नहीं व्यावहारिक रूप से जीवन में उतारा।

### शास्त्री की पुण्यतिथि देश ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर रविवार



को नेताओं ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा राष्ट्र में एकता और स्वावलंबन की भावना जगाने वाला साबित हुआ था। तमाम नेताओं ने उनकी सादगी, ईमानदारी, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रहित सर्वोपरि की नीति को याद किया।

### सीयूईटी पीजी में आवेदन 14 जनवरी तक

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट पोस्ट ग्रेजुएट 2026 के लिए



आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 14 जनवरी आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। केवल वही उम्मीदवार आवेदन पूर्ण माने जाएंगे जिन्होंने परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान किया होगा।

## वायु प्रदूषण पर गंभीर बहस छेड़ते हुए विपक्ष ने उठाए सवाल

# जयराम ने मोदी सरकार को कहा- विफल एनसीएपी बना 'नोशनल क्लीन एयर प्रोग्राम'


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (संचार) और राज्यसभा सांसद, पूर्व केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने वायु प्रदूषण के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सेंटर फ़ॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के ताज़ा विश्लेषण ने इस सच्चाई की पुष्टि कर दी है कि भारत में वायु गुणवत्ता एक गंभीर संरचनात्मक संकट बन चुकी है और इस पर मोदी सरकार की प्रतिक्रिया बेहद नाकाफ़ी और अप्रभावी रही है।

जयराम रमेश ने बताया कि सैटेलाइट डेटा पर आधारित इस अध्ययन के अनुसार देश के लगभग 44 प्रतिशत शहर लगातार भीषण वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। आकलन किए गए 4,041 वैधानिक नगरों में से 1,787 शहरों में पांच वर्षों (2019–2024, 2020 को छोड़कर) के दौरान पीएम 2.5 का वार्षिक स्तर लगातार राष्ट्रीय मानकों से ऊपर दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि रिपोर्ट ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की गंभीर विफलता को भी उजागर किया है। जहां एक ओर 1,787 शहर गंभीर रूप से प्रदूषित हैं, वहीं एनसीएपी के तहत केवल 130 शहरों को शामिल किया गया है। इनमें से 28 शहरों में अब तक कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन तक स्थापित नहीं किए गए हैं। जिन 102 शहरों में निगरानी की व्यवस्था है, उनमें से 100 शहरों में पीएम10 का स्तर 80 प्रतिशत या उससे अधिक पाया गया। कुल मिलाकर, एनसीएपी देश के केवल 4 प्रतिशत गंभीर रूप से प्रदूषित शहरों को ही कवर कर पा रहा





है। जयराम रमेश ने कहा कि जिसे नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम कहा जा रहा है, वह वास्तव में 'नोशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' बनकर रह गया है। अब इसकी गहन समीक्षा, व्यापक सुधार और पुनर्गठन की सख़्त ज़रूरत है।

उन्होंने मांग की कि सबसे पहले सरकार को यह स्वीकार करना चाहिए कि देश के बड़े हिस्सों में वायु प्रदूषण एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। इसके मद्देनज़र एयर पॉल्यूशन (कंट्रोल एंड प्रिवेंशन) एक्ट, 1981 और 2009 में लागू नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स की पूरी तरह पुनर्समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जहां इसके तहत पीएम2.5 की स्वीकार्य सीमा 24 घंटे में 60 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और वार्षिक औसत 40 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक इससे कहीं अधिक सख़्त हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि एनसीएपी के लिए उपलब्ध फंड में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी की जानी चाहिए। वर्तमान में एनसीएपी और 15वें वित्त आयोग की अनुदान राशि मिलाकर लगभग 10,500 करोड़ रुपये 131 शहरों में बांटे जा रहे हैं, जो बेहद अपर्याप्त हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि एनसीएपी को कम से कम 25,000 करोड़ रुपए का कार्यक्रम बनाया जाए और इसे देश के सबसे अधिक प्रदूषित 1,000 शहरों और कस्बों तक विस्तारित किया जाए।


उन्होंने यह भी कहा कि एनसीएपी के प्रदर्शन का पैमाना पीएम2.5 को बनाया जाना चाहिए और कार्यक्रम का फोकस ठोस ईंधनों के जलने, वाहन उत्सर्जन और औद्योगिक प्रदूषण जैसे प्रमुख स्रोतों पर होना चाहिए। साथ ही, एनसीएपी को कानूनी आधार देने, मज़बूत प्रवर्तन तंत्र विकसित करने और देश के हर शहर में प्रभावी डेटा निगरानी व्यवस्था लागू करने की आवश्यकता है।

जयराम रमेश ने कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए तय वायु प्रदूषण मानकों को तत्काल लागू करने और वर्ष 2026 के अंत तक सभी संयंत्रों में फ़्लू गैस डी-सल्फ़राइज़र अनिवार्य करने की भी मांग की। उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की स्वतंत्रता बहाल करने और पिछले दस वर्षों में किए गए जन-विरोधी पर्यावरण क़ानूनी संशोधनों को वापस लेने की भी ज़रूरत बताई।

उन्होंने कहा कि संसद में 29 जुलाई 2024 और 9 दिसंबर 2025 को मोदी सरकार ने वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य प्रभावों को कमतर दिखाने की कोशिश की। सरकार सच से अनजान नहीं है, बल्कि अपनी अक्षमता और लापरवाही को छिपाने का प्रयास कर रही है।

## सबसे लंबा बजट 28 जनवरी से

# तो क्या रविवार को भी चलेगी संसद, होगा आम बजट पेश?



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संसद का बहुप्रतीक्षित और कैलेंडर वर्ष का सबसे लंबा बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा। इस बीच एक अवकाश भी रहेगा।



केंद्रीय बजट 1 फरवरी, रविवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। आम तौर पर सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत तय समय से पहले रखी गई है, जिसे चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किया गया है। तमिलनाडु, केरल, पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मार्च–अप्रैल के दौरान विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बजट सत्र 2026 के लिए संसद के दोनों सदनों को आहूत करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि सत्र का पहला चरण 13 फरवरी को समाप्त होगा और संसद 9 मार्च को पुनः बैठेगी, जो सार्थक बहस और जन-केंद्रित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

हालांकि सरकार की ओर से अभी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, रविवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। चूंकि प्रस्तावित तिथि रविवार है और गुरु रविदास जयंती के कारण अवकाश भी रहेगा, इसलिए बजट एक दिन पहले या एक दिन बाद पेश किए जाने की अटकलें भी थीं। हालांकि, जानकारों का कहना है कि पहले भी सप्ताहांत में बजट पेश किए जाने के उदाहरण रहे हैं।

आगामी बजट सत्र एक सार्थक शीतकालीन सत्र के बाद आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए और 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने तथा चुनावी सुधारों जैसे विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

आमतौर पर बजट सत्र का दूसरा चरण मध्य अप्रैल तक चलता है। सत्र का समय से पहले समाप्त होना यह संकेत देता है कि भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, एआईएडीएमके, असम गण परिषद, वाम दलों सहित विभिन्न राजनीतिक दलों को संबंधित राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए अधिक समय मिल सकेगा।

## दिल्ली में संघ के कार्यक्रम में बोले डॉ. भागवत

# संघ धीरे-धीरे विकसित हो रहा और नया रूप धारण कर रहा

'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि आरएसएस बदल नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ धीरे-धीरे विकसित हो रहा है और बस सामने आ रहा है। भागवत दिल्ली स्थित संगठन के कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यहां फिल्म 'शतक' के गाने के एल्बम को लॉन्च किया गया। यह फिल्म आरएसएस के 100 साल के सफर की कहानी बताती है। डॉ.भागवत ने कहा कि संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। जैसे-जैसे संगठन विकसित होता है और नए रूप लेता है, लोग इसे बदलते हुए देखते हैं। हालांकि यह असल में बदल नहीं रहा है बस सामने आ रहा है।



### पेड़ का दिया उदाहरण

उन्होंने कहा कि जैसे एक बीज से अंकुर निकलता है और फलों और फूलों से लदा हुआ परिपक्व पेड़ का एक अलग रूप होता है, ये दोनों रूप अलग-अलग हैं।

### संघ और डॉक्टर साहब पर्यायवाची शब्द

उन्होंने कहा, 'संघ और डॉक्टर साहब (हेडगेवार) पर्यायवाची शब्द हैं। वो जब सिर्फ 11 साल के थे, जब उनके माता-पिता का प्लेग से निधन हो गया था, लेकिन उन्हें उस उम्र में या बाद में भी, बात करने या भरोसा करने वाला कोई नहीं मिला। मोहन भागवत ने कहा कि जब इतनी कम उम्र में इतना बड़ा सदमा लगता है।

## शादीशुदा प्रेमी संग वंदे भारत के आगे कूदी युवती



**लखनऊ।** यहां वंदे भारत ट्रेन के सामने कूदकर एक युवक और युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। उनकी क्षत-विक्षत लाशें आलम नगर स्टेशन के पास जलालपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक के पास मिलीं। मृतकों की पहचान नीलमाथा निवासी सूर्यकांत और अर्जुनगंज के शाह खेड़ा गांव की दीपाली के रूप में हुई है।

## ओवैसी का सीएम सरमा पर पलटवार, यह कहा

# उनके दिमाग में ट्यूबलाइट संविधान में यह कहां लिखा

महिला पीएम बनने की बात पर भिड़े

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र निकाय चुनाव प्रचार में व्यस्त ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का हिजाब पहने बेटी का एक



दिन देश का प्रधानमंत्री बनने वाले बयान पर सियासत शुरू हो चुकी है। ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला है। ओवैसी का यह बयान असम सीएम की टिप्पण के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र होने के नाते एक हिंदू व्यक्ति को ही देश का प्रधानमंत्री बनते हुए देखेगा। नागपुर में ओवैसी ने असम सीएम पर करारा तंज कसते हुए कहा कि उनके दिमाग में 'ट्यूबलाइट' है।

**रामभद्राचार्य की दो टूक**

### भारत में साड़ी पहनकर ही कोई महिला प्रधानमंत्री बनेगी



जयपुर में ओवैसी के बयान पर कथावाचक रामभद्राचार्य ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। अब्दुल कलाम राष्ट्रपति बने। हामिद अंसारी उपराष्ट्रपति बने। उन्हें और क्या चाहिए?...वे दिवास्वप्न देख रहे हैं। अगर भारत में कोई महिला प्रधानमंत्री बनती है, तो वह साड़ी पहनेगी। रामभद्राचार्य अक्सर राजनीतिक मामलों में टिप्पणी करते हैं।

## बीएमसी चुनावों से पहले 'महायुति' ने जारी किया घोषणापत्र

# झुग्गी-झोपड़ी मुक्त करेंगे मुंबई और बिना ब्याज लोन देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों से पहले रविवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े के साथ मिलकर बीएमसी चुनावों के लिए महायुति का संयुक्त घोषणा पत्र जारी किया। व्यापक घोषणापत्र में बेस्टबसों में महिलाओं के लिए किराए में 50 प्रतिशत की छूट और शहर को बांग्लादेशी प्रवासियों से 'मुक्त' करने का वादा किया है। हम 5 साल बाद अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे।

## फडणवीस, शिंदे और राष्ट्रीय महासचिव विनोद रहे मौजूद

बांग्लादेशी प्रवासियों से 'मुक्त' करने का वादा किया


घोषणा पत्र जारी करते फडणवीस, शिंदे और अठावले

### मराठी सिखाएंगे, प्रदूषण हटाने 16000 करोड़ खर्च करेंगे

बीएमसी स्कूलों को कौशल-उन्मुख बनाएंगे और मराठी भाषा सीखने के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करेंगे। पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे और नदियों में सीवेज को रोकेंगे। नदियों को साफ करने और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए परियोजनाओं पर 16,000 करोड़ खर्च करेंगे।

### बेस्ट बेड़े में होंगी 10,000 बसें

घोषणापत्र में परिवहन और महिलाओं की सुरक्षा पर प्रमुखता से जोर दिया गया है। फडणवीस ने कहा कि गठबंधन का लक्ष्य बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट ) बेड़े को लगभग 5,000 से बढ़ाकर 10,000 बसें करना, इलेक्ट्रिक वाहनों पर स्विच करना है। आईआईटी की मदद से हम बांग्लादेशी प्रवासियों को बाहर करेंगे।

### बसों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी की छूट और 1 लाख का ऋण देंगे

उन्होंने कहा कि मेट्रो, वाटर टैक्सी और सतत परिवहन पर काम करेंगे। सभी यात्रा जरूरतों के लिए एक मुंबई ऐप। हम सड़कों पर भीड़ कम करेंगे, एक्सप्रेसवे बनाएंगे और मुंबई को एक बेहतर शहर बनाएंगे। सड़कों को गड्ढों से मुक्त किया जाएगा। बसों में महिलाओं के लिए 50 फीसदी की छूट और बहनों के लिए 1 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

## अय्यर के बयान पर भड़की भाजपा

# 'इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस' नहीं चाहती ऑपरेशन सिंदूर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एक बार फिर से अपने बयान को लेकर भारतीय जनता पार्टी के निशाने पर आ गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मणिसंकर अय्यर द्वारा दिए गए बयान की भाजपा ने कड़ी आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी लगातार पाकिस्तान के प्रति नरम रुख अपनाए रखना चाहती है। एक वीडियो में अय्यर भारत सरकार को सलाह देते हुए कहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर को बंद कर देना चाहिए और भारत को पाकिस्तान के साथ बातचीत करना चाहिए। अय्यर की इस वीडियो पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस के ऊपर पाकिस्तान का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए दावा किया कि यह पार्टी आतंकवाद पर भारत के रुख को लगातार कमजोर करती है। पूनावाला ने कांग्रेस का मजाक उड़ाते हुए कहा कि यह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस नहीं बल्कि इस्लामाबाद राष्ट्रीय कांग्रेस है।सोशल मीडिया परपोस्ट में पूनावाला ने लिखा कि अय्यर ऑपरेशन सिंदूर को खत्म कर पाकिस्तान के साथ बातचीत की बात कर रहे हैं।

# एसबीआई ग्राहकों को एटीएम से कैश निकालना पड़ेगा महंगा, देना होगा चार्ज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने अपने एटीएम ट्रांजेक्शन चार्जेस में बदलाव किया है। यह बदलाव इंटरचेंज फीस बढ़ने की वजह से किया गया है। यह फरवरी 1, 2025 के बाद पहला रिवीजन है। इससे सेविंग्स अकाउंट और सैलरी अकाउंट होल्डर्स पर असर पड़ेगा जो दूसरे बैंक के एटीएम इस्तेमाल करते हैं। लेकिन एसबीआई के अपने एटीएम पर डेबिट कार्ड यूजर्स और बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट वाले ग्राहकों पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

1 दिसंबर 2025 से ये बदलाव लागू हो गए हैं। सबसे पहले साधारण सेविंग्स अकाउंट (पर्सनल सेगमेंट, बीएसबीडी, केसीसी और सैलरी पैकेज को छोड़कर) की बात करें तो दूसरे बैंक के एटीएम पर हर महीने 5 फ्री फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन मिलते हैं, इसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर अब 23 रुपये + जीएसटी लगेंगे, पहले यह 21 रुपए + जीएसटी था। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन (जैसे बैलेंस चेक, मिनी स्टेटमेंट) पर फ्री लिमिट के बाद 11 रुपए + जीएसटी लगेंगे, पहले 10 रुपए + जीएसटी था।

## फ्री लिमिट के बाद कैश विड्राल पर लगेंगे 23 रुपए प्लस जीएसटी

### सेविंग्स अकाउंट के एटीएम चार्ज

अब सैलरी पैकेज सेविंग्स अकाउंट की बात तो पहले इनमें दूसरे बैंक के एटीएम पर अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन (फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल दोनों) मिलते थे, लेकिन अब यह बदलकर 10 फ्री ट्रांजेक्शन प्रति महीना कर दिए गए हैं, सभी सेंटर्स पर। फ्री लिमिट के बाद कैश विड्रॉल पर 23 रुपए + जीएसटी लगेंगे, जबकि पहले यह जीरो था। नॉन-फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन पर भी 11 रुपए + जीएसटी लगेंगे।

■ इसमें सेविंग्स अकाउंट और सैलरी अकाउंट होल्डर्स ही प्रभावित होंगे



*बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट के लिए एटीएम चार्ज : बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट (बीएसबीडी) अकाउंट होल्डर्स के लिए मौजूदा सर्विस चार्जेस में कोई बदलाव नहीं है। एसबीआई डेबिट कार्ड होल्डर्स अगर एसबीआई के अपने एटीएम या एडीडब्ल्यूएम इस्तेमाल करते हैं तो उनके ट्रांजेक्शन सर्विस चार्जेस में भी कोई बदलाव नहीं आया है। कार्डलेस कैश विड्रॉल (जैसे योनो कैश) एसबीआई एटीएम पर अनलिमिटेड फ्री रहेंगे, जब तक आगे कोई नोटिस न आए।*

### इंटरचेंज फीस बढ़ने से बढ़ा चार्ज

यह बदलाव इसलिए आया क्योंकि इंटरचेंज फीस बढ़ गई है, जिससे बैंक ने एटीएम और एडीडब्लयूएम ट्रांजेक्शन के सर्विस चार्जेस की समीक्षा की। बैंक ने कहा है कि यह बदलाव ग्राहकों को दूसरे बैंक के एटीएम ज्यादा इस्तेमाल करने पर थोड़ा महंगा पड़ सकता है, लेकिन एसबीआई एटीएम पर सब कुछ पहले जैसा है। कई ग्राहक जो सैलरी अकाउंट रखते हैं और पहले अनलिमिटेड फ्री ट्रांजेक्शन का फायदा लेते थे, अब उन्हें ज्यादा सावधानी बरतनी होगी। अगर आप महीने में 10 से ज्यादा बार दूसरे बैंक के एटीएम यूज करते हैं तो एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा।

### ऐप से ट्रांजेक्शन की सलाह

यह खबर उन लोगों के लिए अहम है जो एसबीआई में अकाउंट रखते हैं और एटीएम से पैसे निकालते हैं। बैंक ने ग्राहकों को डिजिटल तरीके जैसे यूपीआई, योनो ऐप या ब्रांच से ट्रांजेक्शन करने की सलाह दी है ताकि एक्स्ट्रा चार्ज से बचा जा सके। यह छोटा लेकिन जरूरी बदलाव है जो बैंक की लागत बढ़ने के कारण आया है।

## खबर संक्षेप

### ठंड, शादी-विवाह की मांग से तेल की कीमतें सुधरी



**नई दिल्ली।** ठंड के मौसम की मांग के अलावा शादी-विवाह के मौसम की मांग बढ़ने से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए। दाम में मजबूती के बावजूद सूरजमुखी, सोयाबीन, कपास , मूंगफली जैसे तिलहन के दाम अभी भी न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे ही बने हुए हैं।

### सेबी कारोबार से जुड़े ढांचे को करेगी सरल



**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजारों में कारोबार से संबंधित ढांचे में बड़े बदलाव का प्रस्ताव किया। इसका मकसद नियमों को सरल बनाना, दोहराव को हटाना और बाजार सहभागियों के लिए अनुपालन के बोझ को कम करना है। जिंस वायदा-विकल्प बाजारों में कारोबारी सुगमता बढ़ाने की सेबी की व्यापक पहल का हिस्सा हैं।

### तेजस नेटवर्क्स को 196 करोड़ रुपए का घाटा

TEJAS NETWORKS

**नई दिल्ली।** दूरसंचार उपकरण बनाने वाली घरेलू कंपनी तेजस नेटवर्क्स को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 196.55 करोड़ रुपये का एकीकृत घाटा हुआ है। इसकी मुख्य वजह सरकारी कंपनी बीएसएनएल से खरीद ऑर्डर का टालना और कम बिक्री होना है। कंपनी ने एक साल पहले 165.67 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था।

भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं

# वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन में पीएम मोदी बोले- भारत अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के गुजरात दौरे पर है। पीएम मोदी ने राजकोट में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

■ देश में महंगाई पूरी तरह नियंत्रण में है

पीएम मोदी ने कहा, 2026 के आरंभ के बाद ये मेरा गुजरात का पहला दौरा है। बीते वर्षों में भारत ने बहुत तेज प्रगति भी की है और इसमें गुजरात की, आप सभी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेज गति से आगे बढ़ रहा है और जो आंकड़ें आ रहे हैं, उससे ये साफ है कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

**कृषि उत्पाद देश में नया रिकॉर्ड बना रहे**

**दूध उत्पादन में आज भारत दुनिया में नंबर वन है**

### पीएम मोदी का हरित उर्जा पर जोर

पीएम मोदी बोले, सौराष्ट्र और कच्छ भारत के हरित विकास, हरित गतिशीलता और ऊर्जा सुरक्षा का भी एक बड़ा हब बन रहा है। कच्छ में 30 गीगावाट कैपेसिटी का रिन्यूएबल एनर्जी पार्क बन रहा है। ये दुनिया का सबसे बड़ा हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क होगा। आप कल्पना कर सकते हैं कि ये पार्क पेरिस शहर से भी पांच गुना बड़ा है। यानी इस क्षेत्र में स्वच्छ उर्जा प्रतिबद्धता के साथ-साथ व्यावसायिक पैमाने की वास्तविकता भी है।



*तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि भारत से दुनिया की उम्मीदें लगातार बढ़ रही हैं और देश आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती तीसर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में महंगाई नियंत्रण में है और कृषि उत्पादन नए रिकॉर्ड बना रहा है।*

### पीएम मोदी ने की निवेश की अपील

पीएम मोदी कहते हैं, मैं यह बात लंबे समय से कह रहा हूं, अगर आप इसमें देरी करेंगे तो मुझे दोष मत देना। सौराष्ट्र-कच्छ में आपका हर निवेश गुजरात और देश के विकास में योगदान देगा। अभी रवांडा की हाई कमिश्नर बता रही थीं कि जब वह रवांडा गईं, तो उन्होंने वहां 200 गायें गिफ्ट की थीं। ये 200 गायें हमारी गिर गायें थीं। जब हम वहां की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए 200 गायें देते हैं, तो एक नियम है कि पहला बछड़ा हमें वापस करना होगा। हम उन्हें दूसरे परिवारों को दे देते हैं। यानी, यह 200 गायों से शुरू हुआ था। ये गायें हजारों परिवारों तक पहुंच गई हैं। यह रवांडा की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बहुत ताकत दे रहा है।

### दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बना भारत

भारत आज दूध उत्पादन में दुनिया में नंबर वन है, वहीं जेनेरिक दवाओं और वैक्सीन निर्माण में भी भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। भारत की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत दुनिया का सबसे बड़ा मोबाइल डेटा उपभोक्ता बन गया है। यूपीआई आज दुनिया का नंबर-1 रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन प्लेटफॉर्म है। इसके साथ ही भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल मैन्युफैक्चरर बन चुका है। पीएम ने आगे कहा कि भारत के पास अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। एविएशन सेक्टर में भारत तीसरा सबसे बड़ा बाजार बन गया है, जबकि मेट्रो नेटवर्क के विस्तार के मामले में भी भारत दुनिया के शीर्ष तीन देशों में शामिल हो चुका है।

# आरबीआई एनपीए और निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक करने के पक्ष में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बैंक ऑफ बड़ौदा, आरबीएल बैंक, यस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) से संपर्क कर डिफॉल्टरों और एनपीए की सूची, जुर्माने और निरीक्षण रिपोर्ट जैसी सूचनाओं को सार्वजनिक करने पर आपत्ति जताई है। दूसरी ओर आरबीआई ने कहा कि आरटीआई अधिनियम के तहत इन अभिलेखों का खुलासा किया जा सकता है।

■ एसबीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया विरोध

■ आरबीआई ने आरटीआई अधिनियम के तहत किया खुलासा

आरटीआई आवेदनकर्ताओं धीरज मिश्रा, वथिराज, गिरीश मित्तल और राधा रामन तिवारी ने आरबीआई में अलग-अलग आवेदन देकर इस बारे में जानकारी मांगी थी। यस बैंक के शीर्ष 100 एनपीए और जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों, एसबीआई और आरबीएल की निरीक्षण रिपोर्ट और बैंक ऑफ बड़ौदा पर वैधानिक निरीक्षण के बाद लगे 4.34 करोड़ रुपये के मौद्रिक जुर्माने से संबंधित दस्तावेजों सहित अन्य जानकारियां मांगी थीं।



### बैंक ऑफ बड़ौदा ने दी चुनौती


बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरबीआई के उस निर्णय को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें बैंक पर 4.34 करोड़ रुपये जुर्माने से जुड़े दस्तावेजों के खुलासे की अनुमति दी गई थी। आरबीएल बैंक, यस बैंक और एसबीआई ने भी इसी तरह के मामले में जानकारी देने पर आपत्ति जताई।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी दी मंजूरी

आरबीआई ने साफ किया है कि आरटीआई अधिनियम, 2005 सभी पुराने कानूनों से ऊपर है और इसका उद्देश्य पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। आरबीआई ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने डिफॉल्टरों की सूची और निरीक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मंजूरी दी है।

# फोनपे पेमेंट गेटवे ने 'बोल्ट' किया पेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




■ वीजा और मास्टरकार्ड से भुगतान होगा और भी सुरक्षित

फोनपे पेमेंट गेटवे ने वीजा और मास्टरकार्ड के क्रेडिट और डेबिट कार्ड लेनदेन के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' पेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह समाधान 'डिवाइस टोकनाइजेशन' का इस्तेमाल करता है, जिससे फोनपे मंच के उपयोगकर्ताओं और व्यवसाय साझेदारों को ऐप के भीतर ही सुरक्षित और कुशल भुगतान अनुभव मिलेगा। फोनपे के व्यापारिक सेवाओं के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (सीबीओ) युवराज सिंह शेखावत ने कहा कि वीजा और मास्टरकार्ड के लिए 'फोनपे पीजी बोल्ट' की शुरुआत करोड़ों भारतीयों के लिए डिजिटल भुगतान को सरल बनाने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किसी ऐप पर कार्ड से भुगतान करने के लिए अक्सर कार्ड नंबर, वैधता तिथि और सीवीवी डालना पड़ता है। 'बोल्ट' इस प्रक्रिया को खत्म कर देता है और बार-बार कार्ड का ब्योरा नहीं भरना पड़ता। फोनपे कार्ड के असली नंबर की जगह एक सुरक्षित कोड (टोकन) बना देता है। असली कार्ड नंबर व्यापारी के पास नहीं जाता और केवल एक सुरक्षित 'टोकन' जाता है। इससे डेटा चोरी का खतरा कम हो जाता है।

## इरेडा का लाभ 37 फीसदी बढ़कर 585 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इरेडा का एकल आधार पर शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 37 प्रतिशत बढ़कर 585 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से कंपनी की आय बढ़ने से लाभ बढ़ा है।नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसे 425 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी का परिचालन राजस्व 38 प्रतिशत बढ़कर 2,140 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,699 करोड़ रुपये था। इरेडा के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रदीप कुमार दास ने कहा, इस तिमाही में इरेडा का मजबूत वित्तीय प्रदर्शन भारत के नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव को तेज करने के हमारे प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बजट में 'अत्यधिक-धनी' लोगों पर आयकर सरचार्ज न बढ़ाए सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ कर विशेषज्ञों का 2026-27 बजट के लिए मानना

■ संपत्ति कर को फिर से शुरू करने से बचना चाहिए

कर विशेषज्ञों के अनुसार सरकार को आगामी 2026-27 के बजट में अत्यधिक-धनी लोगों पर आयकर सरचार्ज बढ़ाने और संपत्ति कर को फिर से शुरू करने से बचना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा कदम उच्च आय वर्ग के लोगों को कम कर वाले देशों में बसने के लिए प्रेरित कर सकता है। इस समय 50 लाख रुपये से अधिक की आय वाले व्यक्तियों पर आयकर सरचार्ज लागू है। उन पर 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक की आय पर 10 प्रतिशत, एक करोड़ से दो करोड़ रुपये पर 15 प्रतिशत और दो करोड़ से पांच करोड़ रुपये पर 25 प्रतिशत सरचार्ज लगाया जाता है। पांच करोड़ रुपये से अधिक कमाने वाले और नई आयकर व्यवस्था चुनने वाले लोग 25 प्रतिशत सरचार्ज देते हैं, जबकि पुरानी कर व्यवस्था के तहत आने वाले लोग 37 प्रतिशत की दर से सरचार्ज देते हैं। स्वतंत्र अर्थशास्त्रियों के अनुमान के अनुसार जीएसटी दर में कटौती और कम आयकर संग्रह से चालू वित्त वर्ष में खजाने को लगभग दो लाख करोड़ रुपये का नुकसान होने की आशंका है।

### देश छोड़कर जाने का जोखिम बढ़ जाता है

ईवाई इंडिया की टैक्स पार्टनर सुरभि मारवाह ने भी जोर देकर कहा कि यदि सरचार्ज अधिक होता है या संपत्ति कर फिर से लागू किया जाता है, तो उच्च संपत्ति वाले व्यक्तियों (एचएनआई) के देश छोड़कर कम टैक्स वाले देशों में जाने का जोखिम हो सकता है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

### स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड बन रहे भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्य

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार स्पेन, जर्मनी, बेल्जियम और पोलैंड 27 देशों के यूरोपीय संघ ब्लॉक के भीतर भारतीय वस्तुओं के लिए स्थिर और प्रमुख निर्यात गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। आंकड़ों बताते हैं कि भारतीय निर्यात के लिए स्पेन एक उच्च विकास वाला यूरोपीय बाजार बनकर उभरा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान स्पेन को निर्यात में 56 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में तीन अरब डॉलर से बढ़कर 4.7 अरब डॉलर हो गया। भारत के कुल निर्यात में स्पेन की हिस्सेदारी बढ़कर 2.4 प्रतिशत हो गई, जिसमें 0.5 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इसी प्रकार, चालू वित्त वर्ष के आठ महीनों के दौरान जर्मनी को भारत का निर्यात 9.3 प्रतिशत बढ़कर 6.8 अरब डॉलर से 7.5 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने कहा, /"भारत के कुल निर्यात में 2.6 प्रतिशत हिस्सेदारी और 0.2 प्रतिशत अंकों की हिस्सेदारी वृद्धि के साथ, जर्मनी भारतीय उत्पादों के लिए स्थिर मांग प्रदान करना जारी रखता है।/"


### जनवरी में एनएसई आईपीओ को मिल जाएगी हरी झंडी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ का रास्ता जल्द ही साफ हो सकता है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) की तरफ से एक ऐसा अपडेट आया है, जो निवेशकों की उम्मीदों को नई उड़ान दे रहा है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने मीडिया से बातचीत में एक अहम जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आईपीओ के लिए सबसे जरूरी 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) जारी करने की प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सेबी चेयरमैन के मुताबिक, यह मंजूरी इसी महीने यानी जनवरी के भीतर मिल सकती है। उनके इस बयान ने बाजार में यह भरोसा मजबूत कर दिया है कि नियामक संस्था अब इस मुद्दे को जल्द से जल्द सुलझाने के मूड में है। एनओसी मिलना किसी भी एक्सचेंज के आईपीओ के लिए पहली और सबसे बड़ी बाधा पार करने जैसा होता है।

### तिमाही नतीजों, महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह बाजार की चाल टीसीएस और इंफोसिस जैसी बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों, महंगाई के आंकड़ों और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर भी बाजार की पैनी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''यह सप्ताह पर्याप्त आर्थिक गतिविधियों के साथ कंपनियों के तिमाही नतीजों का दौर शुरू होगा। निवेशक भारत की खुदरा और थोक महंगाई के आंकड़ों पर करीब से नजर रखेंगे। साथ ही आईटी, बैंकिंग, वित्त और ऊर्जा क्षेत्रों की बड़ी कंपनियों के तिमाही परिणाम भी केंद्र में रहेंगे।'' मिश्रा ने बताया कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर नजर रखेगा, जिसमें ट्रंप के शुल्क की वैधता तय होनी है। यह फैसला बाजार की धारणा के लिए एक बड़ा कारक बन सकता है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इस सप्ताह डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और कच्चे तेल की कीमतों पर भी नजर रहेगी।

## शब्द पहेली - 6106




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4


**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6105 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |



## सबालेंका ने लगातार दूसरी बार जीता फाइनल



ब्रिस्बेन इंटरनेशनल

एजेंसी ▸▸ ब्रिसबेन

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज एरीना सबालेंका ने मार्ता कोस्तयुक को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरी बार ब्रिसबेन इंटरनेशनल का खिताब अपने नाम किया, जो उनकी कुल मिलाकर 22वीं ट्रॉफी है। यह लगातार तीसरा साल था जब सबालेंका फाइनल में पहुंचीं और बेलारूस की इस खिलाड़ी ने पैट रैफ्टर एरिना में सिर्फ एक घंटे 17 मिनट में 6-4, 6-3 से जीत हासिल की ब्रिसबेन इंटरनेशनल 18 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन के लिए एक तैयारी टूर्नामेंट है। कोस्तयुक ने शुरुआत में ही सबलेंका की दूसरी सर्विस पर आक्रामक खेल दिखाया और शानदार ड्रॉप शॉट्स से शुरुआती ब्रेक हासिल कर लिया बेलारूस की खिलाड़ी वापसी शानदार खेल से वापसी करने में ज्यादा समय नहीं लिया।

## स्वितोलिना ने जीता 19वां डब्ल्यूटीए खिताब

एजेंसी ▸▸ वेलिंग्टन


ऑकलैंड

यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने ऑकलैंड में खेले गए एएसबी क्लासिक में जीत के साथ करियर का 19वां डब्ल्यूटीए टूर खिताब अपने नाम किया। वह इस जीत के साथ अब ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारियों के लिए मेलबर्न रवाना होंगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने फाइनल में चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त वांग शिनयू को 6-3, 7-6 से हराया। यह 13वीं रैंकिंग की स्वितोलिना का 24 फाइनल मुकाबलों में 19वां खिताब रहा। इससे पहले वह 2024 में भी ऑकलैंड फाइनल तक पहुंची थीं, जहां उन्हें कोको गॉफ से तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। स्वितोलिना मेलबर्न में बुधवार को अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा के खिलाफ एक प्रदर्शनी मुकाबला खेलेंगी। यूक्रेन की इस खिलाड़ी ने सितंबर में 2025 सत्र से खुद को अलग कर लिया था। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए ब्रेक लेने का फैसला किया था। उस ब्रेक के बाद ऑकलैंड उनका पहला टूर्नामेंट था। उन्हें इस सप्ताह पति गेल मोनफिल्स का समर्थन मिला। मोनफिल्स ने पिछले साल ऑकलैंड में पुरुष वर्ग का खिताब जीता था और वह सोमवार से उस खिताब का बचाव करेंगे।

## बेंसिच ने स्वियातेक को हराया, स्विट्जरलैंड को बढ़त


यूनाइटेड कप

एजेंसी ▸▸ सिडनी

बेलिंडा बेंसिच ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को 3-6, 6-0, 6-3 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पोलैंड पर स्विट्जरलैंड को बढ़त दिला दी। मौजूदा सत्र के आखिर में संन्यास लेने वाले स्विस दिग्गज स्टेन वावरिंका को ह्यूबर्ट हुरकाज से भिड़ना है, जिसमें पोलैंड के खिलाड़ी को अपने देश को मुकाबले में बनाए रखने के लिए जीतना जरूरी होगा। बेंसिच ने इस हफ्ते अपने सभी चार एकल और चार मिश्रित युगल मैच जीते थे। उन्होंने स्वियातेक के खिलाफ मैच से पहले दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ अपने पिछले पांच मैच गंवाए थे। ऐसा लग रहा था कि यह क्रम जारी होगा क्योंकि स्वियातेक ने मजबूत शुरुआत करते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया। लेकिन दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी बेंसिच ने दूसरे सेट की शुरुआत में लगातार नौ अंक जीतकर मैच का रुख बदल दिया और 33 मिनट के सेट जीतकर मैच को बराबर कर दिया।

## खबर संक्षेप




### लिचफील्ड ने सीखा तेजी से रन बनाने का तरीका

**नवी मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की उभरती हुई बल्लेबाज फोबे लिचफील्ड गेंद को ज्यादा ताकत से मारने वाले बल्लेबाजों में नहीं गिनी जाती है लेकिन उन्होंने खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारुप में तेजी से रन बनाने का तरीका ढूंढ लिया है। इस 22 साल की बल्लेबाज ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग में यूपी वॉरियर्स के लिए 40 गेंदों में 78 रन की पारी के साथ सर्वोच्च स्कोरर रही। उनकी आक्रामक पारी के बावजूद टीम को इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। लिचफील्ड ने कहा, 'टी20 क्रिकेट पर निश्चित रूप से मैं लगातार काम कर रही हूं। मैं शायद कुछ बड़े हिटर्स जितनी ताकत से गेंद नहीं मार पाती, इसलिए मैंने अपना तरीका खोजा है। यह तरीका है क्षेत्ररक्षकों के बीच की जगह का अच्छा उपयोग करना।

### 19 जनवरी से पुणे ग्रांड टूर साइकिल रेस


**पुणे।** पांच दिनों तक चलने वाली पुणे की पहली ग्रैंड टूर साइकिल रेस (पुणे ग्रैंड टूर) 19 जनवरी से शुरू होगी। यह 437 किलोमीटर लंबी बहु-चरणीय साइकिल रेस न केवल सहनशक्ति के खेल को दर्शाएगी, बल्कि इतिहास से भी सजी होगी।



पुणे जिला प्रशासन की ओर से महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से आयोजित इस आयोजन में फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, बेल्जियम, जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन और थाईलैंड सहित 35 देशों के 171 शीर्ष स्तर के साइकिलिस्ट भाग लेंगे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को दक्कन के पठार में फैले विविध भू-भाग से गुजरने का मौका मिलेगा और कमेंट्री में छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत और क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाएगा।

### मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे शीर्ष अंतरराष्ट्रीय धावक

**मुंबई।** पिछले चरण के उप विजेता मेरहावी केसेटे (पुरुष वर्ग) और इथियोपिया की मेडिना डेमे आर्मिनो (महिला वर्ग) सहित एलीट एथलीट 18 जनवरी को होने वाली टाटा मुंबई मैराथन में हिस्सा लेंगे, जो विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है।



यह मुंबई मैराथन का 21वां सत्र है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में पहले तीन स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 50000, 25000 और 15000 डॉलर की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा, जो भी अपने वर्ग में मौजूदा स्पर्धा का रिकॉर्ड तोड़ेगा, उसे 15000 डॉलर दिए जाएंगे। केसेटे पिछले साल बेरहाने टेसफे से पीछे दूसरे स्थान पर रहे थे। वह इस साल प्रबल दावेदारों में शुमार होंगे। उनके अलावा युगांडा से 2023 विश्व चैंपियन विक्टर किपलांगाट, दक्षिण अफ्रीका के स्टीफन मोकोका और इथियोपिया के बाजेज्यू अस्मारे और टाडू अबाटे डेमे भी इसमें हिस्सा लेंगे।

## पहला वनडे: टीम इंडिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

# कोहली और गिल के अर्धशतक, भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया

### अय्यर ने 49 रन की शानदार पारी खेली




**न्यूजीलैंड-300/8 (50)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| डेवोन कॉनवे बो हर्षित राणा | 56 |
| हेनरी का राहुल बो हर्षित राणा | 62 |
| विल यंग का राहुल बो सिराज | 12 |
| मिचेल पगबाधा बो प्रसिद्ध कृष्णा | 84 |
| फिलिप्स का अय्यर बो कुलदीप | 12 |
| मिचेल हे बो प्रसिद्ध कृष्णा | 18 |
| माइकल ब्रेसवैल रन आउट | 16 |
| जाक फोक्स बो सिराज | 01 |
| क्रिस्टियन क्लार्क नाबाद | 24 |
| काइल जैमीसन नाबाद | 08 |

अतिरिक्त : 07

कुल योग : 50 ओवर में आठ विकेट पर 300 रन

विकेट पतन : 1-117, 2-126, 3-146, 4-170, 5-198, 6-237, 7-239, 8-281

गेंदबाजी: मोहम्मद सिराज 8-0-40-2, हर्षित राणा 10-0-65-2, वाशिंगटन सुंदर 5-0-27-0, प्रसिद्ध कृष्णा 9-0-60-2, कुलदीप यादव 9-0-52-1, रविंद्र जडेजा 9-0-56-0

**विराट मैन आफ द मैच**

**भारत-306/6 (49)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का ब्रेसवैल बो जैमीसन | 26 |
| शुभमन का फिलिप्स बो अशोक | 56 |
| विराट का ब्रेसवैल बो जैमीसन | 93 |
| श्रेयस अय्यर बो जैमीसन | 49 |
| जडेजा का क्लार्क बो जैमीसन | 04 |
| केएल राहुल नाबाद | 29 |
| हर्षित राणा का हे बो क्लार्क | 29 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 07 |

अतिरिक्त : 13

कुल योग : 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन

विकेट पतन : 1-39, 2-157, 3-234, 4-239, 5-242, 6-279

गेंदबाजी: काइल जैमीसन 10-1-41-4, जाक फोक्स 10-0-49-0, आदित्य अशोक 6-0-55-1, क्रिस्टियन क्लार्क 10-0-73-1, माइकल ब्रेसवेल 8-0-56-0, ग्लेन फिलिप्स 4-0-21-0, डेरिल मिचेल 1-0-7-0

एजेंसी ▸▸ वड़ोदरा

भारत ने विराट कोहली (93 रन) और कप्तान शुभमन गिल (56 रन) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 118 रन की साझेदारी से रविवार को यहां न्यूजीलैंड को शुरुआती एक दिवसीय मुकाबले में एक ओवर रहते चार विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (84), हेनरी निकोल्स (62) और डेवोन कॉनवे (56) के अर्धशतकों की मदद से आठ विकेट पर 300 रन बनाए।

भारत के लिए तेज गेंदबाज हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो दो विकेट लिए जबकि स्पिनरों में कुलदीप यादव को एक विकेट मिला। भारत ने कोहली (91 गेंद, आठ चौके, एक छक्का) की गिल (71 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ दूसरे विकेट के लिए शतकीय और श्रेयस य्यर (49 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी से 49 ओवर में छह विकेट पर 306 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की। केएल राहुल (नाबाद 29 रन, 21 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने 48वें ओवर की अंतिम तीन गेंद में से दो में चौके लगाकर स्कोर बराबर किया। फिर अंतिम गेंद पर छक्का लगाकर भारत को जीत दिलाई। उनके अलावा हर्षित राणा ने 23 गेंद में 29 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में एक मेडन से 41 रन देकर चार विकेट झटके। लेकिन क्षेत्ररक्षण में हुई कई चूक से टीम को काफी निराशा हुई। भारत के सुपरस्टार कोहली और रोहित शर्मा के बाद विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज डेरिल मिचेल अपनी जुझारू पारी से उम्मीदों पर खरे उतरे जिससे न्यूजीलैंड की टीम मध्य क्रम के लड़खड़ाने के बावजूद उबरने में सफल रही। न्यूजीलैंड ने नयी गेंद से अच्छी शुरूआत की जिससे पहले पांच ओवर में भारतीय टीम बिना विकेट गंवाए महज 15 रन ही बना सकी। लंबे कद के जैमीसन और जाक फोक्स (10 ओवर में 49 रन) ने अपनी गेंदों से रोहित और गिल को खुलकर नहीं खेलने दिया। रोहित ने छठे ओवर में फोक्स की शॉर्ट गेंद पर स्क्वायर लेग पर छक्का जड़कर हाथ खोले।

## डब्ल्यूपीएल

## यूपी वॉरियर्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी



एजेंसी ▸▸ नवी मुंबई


मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 12 जनवरी को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डि क्लर्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था। टीम को डि क्लर्क से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डि क्लर्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें।

### दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन

यूपी वॉरियर्स को अपने शुरुआती मैच में निराशा का सामना करना पड़ा, जिसमें सबसे बड़ा झटका ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा का खराब प्रदर्शन रहा। डब्ल्यूपीएल नीलामी में 3.2 करोड़ रुपए की सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी रहीं दीप्ति गुजरात जायंट्स के खिलाफ शनिवार को हुए दिन के मुकाबले में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहीं। यूपी वॉरियर्स 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 रन से हार गई, जिसमें दीप्ति बिना विकेट लिए रहीं और बल्लेबाजी में सिर्फ एक रन ही बना सकीं। टीम की नई कप्तान मेग लैनिंग चाहेंगी कि उनकी स्टार ऑलराउंडर जल्द ही लय में लौटे। इसके अलावा उन्हें शीर्ष क्रम में किरण नवगिरे और हरलीन देओल से ठोस योगदान की उम्मीद होगी। इस मैच में हालांकि ऑस्ट्रेलिया की युवा खिलाड़ी फोबे लिचफील्ड ने 78 रन की शानदार पारी खेल हार के अंतर को काफी कम किया। उनकी बल्लेबाजी से टीम को कुछ आत्मविश्वास जरूर मिला होगा।

## ला लिगा

## विलारियल ने एलवेस को हराया मोलेइरो ने दागा शानदार गोल



एजेंसी ▸▸ बार्सिलोना


अल्बर्टो मोलेइरो की शानदार खेल से विलरियाल ने ला लिगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच में एलवेस को 3-1 से हराकर लीग तालिका में तीसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। मोलेइरो ने मध्यांतर के बाद मैच का पहला और मौजूदा सत्र का अपना आठवां गोल दागा। अनुभवी स्ट्राइकर गेरार्ड मोरेनो ने 55वें मिनट में घरेलू टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। मोलेइरो ने इसके बाद टीम के तीसरे गोल की नींव रखी, जब उन्होंने दो डिफेंडरों के बीच से सटीक पास निकालकर जॉर्जिया के स्ट्राइकर जॉर्जेस मिकाउतादज़े के लिए मौका बनाया। मिकाउतादज़े ने गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। एलवेस की ओर से टोनी मार्टिनेज ने 85वें मिनट में गोल कर हार के अंतर कम किया। इस जीत के बाद विलारियाल में तालिका पर शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से आठ अंक और दूसरे स्थान पर मौजूद रियल मैड्रिड से चार अंक कम हैं। वहीं, वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से तीन अंक आगे है।



## मोर्टारा ने जीती रेस, महिंद्रा को दिलाया पहला पोडियम

एजेंसी ▸▸ मैक्सिको सिटी

एडुआर्डो मोर्टारा ने इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज के दूसरे दौर में दूसरा स्थान हासिल कर महिंद्रा रेसिंग को मौजूदा फॉर्मूला ई सत्र का पहला पोडियम स्थान दिलाया। इस भारतीय टीम के दूसरे ड्राइवर निक डी व्रीज हालांकि रेस पूरी नहीं कर सके। सिट्रोएन रेसिंग के निक कैसिडी ने शानदार रणनीति और बेहतरीन ड्राइव का प्रदर्शन करते हुए 12 स्थानों की छलांग लगाई और मोर्टारा तथा निसान के मौजूदा चैंपियन ओलिवर रोलैंड से आगे रहते हुए रेस जीत ली। मोर्टारा ने रेस के बाद कहा, 'निक ने वाकई शानदार रेसिंग की। रेस के बीच में हमें थोड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, जिससे आखिरी लैप्स में चुनौती देने का मौका नहीं मिल पाया। मैं दूसरे स्थान के साथ खुश हूं।' महिंद्रा रेसिंग शुरुआत से ही एफआईए की ओर से मान्यता प्राप्त इस विश्व चैंपियनशिप का हिस्सा रही है। टीम ने विचार-विमर्श के बाद 2026-27 से शुरू होने वाले सीरीज के 'जेन4' युग में भी भागीदारी जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।



फॉर्मूला ई

## कोहली में विश्व कप तक खेलने का जुनून : डोनाल्ड

एजेंसी ▸▸ केपटाउन



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज एलन डोनाल्ड ने माना कि विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से थोड़ी जल्दी संन्यास लिया लेकिन भारतीय स्टार बल्लेबाज में इतनी भूख और जुनून है कि वह 2027 के वनडे विश्व कप तक खुद को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बनाए रखेंगे। डोनाल्ड ने कहा, ' आप जानते हैं, मैंने फिटनेस और खेल को लेकर जज्बे के मामले में किसी खिलाड़ी में विराट जीतनी भूख नहीं देखी। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। मैं अक्सर ड्रेसिंग रूम में इस बारे में बात करता हूं कि वह खुद को फिट रखने के मामले में चैंपियन है। कोई भी उनके जितना मेहनत नहीं करता। वह किसी मशीन की तरह है। उन्होंने कहा, ' मुझे वास्तव में उन्हें टेस्ट मैचों में उनकी कमी महसूस होती है। मुझे लगता है उन्होंने थोड़ा जल्दी संन्यास लिया, लेकिन मुझे कोई संदेह नहीं कि हम उन्हें सीमित ओवर प्रारूप के क्रिकेट और विश्व कप में खेलते हुए देखेंगे।

## एसए20 लीगः एमआई केपटाउन ने जॉबर्ग सुपर किंग्स को हराया

# रिकेल्टन ने 55 गेंदों में मारी सेंचुरी,जड़े 8 चौके और 9 छक्के

एजेंसी ▸▸ जोहानिसबर्ग

■ रिकेल्टन ने खेली नाबाद 113 रन की आक्रामक पारी

रेयान रिकेल्टन की नाबाद 113 रन की आक्रामक पारी से एमआई केपटाउन ने एसए20 लीग में वांडरर्स मैदान पर जॉबर्ग सुपर किंग्स को 36 रन से हराकर अपने अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया। रिकेल्टन ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और नौ छक्के जड़े। वह इसके साथ इस लीग में दो शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने रासी वेन डर डुसेन (32 गेंद में 65 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 129 रन की साझेदारी कर टीम को तीन विकेट 234 रन तक पहुंचाया। इसके बाद जॉर्ज लिंडे (30 रन पर दो विकेट) और कगिसो रबाडा (34 रन पर दो विकेट) की कसी हुई गेंदबाजी ने सुपर किंग्स को पांच विकेट पर 198 रन पर रोक दिया। रिकेल्टन और डुसेन की साझेदारी के बाद निकोलस पूरन (14) और जैसन स्मिथ (दो) जैसे बड़े शॉट खेलने वाले बल्लेबाज तेजी से रन बनाने में नाकाम रहे। रिकेल्टन ने हालांकि अपनी पारी को जाया नहीं जाने दिया। उन्होंने नांद्रे बर्गर के एक ओवर में लगातार चौके और एक बड़ा छक्का जड़ते हुए 55 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। उन्हें अंतिम ओवरों में अफगानिस्तान के करीम जनत का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 11 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए।




### सुपर किंग्स की कमजोर पारी

जॉबर्ग सुपर किंग्स को उस समय बड़ा झटका लगा जब कप्तान फाफ डु प्लेसिस बल्लेबाजी के लिए उतर नहीं सके। इंग्लैंड के माइकल पेपर को पारी का आगाज करने के लिए भेजा गया,लेकिन एसए20 में उनकी पहली पारी ज्यादा देर नहीं चली। तीसरे ओवर की शुरुआत में रबाडा ने उन्हें चलता कर दिया। रबाडा और लिंडे ने मैथ्यू डी विलियर्स और वियान मुल्डर को पावरप्ले में ही पवेलियन की राह दिखाकर सुपर किंग्स की शीर्ष क्रम की कमर तोड़ दी। इसके बाद जेम्स विंस और उभरते सितारे डियान फॉरेस्टर ने चौथे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की। विंस के 43 गेंदों पर 77 रन (10 चौके, तीन छक्के) बनाकर आउट होने के बाद सारा दबाव फॉरेस्टर पर आ गया। फॉरेस्टर ने 42 गेंदों पर नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली लेकिन वह अपनी टीम को जीत की दहलीज तक नहीं पहुंचा सके।




# अमेरिका के साथ ट्रेड डील अधर में, हाई टैरिफ का असर कम करने के लिए भारत ने खोजे कई विकल्प, निर्यात गंतव्यों का विस्तार करना भी हुआ जरूरी

**भारत ने पिछले साल 4 ट्रेड समझौते किए या उन्हें लागू किया**

- अमेरिका के कड़े टैरिफ ने भारत की अन्य बाजारों में एंट्री करने या विस्तार करने की इच्छा को बढ़ाया है
- अमेरिका का रुख देखते हुए अब भारत के लिए अपने निर्यात गंतव्यों का विस्तार करना अनिवार्य हो गया है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अपने निर्यातकों के लिए बाजार खोलने और अमेरिका के ऊंचे टैरिफ के असर को कम करने के लिए तेजी से दूसरे देशों के साथ ट्रेड डील कर रहा है। भारत की अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने की कोशिशें अभी तक कामयाब नहीं हो पाई हैं।

अगस्त 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के लिए टैरिफ बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। यह एक ऐसा झटका है, जिससे नौकरियों के जाने का खतरा है। साथ ही भारत की मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट पावरहाउस बनने की महत्वाकांक्षा को भी नुकसान पहुंचा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विशेषज्ञों का कहना है कि इस दबाव ने भारत को अमेरिका से परे दूसरे देशों के बाजारों में तेजी से पांव फैलाने की ओर धकेल दिया है।


फाइल फोटो

भारत ने पिछले साल 4 ट्रेड समझौते किए या उन्हें लागू किया। इनमें ब्रिटेन के साथ एक बड़ा समझौता भी शामिल रहा। अब देश नई डील्स पर नजर गड़ाए हुए है। यूरोपीय संघ, यूरेशियन इकोनॉमिक यूनियन, मेक्सिको, चिली और दक्षिण अमेरिकी मर्कोसुर ट्रेड ब्लॉक के साथ या तो नए सौदों के लिए या मौजूदा समझौतों का विस्तार करने के लिए बातचीत चल रही है।

### अमेरिका का दावा: तेल के कारोबार से रूस हुआ मजबूत

*अमेरिका के कड़े टैरिफ ने भारत की अन्य बाजारों में एंट्री करने या विस्तार करने की इच्छा को बढ़ाया है। अमेरिकी टैरिफ का मकसद भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद को रोकना है। अमेरिका का मानना है कि तेल बिक्री से आने वाला पैसा रूस के यूक्रेन पर हमले को फाइनेंस करता है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका का रुख देखते हुए अब भारत के लिए अपने निर्यात गंतव्यों यानि एक्सपोर्ट डेस्टिनेशंस का विस्तार करना अनिवार्य हो गया है। भारत की अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का अनुमान है कि यूके ट्रेड डील अगले 3 सालों में भारत से ब्रिटेन को कपड़ों के निर्यात को दोगुना करने में मदद कर सकती है। यूरोपीय संघ के साथ संभावित समझौते से होने वाले फायदे और भी बड़े हो सकते हैं। छोटे समझौते भी मायने रखते हैं।*

**अमेरिकी वाणिज्य सचिव के दावे को विदेश मंत्रालय ने नकारा**

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पीयूष गोयल ने बताई अंदर की बात, बोले- देश पर भरोसा रखें

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल में रविवार को कहा कि भारत पर भरोसा रखें, किसी भी दूसरे देश के बयानों पर न जाएं। गोयल का ये बयान विदेश मंत्रालय के उस अटलकों के खारिज करने के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। हाल ही में अमेरिका के कॉमर्स सेकेट्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा था कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील इसलिए नहीं हो पाई क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को फोन नहीं किया। ट्रेड बातचीत फेल हो गई, जबकि वॉशिंगटन आगे बढ़ गया।


■ गोयल ने कहा ट्रेड डील की चर्चा गोपनीय रहेगी

**खबर संक्षेप**

### भारत श्रीलंका की मदद करने को तैयार

**कोलंबो।** चक्रवात प्रभावित श्रीलंका में भारत की वित्तीय मदद से तैयार पहला 'बेली ब्रिज' रविवार को यातायात के लिए खोल दिया गया। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी। उच्चायोग ने बताया कि 100 फुट लंबे इस 'बेली ब्रिज' का निर्माण भारतीय सेना ने किया है और इसके खुलने से मध्य प्रांत व उवा प्रांत के बीच एक महत्वपूर्ण सड़क संपर्क बहाल हो गया। 'बेली ब्रिज' आसानी से ले जाए जाने योग्य एक पूर्वनिर्मित पुल होता है, जिसके हिस्सों को तेजी से जोड़कर पुल का रूप दिया जाता है।



### शंघाई में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**बीजिंग।** चीन के शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया जिसमें इस देश के पूर्वी हिस्से में स्थित शीर्ष विश्वविद्यालयों के हिंदी के छात्रों और शिक्षकों ने हिस्सा लिया। शंघाई में भारत के महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी हमें सीमाओं से परे जोड़ती है। पोस्ट के मुताबिक, माथुर ने हिंदी की गरिमा और गौरव को उजागर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश पढ़ा, हिंदी केवल एक भाषा नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली कड़ी है।



**आतंकी सैफुल्लाह कसूरी ने पाक में स्कूली बच्चों को दिए भाषण में भारत के खिलाफ उगला जहर**

# दुनिया के सामने फिर से खुल गई पाकिस्तानी सेना और आतंकियों के नापाक गठजोड़ की पोल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान की सेना और उसके पाले हुए आतंकवादियों के बीच सांठगांठ की एक बार फिर से दुनिया के सामने पोल खुल गई है। हाल ही में लश्कर-ए-तैयबा के उप-प्रमुख और पिछले साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के मास्टरमाइंड आतंकवादी सैफुल्लाह कसूरी ने अपने एक वीडियो के माध्यम से भारत के खिलाफ जहर उगला है। सोशल मीडिया पर इसकी काफी चर्चा हो रही है। जिसमें आतंकी कसूरी पाकिस्तान में स्कूल के छोटे बच्चों को यह कहता हुआ नजर आ रहा है कि उसका और पाकिस्तानी सेना का रिश्ता लंबे वक्त से कितना मजबूत बना हुआ है? वो उसे पाकिस्तान के सैनिकों की अंतिम यात्रा में जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए भी बुलाते हैं। भारत भी मुझसे डरता है...

### भारत कई बार उजागर कर चुका सच्चाई

गौरतलब है कि भारत बीते वर्षों में कई बार दुनिया के सामने पाक सेना और उसके आतंकियों के गठजोड़ की काली सच्चाई को उजागर कर चुका है। हो सकता है कि लश्कर के आतंकी सैफुल्लाह के इस नए खुलासे से पड़ोसी दुश्मन देश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भविष्य में नकेल कसी जाए। लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकियों ने पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिया था। जिसमें इन्होंने केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सीमा को पार किया और पहलगाम में कुल 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर बेहद निर्ममता के साथ हत्या कर दी थी। जवाब में भारत ने 7 से 10 मई 2025 तक ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद 9 आतंकी शिविरों को नेस्तनाबूद कर दिया था। जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के 100 से ज्यादा आतंकवादियों को मार गिराया गया।

**पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड आतंकी कसूरी की नापाक चाल**



इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पाकिस्तान ने अपने सैनिकों के जनाजे की अंतिम नमाज पढ़ाने के लिए सैफुल्लाह समेत इन संगठनों के आतंकियों को विशेष तौर पर आमंत्रित किया था।

### भारत ने अपनाई जीरो टॉलरेंस की नीति

भारत के कड़े एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने बड़ी तादाद में पश्चिमी-सीमा पर कई ड्रोन और मिसाइलों के साथ भारत पर बड़ा हमला बोला था। लेकिन दुश्मन की एक भी चाल कामयाब नहीं हुई और उसे बुरी तरह से मार खानी पड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने पाकिस्तान को साफ शब्दों में यह संदेश भी दे दिया है कि अगर उसने भविष्य में सीमा पार से आतंकियों को भेजकर कोई नापाक कार्रवाई करने की कोशिश की तो उसे उसका तुरंत करारा जवाब मिलेगा। भारत हर हाल में आतंकियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर चलेगा।

### भारत पर हमले की फिराक में आतंकी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी पाकिस्तानी आतंकियों की भारत के खिलाफ जारी इस तरह की बयानबाजी से यह साफ हो जाता है कि अभी भी उनकी अक्ल पूरी तरह से ठिकाने पर नहीं आई है और वो भारत पर एक बार फिर से हमला करने की योजना बना रहे हैं। इसकी ताजा मिसाल पिछले साल नवंबर महीने में राष्ट्रीय राजधानी के लाल किले पर हुई आतंकी हमले की घटना के रूप में सबके सामने है। जिसके तार अंत में पाकिस्तान से ही जुड़ते हुए नजर आए थे। उधर, आतंकी सैफुल्लाह कसूरी के इस वीडियो से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाक की काफी बदनामी हो रही है। संभव है कि भविष्य में इसे आधार बनाकर वैश्विक संगठन उसके खिलाफ कार्रवाई करें।

**आज से भारत दौरे पर जर्मनी के चांसलर...**

# प्रधानमंत्री मोदी और जर्मनी के चांसलर के बीच अहमदाबाद में होगी बैठक

द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, निवेश, जटिल तकनीक और रक्षा सहित चिंताजनक वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच सोमवार से जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की दो दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा की शुरुआत होगी। जिसमें अहमदाबाद में दोनों नेताओं के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक होगी।

जिसमें भारत-जर्मनी के व्यापक द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न पहलुओं जैसे व्यापार, निवेश, जटिल तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों के साथ ही वर्तमान में चिंताजनक बनी हुई अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों के मामले पर भी गंभीरता के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा।

यहां बता दें कि जर्मनी के चांसलर की ये भारत यात्रा एक ऐसे समय पर हो रही है। जब वैश्विक स्तर पर अमेरिका ने अपनी सेना भेजकर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को अगवा कर हालात को तनावपूर्ण बना दिया है। वहीं, भारत पर वाशिंगटन डीसी ने पहले ही रूस से जारी तेल की खरीद को लेकर 50 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है, जिसे 500 फीसदी तक करने की धमकी दी जा रही है। चांसलर मर्ज 12 से 13 जनवरी तक भारत में रहेंगे। ये उनका एशिया का पहला दौरा होगा।


फाइल फोटो

### वार्ता में शामिल होगा यूक्रेन का मुद्दा


जिसमें दोनों देशों के नेताओं के बीच यूक्रेन में शांति स्थापित करने के उपायों पर भी बैठक में चर्चा संभव है। अहमदाबाद के बाद जर्मनी के चांसलर बेंगलुरु जाएंगे। पीएम मोदी के साथ बातचीत के अलावा चांसलर मर्ज साबरमती आश्रम को देखने के लिए भी जाएंगे। जहां पर वह पतंग उत्सव में शिरकत करेंगे, उनकी अहमदाबाद में कौशल विकास से जुड़े एक कार्यक्रम में भागीदारी भी देखने को मिलेगी। जर्मनी यूरोप में भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है। जिसे यूरोपीय संघ में भारत का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार कहा जाता है। दोनों देशों के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 51.23 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इसमें 12 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है।

**मेजर जनरल को लगभग 3 दशक से अधिक का सैन्य अनुभव**

# मेजर जनरल बलेंदु नेगी ने संभाला सेना में महाधिवक्ता का कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मेजर जनरल बलेंदु सिंह नेगी ने भारतीय सेना में महाधिवक्ता (जज-एडवोकेट-जनरल) के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा देहरादून के राजा राममोहन राय अकादमी से प्राप्त की। 22 अगस्त 1992 को चेन्नई स्थित अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) के माध्यम से वह सेना में कमीशन हुए थे। जबकि उनके सैन्य जीवन की शुरुआत 4 मराठा लाइट इन्फेंट्री के साथ दुनिया के सबसे ऊंचे रणक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर के अत्यंत जटिल उत्तरी क्षेत्र से हुई। सेना में मेजर जनरल नेगी को लगभग तीन दशक से अधिक का सैन्य अनुभव है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि नए साल में मेजर जनरल नेगी ने सेना में महाधिवक्ता के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया था। इससे पहले उन्होंने बल में विभिन्न स्तरों पर महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों (कोर, कमांड और सेना मुख्यालय के स्तर पर) के दौरान अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। घरेलू स्तर से लेकर उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव है।



### सर्वोच्च मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किया

मंत्रालय ने कहा कि सेना के एकीकृत मुख्यालय में मेजर जनरल नेगी ने उप-जेएजी (मुकदमेबाजी), उप-जेएजी (कोर्ट मार्शल), संयुक्त जेएजी व अतिरिक्त जेएजी (मुकदमेबाजी) जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। इन अहम पदों पर उन्होंने उच्च-दांव वाली मुकदमेबाजी का संचालन किया और कोर्ट मार्शल कार्यवाहियों की निगरानी की। साथ ही सैन्य न्याय के सर्वोच्च मानकों के अनुपालन को भी सुनिश्चित किया है। घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने का भी वरिष्ठ सैन्य अधिकारी को भी अनुभव रहा है। जिसमें अफ्रीका के बोत्सवाना में सेना की प्रशिक्षण टीम के सदस्य के रूप में उन्होंने प्रतिष्ठित विदेशी नियुक्ति संभाली। इस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से सेना की विशेषज्ञता, सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का आदान-प्रदान किया तथा अंतरराष्ट्रीय सैन्य सहयोग, प्रशिक्षण पद्धतियों का मूल्यवान अनुभव प्रदान किया।

**कच्चा तेल लेकर रूस जा रहा था टैंकर**

# हिरासत में लिए 3 भारतीय यूएस कब क्रू मेंबर्स को करेगा रिहा?



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

वेनेजुएला से निकले एक तेल टैंकर को बीते दिनों अमेरिकी कोस्ट कार्ड ने जब्त कर लिया था। इस घटना के बाद रूस और अमेरिका के बीच तनाव है। वहीं, ताजा जानकारी के मुताबित, इस तेल टैंकर जहाज में कुल 28 क्रू मेंबर्स सवार थे, जिनमें तीन भारतीय, 20 यूक्रेनी, 2 रूसी और छह जॉर्जियाई हैं। इनमें से दोनों रूसी क्रू मेंबर्स को रिहा कर दिया गया है, जबकि बाकी क्रू मेंबर्स अभी भी अमेरिका की हिरासत में हैं। अब पता चला है कि तीन भारतीयों में एक का नाम रिक्षित चौहान है, जो हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। टैंकर, जिसका नाम पहले बेला 1 था, रूसी झंडे के नीचे चल रहा था और इसे एक प्राइवेट ट्रेडर ने किराए पर लिया था। बताया जा रहा है कि इसमें वेनेजुएला से जुड़ा कच्चा तेल था और यह रूस जा रहा था। तभी इसे रोक लिया गया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109